फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 13 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 116, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री 14

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा 13

रमज़ान मुबारक
(पीलीभीत)
दूसरा रोज़ा इफ्तार 13 मार्च 2024 | तीसरा रोज़ा सहरी 14 मार्च 2024
सुन्नी - 06:21 बजे | सुन्नी - 05:01 बजे
शिया - 06:30 बजे | शिया - 04:51 बजे
(लखीमपुर)
दूसरा रोज़ा इफ्तार 13 मार्च 2024 | तीसरा रोज़ा सहरी 14 मार्च 2024
सुन्नी - 06:16 बजे | सुन्नी - 04:44 बजे
शिया - 06:27 बजे | शिया - 04:48 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

LAST DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/- प्रतिदिन

एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को सौंपा बॉण्ड का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने 12 मार्च तक का दिया था समय

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड का विवरण सौंपा।

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के विवरण सौंपने का आदेश दिया था। आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी। निर्वाचन आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उच्चतम न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च, 2024 के आदेश के सिलसिले में एसबीआई ने निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड पर विवरण सौंपा है। एसबीआई ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया था।

मुस्लिमों को भी नागरिकता के आवेदन की मिले अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

सीएए को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को एक अर्जी दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित रहने तक नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के अमल पर रोक लगाने का केंद्र को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित नियमों को अधिसूचित करके सीएए लागू किए जाने के एक दिन बाद यह अर्जी दायर की गई है।

सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किए जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का शीर्ष अदालत से आग्रह किया गया है कि मुस्लिम समुदाय के लोगों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने की अस्थायी अनुमति दी जाए और उनकी पात्रता पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। 'डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने भी एक पृथक याचिका दायर करके सीएए पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत पहले से ही सीएए की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर विचार कर रही है।

भारतीय नागरिकता चाहने वालों के लिए पोर्टल लॉन्च

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने के पात्र लोगों के लिए मंगलवार को एक पोर्टल लॉन्च किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। यह कदम सरकार द्वारा सीएए 2019 के कार्यान्वयन के लिए नियमों को अधिसूचित करने के एक दिन बाद आया है। प्रवक्ता ने कहा कि सीएए-2019 के तहत नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 अधिसूचित कर दिए गए हैं और एक नया पोर्टल 'लॉन्च' किया गया है। सीएए-2019 के तहत पात्र व्यक्ति इस पोर्टल पर नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

जल्द ही मोबाइल एप भी शुरू करेगा गृह मंत्रालय

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियमों के तहत भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों की सहूलियत के लिए जल्द ही एक मोबाइल एप शुरू किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस अधिनियम के तहत नियमों के बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोगों की सहूलियत के लिए सीएए 2019 मोबाइल एप जल्द ही शुरू किया जाएगा।

खट्टर का इस्तीफा, सैनी नए सीएम

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने के बीच बदले हरियाणा के मुख्यमंत्री

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी



- राज्यपाल ने नई सरकार के पांच मंत्रियों को भी दिलाई शपथ

लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और कुछ ही देर बाद भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हरियाणा में यह फेरबदल सत्तारूढ़ भाजपा-जजपा गठबंधन के टूटने के बीच किया गया है। जजपा के नेता दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री थे और खट्टर के नेतृत्व वाली सरकार में उनकी पार्टी के दो अन्य मंत्री थे।

सैनी के साथ भाजपा के चार और एक निर्दलीय विधायक ने मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि पूर्व गृह मंत्री और अंबाला छावनी से छह बार के विधायक अनिज विज को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिली। ओबीसी नेता सैनी (54) को यहां राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शपथ दिलाई। भाजपा के कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, जय प्रकाश दलाल व बनवारी लाल और निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने मंत्री पद की शपथ ली। ये पांचों निवर्तमान खट्टर मंत्रिमंडल में भी थे। जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला, दविंदर बबली और अनूप धानक खट्टर मंत्रिमंडल में अन्य मंत्री थे। इस बीच, सैनी ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को 48 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा है और उनसे बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाने का अनुरोध किया है ताकि भाजपा नेतृत्व की सरकार सदन में अपना बहुमत साबित कर सके।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्टूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था।

मुख्यमंत्री के रूप में खट्टर का दूसरा कार्यकाल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव के साथ खत्म होना था। इसी बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटे बाद मनोहर लाल खट्टर ने संकेत दिया कि पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। सत्तारूढ़ गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। बहुमत के लिए 46 विधायकों की आवश्यकता है। जजपा का समर्थन न होने पर भी भाजपा सहज स्थिति में है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 30 विधायक हैं और इंडियन नेशनल लोकदल तथा हरियाणा लोकहित पार्टी का एक-एक विधायक है।

मोहन यादव की दी रिपोर्ट पर हरियाणा के बदले समीकरण

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- जाट बंटे 4 खेमों में, ओबीसी पर बीजेपी ने लगाया दांव

अमृत विचार : भाजपा ने खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बना कर ओबीसी वोट बैंक पर बड़ा दांव चला है। दुष्यंत की जननायक जनता पार्टी भी टूट गई है और जाट चार खेमों में बट गए हैं। यह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की एक रिपोर्ट के बाद हुआ है।

पिछले दिनों मोहन यादव ने हरियाणा में एक राजनीतिक दौरा किया था। उसकी रिपोर्ट हाई कमान को सौंपी थी। हिसार के भाजपा सांसद चौधरी वीरेंद्र सिंह का इस्तीफा एवं सरकार में शामिल जजपा द्वारा हिसार सहित दो सीटों पर अपने उम्मीदवारों की मांग भी इस फेरबदल का बड़ा कारण बना। हरियाणा में भाजपा ने सभी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करने का फैसला लिया था। सोमवार को जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के दुष्यंत को हिसार सीट देने की बात कही थी मगर वे दो सीटों की मांग पर अड़े हुए थे। हाई कमान को यह भी जानकारी मिल चुकी थी कि जाट बाहुल्य हरियाणा में इस समय यह वोट बैंक कर खेमों में बैठा हुआ है। जजपा से दुष्यंत चौटाला, इंडियन नेशनल लोकदल से अभय चौटाला, कांग्रेस से भूपेंद्र हुड्डा एवं बीजेपी से अभिमन्यु उक्त वोट बैंक का पर अपना अपना दावा कर रहे हैं। इसी बीच दुष्यंत से नाराज चल रहे जेजेपी के कुछ विधायक लगातार भाजपा के संपर्क में थे। गठबंधन से अलग होने के बाद जब दुष्यंत ने अपने 10 विधायकों की बैठक बुलाई तो उसमें आधे विधायक नदारद थे। सूत्रों से यह भी पता चला है कि पांच विधायकों के दल को विधानसभा अध्यक्ष अलग मान्यता दे देंगे। गठबंधन से अलग हुए दुष्यंत चौटाला ने दावा किया है कि जजपा लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध करेगी। बीजेपी को मुख्यमंत्री के पद पर नायब सैनी की ताजपोशी का भी फायदा मिलने का अनुमान है। क्योंकि हरियाणा में नए जातीय समीकरण के तहत ओबीसी की संख्या लगातार बढ़ रही है।

विरासत को संजोते हुए बढ़ रहा प्रदेश : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने शहरी विकास से जुड़ी 11 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है, जो विकास भी करता है और विरासत को संरक्षित भी करता है। युवाओं के आजीविका की व्यवस्था करता है और आमजन की आस्था को सम्मान भी देता है। राज्य में सुरक्षा का बेहतर माहौल देता है तो समृद्धि के नित नए सोपान की ओर से अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नगर विकास विभाग की 11 हजार करोड़ रुपये की 3419 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। राज्य सरकार ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर की शुरुआत की। 3067 करोड़ की लागत से दस बस स्टेशनों के नव निर्माण और पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया गया, जबकि 1048 करोड़ की लागत से बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण किया गया।

प्रदेश को मिलीं 3 नई वंदे भारत, एक का विस्तार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में शामिल रहे। योगी ने उप्र. में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। माना जा रहा है कि वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ने से इन स्थानों पर यात्री अब और अधिक सुविधा के साथ अपने गंतव्य को पहुंच सकेंगे।

एक नजर

संजय सिंह की याचिका पर 19 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की एक याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत देने से इनकार करने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति, दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ को बताया कि वे सिंह की याचिका पर आज जवाब दाखिल करेंगे।

चार राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों की साठगांठ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में छापे मारे। इस मामले में एनआईए द्वारा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 स्थानों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था कि आतंकवाद और माफिया के इस प्रकार के नेटवर्क और उनकी मदद करने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हालिया महीनों में कई लक्षित रणनीतियां अपनाई हैं।

कांग्रेस की दूसरी सूची जारी, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों को दिया टिकट

नई दिल्ली, ब्यूरो

लोकसभा चुनाव

- वैभव गहलोत जालौर, नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लड़ेंगे चुनाव
- उत्तराखंड से प्रदीप टम्टा सहित तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटों एवं हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए एक सांसद को टिकट दिया है। दूसरी सूची में 6 राज्यों के 43 नाम है। जिसमें उत्तराखंड, असम, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान व दमन दीव शामिल हैं।

दूसरी सूची में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ को छिंदवाड़ा से एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालौर से टिकट मिला है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा सीट से प्रदीप टम्टा को फिर टिकट मिला है। भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में आए सांसद राहुल कस्वा को चूरू से टिकट मिला है। बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह बरैया को मध्य प्रदेश के भिंड से टिकट मिला है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष सूची जारी करते हुए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि 43 उम्मीदवारों में 13 पिछड़ा वर्ग, 10 सामान्य, 10 अनुसूचित जाति, एवं 9 अनुसूचित जनजाति एवं एक मुस्लिम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा सुरक्षित सीट से प्रदीप टम्टा, पौड़ी गढ़वाल से गणेश गोदियाल एवं टिहरी गढ़वाल से जोत सिंह को टिकट दिया है। 43 उम्मीदवारों में उत्तराखंड से 3, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से 10-10, असम से 12, गुजरात से 7 एवं दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम है।

सरकार ने बनाई न्यूज़ एजेंसी शुभारंभ आज

- समाचार माध्यमों को फ्री में मिलेंगे समाचार

नई दिल्ली, ब्यूरो। केंद्र सरकार ने समाचार एजेंसियों की तर्ज पर अपनी न्यूज़ एजेंसी का सृजन किया है। इसका शुभारंभ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर आज करेंगे। सरकारी न्यूज़ एजेंसी शुरू करने की संरचना प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने तैयार की थी। लोकसभा चुनाव से पहले यह न्यूज़ एजेंसी ऑनलाइन हो जाएगी। अखबार, मैगजीन, यू ट्यूबर, डिजिटल मीडिया आदि इस एजेंसी के माध्यम से फ्री सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

नए मंत्रियों को मिले विभाग, ओमप्रकाश को अहमियत, दारा चौहान का कद घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ओमप्रकाश को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ, दारा चौहान को मिला केवल कारागार
- कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से वापस लेकर दो विभाग सौंपे

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चारों नए कैबिनेट मंत्रियों को विभाग सौंपने में मंगलवार को उनके कद का भी ध्यान रखा गया। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज के साथ हज व मुस्लिम वक्फ विभाग देकर अहमियत दी तो दलबदल में माहिर दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग देकर कद घटाया। कैबिनेट मंत्री योगेश शर्मा और अनिल कुमार को योगेश उपाध्याय से दो विभाग वापस लेकर सौंपा गया है। बंटवारे में धर्मपाल सिंह और धर्मवीर प्रजापति के विभाग भी प्रभावित हुए हैं।

राज्य सरकार ने बीते पांच मार्च को दूसरी बार मंत्रिमंडल विस्तार किया था। चार नए कैबिनेट मंत्री बनाए गए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का बंटवारा कर दिया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण और हज व मुस्लिम वक्फ विभाग सौंपा गया। दारा सिंह चौहान को कारागार विभाग। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग और अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति अब नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री होंगे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को दिया गया पंचायती राज विभाग पहले भूपेंद्र चौधरी के पास था, जिसे उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद छोड़ दिया था।

ईडी ने लालू के करीबी के परिसरों पर छापे मारे

नई दिल्ली, एजेंसी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद के परिवार के कथित करीबी सहयोगी अमित कात्याल द्वारा प्रवर्तित एक रियल्टी और शराब कंपनी के खिलाफ धनशोधन जांच के सिलसिले में मंगलवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विभिन्न परिसरों पर छापे मारे। कात्याल को पिछले वर्ष ईडी ने कथित नौकरी के बदले रेलवे भूमि घोटाले में गिरफ्तार किया था। इस घोटाले में प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, बेटी एवं सांसद मीसा भारती एवं कुछ अन्य कथित रूप से संलिप्त हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली गुरुग्राम और सोनीपत में कृष्ण बिल्डटेक प्रा.लि. के 27 परिसरों की तलाशी की जा रही है।

रांची में कांग्रेस विधायक के 17 ठिकानों पर छापा

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने झारखंड में मंगलवार को एक साथ रांची में कई ठिकानों पर छापामारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम कांग्रेस की महिला नेता और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य लोगों के कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। ईडी की टीम जमीन और बालू से जुड़े मामले को लेकर सीओ और विधायक के ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता और विश्वास का गवाह

पोखरण (राजस्थान), एजेंसी

भारत शक्ति : प्रधानमंत्री मोदी ने देखा तीनों सेनाओं की क्षमताओं का प्रदर्शन

- स्वदेश निर्मित हथियारों ने दिखाई अपनी ताकत

राजस्थान में यहां मंगलवार को 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है। सेना के तीनों अंगों का समन्वित अभ्यास पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में करीब 50 मिनट तक हुआ, जहां भारत ने अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया।

हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने आसमान में गर्जना की और अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर एमके-4 ने उड़ान भरी, जबकि मुख्य लड़ाकू टैंक अर्जुन और के-9 वज्र, धनुष तथा सारंग तोपखाना प्रणालियों ने जमीन पर गोलाबारी की। पिनाक उपग्रह प्रणाली जैसे प्लेटफॉर्म और कई ड्रोन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत शक्ति अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया। मोदी ने कहा कि पोखरण भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म-गौरव का गवाह बन गया है।

यह अभ्यास जैसलमेर शहर से करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर किया गया, जिस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि इतने व्यापक स्तर पर किया गया अपनी तरह का यह पहला अभ्यास है जो किसी (उत्तरी या पश्चिमी सीमा की) दिशा या किसी विरोधी के प्रति निर्देशित नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को कहा था कि यह स्वदेश में तैयार किए गए समाधानों के जरिए समकालिक और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने एवं उनसे निपटने की भारत की तैयारियों का एक स्पष्ट संकेत देते है। साथ ही भारत शक्ति वैश्विक स्तर पर देश की रक्षा क्षमताओं की मजबूती और इसमें नवाचार को प्रदर्शित करता है।

लड़ाकू विमान तेजस क्रैश, पायलट सुरक्षित

जैसलमेर/नई दिल्ली। वायुसेना का एक हल्का लड़ाकू विमान तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने बताया कि विमान का पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया गया है। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना पोकरण से लगभग 100 किमी दूर हुई। यहां मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मेगा युद्ध अभ्यास 'भारत शक्ति' चल रहा था। सैन्य सूत्रों ने संकेत दिया कि तेजस जेट को इस अभ्यास का हिस्सा बनना था।

एक नजर

कोटे की दुकानों पर 15 से शुरू होगा राशन वितरण

पीलीभीत। इस बार 15 से 29 मार्च तक राशन का वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि फ्री राशन वितरण की तारीख शासन ने तय कर दी गई है। 15 से 29 मार्च तक राशन वितरण किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलोग्राम गेहूं, 14 किलोग्राम चावल, सात किलोग्राम बाजरा निशुल्क दिया जाएगा। प्रति कार्ड तीन किलोग्राम चीनी के 54 रुपये लिए जाएंगे। इसी तरह पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को पिछले माह फरवरी में दिए गए बाजरे को डबल कर दिया गया। इस बार प्रति यूनिट दो किलोग्राम चावल, दो किलोग्राम बाजरा और एक किलोग्राम गेहूं निशुल्क होगा।

शानो शौकत से मनाया शेख सैयद का उर्स

बरखेड़ा। भैंसहा ग्वालपुर गांव स्थित शेख सैयद रहमतुल्लाह अलैह मजार पर 14 वां उर्स मनाया गया। कुरान शरीफ की तिलावत, मिलाद शरीफ के साथ चादरपोशी की गई। जायरीनों ने शेख सैयद रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर दुआ मांगी। देर शाम उर्स का समापन हो गया। इस मौके पर गद्दीनशीन तसलीम शाह, हनीफ कुरैशी, अनवार कुरैशी, असलम कुरैशी, बशीर अहमद, इमरान कुरैशी, मोहम्मद अनस कुरैशी आदि रहे।

संभलकर खाएं गुजिया.. बाजार में सक्रिय हैं मिलावटखोर

होली नजदीक, एफएसडीए के अफसरों को अभियान चलाने के लिए शासन के आदेश का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: होली नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। बाजारों में मिलावटी मावा, पनीर और रंगीन कचरी-पापड़ा की भरमार है। मगर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अभी तक अभियान की कोई योजना नहीं बनाई है।

जिम्मेदार अधिकारियों को शासन के आदेश का इंतजार है। इसलिए लोग खाने पीने की चीजें खरीदते समय खुद सावधानी बरतें। मुनाफाखोर कमाई के लालच में त्योहारों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट बढ़ा देते हैं। मिलावटी चीजें खाने से कई बार लोग बीमार पड़ जाते हैं। मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए शासन-प्रशासन कई जरूरी निर्देश जारी करता है। इनका पालन कराने की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की होती है। एफएसडीए के अफसरों को बाजार में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने और आम जनता में उसके प्रति जागरूकता पैदा करने की जिम्मेदारी दी गई है। मगर धरातल पर एफएसडीए की कार्रवाई कागजी आंकड़ेबाजी तक सीमित रहती है। इससे बड़े मिलावटखोर सीजन का पूरा फायदा उठा लेते हैं।

इधर, होली का पर्व नजदीक है। त्योहार के दिनों में मिलावटखोर मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बाजारों में एक बार फिर से तेल, मसाले, दाल, दूध, रिफाइंड, खोवा, पनीर आदि में मिलावट बड़े पैमाने पर शुरू हो चुकी है। जानकारों के अनुसार मिलावटखोरों ने अपने धंधे को अंजाम देने के लिए मिलावटी खाद्य पदार्थों को एक-दो माह पहले ही बाजारों में खपाना शुरू कर दिया था। पिछले कुछ महीनों में एफएसडीए की टीम ने नमूने लिए गए थे। प्रयोगशाला में जांच कराने पर पनीर के चार नमूने फेल पाए गए थे।

शहर में एक दुकान में रखीं मिठाइयां। ● अमृत विचार

मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते हैं। गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। होली पर्व के मद्देजर शासन की गाइडलाइन का इंतजार है। मिलावटखोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
– शशांक त्रिपाठी, अभिहीत अधिकारी

● बाजार में आया मिलावटी मावा, पनीर और रंगीन कचरी-पापड़

मावा में सिंथेटिक दूध, कचरी-पापड़ में हानिकारक रंग

होली पर मावा की बिक्री अच्छी खासी बढ़ जाती है। हर साल की तरह असली के बीच मिलावटी मावा बाजार में खपाने की तैयारी कर ली गई है। शहर के अलावा बीसलपुर क्षेत्र में मावा की बड़ी मंडी है। यहां से जनपद ही नहीं, शाहजहांपुर, बरेली, लखीमपुर समेत आसपास के अन्य जिलों को मावा सप्लाई किया जाता है। गुणवत्ता की गारंटी मौखिक रूप से तो हर दुकानदार देता है, लेकिन मिलावटी होने का प्रमाण बीते सालों में लिए जा चुके नमूनों की जांच रिपोर्ट आने पर हुई है।एफएसडीए के अधिकारियों की मानें तो मिलावटी मावा बनाने में सिंथेटिक दूध, सिंघाड़े का आटा, आलू, वेजिटेबल घी और मैदा का इस्तेमाल किया जाता है। होली पर कचरी, पापड़ की डिमांड बढ़ जाती है। कचरी, पापड़ में विभिन्न रंग मिलाए जाते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। करीब तीन साल पहले होली पर बड़ी मात्रा में कचरी फैक्ट्री पकड़ी भी गई थी। इसके अलावा सर्वाधिक नमूने दूध को लेकर भी फेल हो चुके हैं। जिसमें डिटर्जेंट और रिफाइंड की मिलावट जांच में कई बार मिल चुकी है।

बड़े धंधेबाजों पर मेहरबानी, छोटों पर कार्रवाई

मिलावटखोरी रोकने के लिए त्योहारों पर एफएसडीए छापामार कार्रवाई करती है। मगर उनके निशाने पर छोटे दुकानदार रहते हैं। हर साल टीमें दूधिया, छोटे किराना व्यापारी, सड़क किनारे या गांव देहात में मिठाई की दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई करके अपने आंकड़े पूरे करती हैं। किसी बड़े धंधेबाज के यहां छापामार कार्रवाई नहीं की जाती। अगर टीम किसी दबाव में पहुंच भी गई तो उन्हें क्लीन चिट या फिर चेतावनी नोटिस देकर मामला निपटा दिया जाता है।

कार्रवाई का यह है नियम

एफएसडीए द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाए जाते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर सैंपल लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजती है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संबंधित कारोबारी को नोटिस भेजा जाता है। नोटिस के जवाब के लिए 30 दिन का इंतजार किया जाता है। फिर इसके बाद वाद दायर किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में दो से तीन महीने लग जाते हैं। यानी जब तक सैंपल की जांच रिपोर्ट आती है तब तक दुकानदार मिलावटी माल खपा देते हैं।

एफएसडीए ने एक साल में की कार्रवाई

निरीक्षण	1816
छापा	241
नमूने लिए	241
नमूनों की जांच रिपोर्ट आई	282
अधोमानक	125
असुरक्षित	15
मिथ्याछाप	11
मानक विरुद्ध	06

पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की मारपीट की रिपोर्ट

माधोटांडा, अमृत विचार: घर में घुसकर महिला व उसके परिवार वालों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज की है।

रिपोर्ट के अनुसार गांव अभयपुर ताल्लुके शाहगढ़ निवासी मीना देवी ने बताया कि उसके घर पर मंदिर बना है। इसके पास ही सरकारी हैंडपंप लगा है। पड़ोस के रहने वाले कुछ लोग आए दिन नल पर गंदगी फैला देते थे। इसी को लेकर कहासुनी होती रहती। आठ नवंबर 2023 की शाम पीड़िता घर पर थी। इस बीच आरोपी रामसनेही, भगवान दास, बबलू, लालता प्रसाद व सतीश कुमार लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। बचाने आए परिवार के सदस्यों को भी पीटा। थाना पुलिस और एसपी से शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। सिर्फ आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। तब जाकर कोर्ट की शरण ली। एसओ अचल कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

बच्चे अब कहीं भी करा सकते हैं टीकाकरण

संवाददाता, पूरनपुर

● यू-विन पोर्टल पर फीड किया जाएगा नियमित टीकाकरण का डाटा

● बीमारियों से बचाव के लिए गर्भवती महिला और बच्चों को लगाए जाते हैं टीके

अमृत विचार : घरों से दूर रहने वाले बच्चे अब किसी भी एएनएम केंद्र पर जाकर टीकाकरण करा सकेंगे। इसके लिए यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण का विवरण अपलोड किया जाएगा। डाटा अपलोड करने के लिए एएनएम को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बुधवार से यह पोर्टल शुरू होगा।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अन्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाएं और बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को टीडी और पांच साल तक के बच्चों को पेंटा, बीसीजी, एफआईपीबी, बीपीटी, जेई, एमआर आदि के टीके लगाए जा रहे हैं। ये टीके गर्भवती महिलाओं को टिटनेस, बच्चों को काली खांसी, गलाघोंटू, खसरा, जापानी बुखार आदि से बचाए रखते हैं। टीकाकरण शुरू करने पर एएनएम द्वारा कार्ड बनाकर दिया जाता है।

इसमें टीके से संबंधित जानकारी अंकित होती है। इससे भविष्य में टीकाकरण में आसानी रहती है। स्वास्थ्य विभाग ने इस टीकाकरण प्रक्रिया को भी हाई टेक कर दिया है। दरअसल किए जाने वाले इस टीकाकरण का डाटा ऑनलाइन मौजूद रहेगा। इसके लिए विभाग ने यू विन पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल पर गर्भवती महिला और बच्चों को किए जाने वाले टीकाकरण को सारी जानकारी अपलोड की जाएगी। पोर्टल पर डाटा फीड करने से संबंधित जानकारी एएनएम को बीते शनिवार से सोमवार तक चले प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

बीसीपीएम राजीव कुमार ने बताया कि बुधवार से यू विन पोर्टल पर काम शुरू होगा। टीकाकरण से संबंधित जानकारी यू विन पर पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। अमूमन टीकाकरण के दौरान बच्चे अपने माता पिता के साथ रिश्तेदारी या फिर किसी दूसरे शहर में चले जाते हैं। ऐसे में नियमित टीकाकरण छूट जाता है। पोर्टल पर डाटा होने से बाहर रहकर भी टीकाकरण संबंधित केंद्र पर हो सकेगा। ऑनलाइन विवरण देखकर उसको आगामी टीका लगाया जा सकेगा।

विकास कार्यों में प्रदेश में तीसरे नंबर पर जिला, सीडीओ ने बैठक की

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : प्रदेश स्तर पर फरवरी माह की हुई समीक्षा में जिले ने विकास के मामले में तीसरी रैंक हासिल की है। रैंक में सुधार लाने एवं कारणों को पता लगाने के लिए सीडीओ ने विभाग वार समीक्षा की।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को 15 मार्च तक लंबित मामलों को पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। जिले में शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्य कराए जाते हैं। जिला स्तर पर जो कार्य कराए जाते है, उनकी समीक्षा शासन स्तर से की जाती है। इसके बाद सभी जिलों की रैंकिंग की जाती है। इधर शासन स्तर पर फरवरी माह की हुई समीक्षा में जिले को विकास के मामले में तीसरी रैंक मिली है। हालांकि जिला स्तरीय अधिकारी जनवरी में मिली चौथी रैंक के बाद पहले स्थान पर आने की तैयारी में जुटे थे। तमाम प्रयासों के बाद भी रैंकिंग में कोई बड़ा सुधार न आने और किस स्तर पर चूक हुई, इन तमाम कारणों को जानने के लिए सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को अधिकारियों को बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने समाज कल्याण विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान तय समय में शिकायतों समेत अन्य योजनाओं का समय से क्रियान्वयन न होना पाया गया। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

पति-पत्नी में केवल एक की लगाई जाए चुनाव में ड्यूटी

महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक में शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

● महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें शिक्षिकाओं की समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि हर न्याय पंचायत की सभी शिक्षिकाओं से संपर्क किया जाएगा। फिर मिलकर समस्याएं हल की जाएंगी। निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करना है। किसी भी टीचर के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस बीच आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। ब्लॉक अध्यक्ष सुगंध अग्रवाल ने कहा कि चुनाव में एकल अभिभावक की ड्यूटी न लगाई जाए। जिन शिक्षिकाओं के बच्चे तीन साल से कम उम्र के हैं या जो गर्भवती हैं। पत्नी-पत्नी दोनों सरकारी सेवा में हैं। उनमें से एक की चुनाव में ड्यूटी लगाई जाए। नाजिया खानम, प्रिया गुप्ता, समरीन बी, पारुल, पूनिया ,रजनी शर्मा, दबीर बी, अंजली सिंह, प्राची दीक्षित व सुखवीर संधू मौजूद रहीं।

पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा। दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने पति समेत सात पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरी खमरिया निवासी गोदावरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 31 मई 2023 को गजरौला क्षेत्र के ग्राम नकटिया निवासी प्रेमचंद से हुई थी। ससुराल वाले दो लाख रुपये की मांग करते थे। इसे पूरा करने में असमर्थ होने पर ससुराल वालों ने बंधक बनाकर मारपीट की। इसके 25 जनवरी 2024 को जान लेने की कोशिश की। किसी तरह बचकर पीड़िता मायके पहुंची और घटना बताई। पुलिस ने मामले में पति प्रेमचंद, सास भागवती, ससुर नत्थूलाल, विकास, मोहित वर्मा, पुष्पा देवी, ब्रजेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न , मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

शारदा पर तटबंध का कार्य शुरू

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: चंदिया हजारा गांव में शारदा नदी पर तटबंध बनाने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने विधि विधान से जियो बैग कार्य की शुरुआत कराई। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण शारदा के तट पर मौजूद रहे।

शासन ने जियो बैग के लिए 9.98 करोड़ का बजट मंजूर किया है। जिससे गांव पर मंडराया कटान का खतरा टाला जा सकेगा। तटबंध और चैनेलाइजेशन के लिए यहां लंबा आंदोलन चल चुका है। मंगलवार को जब कार्य शुरू कराया गया तो ग्रामीण खुशी से झूम उठे। जियो बैग कार्य शुरू कराने के लिए पहुंचे विधायक बाबूराम पासवान का ग्रामीणों ने स्वागत किया। इसके बाद तट पर पूजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के अलावा कामगार भी शामिल हुए। उधर, ड्रजिंग चैनेलाइजेशन का कार्य भी बुधवार से शुरू होने की संभावना है। इसको लेकर ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने सभी ग्रामीणों से बुधवार को धनाराघाट साइट पर जुटने का आह्वान किया है।

बता दें कि पिछले साल गांव के करीब 55 किसानों की सैकड़ों बीघा जमीन शारदा में कट गई थी। नदी का रुख गांव की दिशा में आ गया। इससे ग्रामीण डरे हुए थे। इस आशंका में कि इस बरसात में तटबंध पर काम शुरू नहीं हुआ तो गांव नदी में समा जाएगा। इसे लेकर 102 दिन तक धरना प्रदर्शन भी किया गया था। पूरनपुर विधायक ने बताया कि जियो बैग और चैनेलाइजेशन के बाद गांव सुरक्षित होगा। ग्रामीणों की जमीन सुरक्षित होंगी। इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता पर कराने के लिए हम सरकार का धन्यवाद करते हैं।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

दूसरा रोज़ा इफ्तार - 13 मार्च 2024
सुन्नी - 06:21 बजे
शिया - 06:30 बजे
तीसरा रोज़ा सहरी - 14 मार्च 2024
सुन्नी - 05:01 बजे
शिया - 04:51 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

डीएफओ मनीष को मिली पीटीआर की जिम्मेदारी

पीलीभीत। गाजियाबाद डिवीजन के डीएफओ मनीष सिंह पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए डिप्टी डायरेक्टर होंगे। इससे पूर्व इटावा लायन सफारी की डायरेक्टर दीक्षा भंडारी का तबादला पीटीआर हुआ था, जिसे शासन ने निरस्त कर दिया। पिछले डेढ़ माह से स्थानांतरित डीएफओ ही अतिरिक्त प्रभार के तौर पर यहां का कामकाज देख रहे थे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैनात डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल का स्थानांतरण सामाजिक वानिकी प्रभाग सीतापुर में कर दिया था। एक फरवरी को उन्होंने सीतापुर पहुंचकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। शासन ने उनके स्थान पर इटावा लायन सफारी की डायरेक्टर दीक्षा भंडारी को भेजा था, लेकिन उन्होंने यहां का चार्ज नहीं लिया। सीतापुर डिवीजन में डीएफओ की जिम्मेदारी संभाल रहे नवीन खंडेलवाल ही पीटीआर का कामकाज देख रहे थे।

कल अधिकारी कर सकते हैं निरीक्षण, इस रूट पर मई 2018 से बंद है ट्रेनों का संचालन

शाहगढ़-पीलीभीत रेलवे ट्रैक तैयार, सीआरएस का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- निरीक्षण संबंधी पत्रावली गोरखपुर भेजी गई

अमृत विचार : शाहगढ़-पीलीभीत के बीच चल रहे अमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। कार्य पूरा होने के बाद सीआरएस निरीक्षण के लिए पत्रावली को गोरखपुर भेज दी गई है। संभावना जताई जा रही है कि सीआरएस निरीक्षण से पूर्व नवनिर्मित ट्रैक का संयुक्त परीक्षण किया जाएगा। इसको लेकर टीम 14 मार्च को यहां पहुंच सकती है।

मैलानी-पीलीभीत रेल खंड के आमान परिवर्तन के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) द्वारा 30 मई 2018 को मेगा ब्लॉक लिया गया था। इस दौरान आमान परिवर्तन और विद्युतीकरण के बाद मैलानी से शाहगढ़ के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। इसके बाद अगले चरण में शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच आमान परिवर्तन एवं विद्युतीकरण का कार्य शुरू किया गया था। हालांकि वन विभाग की आपत्ति के चलते काम में बाधा भी आई थी। बाद में वन विभाग से एनओसी मिलने पर काम तेजी से शुरू कराया गया। रेल सूत्रों के मुताबिक शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। माला नदी पुल पर गर्डर लान्च करने के साथ ट्रैक बिछाने का काम पूरा किया जा चुका है। बीते पांच मार्च को सुरक्षा टीम ने यहां आकर निरीक्षण भी किया था। इसकी रिपोर्ट दी गई थी। इधर अब कराए गए कार्यों को लेकर सीआरएस निरीक्षण होना बाकी है। इसको लेकर गोरखपुर भेजी गई है। बताते हैं कि पत्रावली का अनुमोदन से पूर्व संरक्षा से जुड़े अधिकारियों की टीम शाहगढ़-पीलीभीत के बीच कराए गए कार्यों का संयुक्त निरीक्षण करेगी। टीम के गुरुवार 14 मार्च को यहां पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। संयुक्त निरीक्षण के बाद ही सीआरएस निरीक्षण होगा। इधर संयुक्त निरीक्षण को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू कर दी गई हैं।

> शाहगढ़-पीलीभीत ट्रैक पर काम पूरा करा लिया गया है। सीआरएस निरीक्षण को पत्रावली गोरखपुर भेजी गई है। इससे पूर्व 14 मार्च को संयुक्त निरीक्षण की संभावना है। इसको लेकर तैयारी की जा रही है।
> – कृष्ण मोहन विश्वकर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, आरवीएनएल

शाहगढ़-पीलीभीत के बीच तैयार रेलवे ट्रैक।

चीनी मिल कर्मियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई

बरखेड़ा, अमृत विचार : बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल में सुरक्षा सप्ताह 2024 का सोमवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में सर्व प्रथम ईएचएस विभाग के प्रमुख संदीप मौर्य ने कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इकाई प्रमुख मोहम्मद रिजवान खान समेत अन्य विभाग के विभागाध्यक्ष जेके साहनी, (आई टी), अखिलेश्वर उपाध्याय (एचआर), पीयूष मिश्रा (अभियांत्रिकी), डी एन शर्मा (मेडिकल) ने सुरक्षा के प्रति विचार व्यक्त किए। समापन पर बैनर, भाषण, नारा प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

जेई बोला- रिकू से बात करो..वह कहेगा तो कनेक्शन कर दूंगा

एंटी करप्शन कार्यालय जाने से पहले दो बार जेई से मिले थे सरताज, जेई ने कनेक्शन देने के बजाय संविदा कर्मी के पास भेज दिया

संविदाकर्मी के रिश्वत लेते पकड़े जाने का मामला

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

अमृत विचार : बिजली कनेक्शन लेने के लिए आवेदन करने वाले दिव्यांग सरताज एंटी करप्शन कार्यालय जाने से पहले दो बार जेई से मिले थे। जेई ने हर बार उन्हें संविदा कर्मी के पास भेज दिया।

जेई ने कहा- मैंने कह दिया रिंकू से बात कर लो, मेरे पास क्यों आ रहे हो, वह कहेगा तो कनेक्शन कर दूंगा। यह बात एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर की ओर से बीसलपुर कोतवाली में दर्ज कराई गई एफआईआर में भी शामिल है। इस मामले में पॉवर कार्पोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि जेई के खिलाफ जांच शुरू करा दी गई है। उधर, तीन हजार रुपये की घूस लेते पकड़े गए संविदा कर्मचारी रिंकू यादव को एंटी करप्शन ने कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। बरेली से आई एंटी करप्शन की टीम ने सोमवार को ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी दिव्यांग सरताज खां से बिजली का घरेलू कनेक्शन दिलाने के बदले तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते समय ग्राम नीवाडांडी निवासी रिंकू यादव को रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एंटी करप्शन के निरीक्षक जितेंद्र सिंह की ओर से कोतवाली बीसलपुर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। सोमवार की रात में ही टीम आरोपी संविदा कर्मी रिंकू को अपने साथ बरेली ले गई। मंगलवार को उसे एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले में संविदा कर्मी के पकड़े जाने के बाद कुछ जिम्मेदारों पर जांच की आंच आती दिखाई दी है। शिकायतकर्ता सरताज खां के अनुसार उन्होंने घरेलू बिजली कनेक्शन लेने के लिए 28 फरवरी को बीसलपुर उपकेंद्र जाकर जेई अवतार सिंह से मुलाकात की थी। जेई ने उनसे संविदा कर्मी रिंकू से मिलने के लिए कहा था। रिंकू उस वक्त जेई के पास ही मौजूद था। इसके बाद संविदा कर्मी रिंकू ने सरताज के घर जाकर निरीक्षण किया था। इसके बाद उसने कनेक्शन दिलाने के बदले तीन हजार रुपये की मांग की थी। इस पर सरताज ने खुद को दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर बताकर रुपये देने में असमर्थता जताई। सरताज के अनुसार वह दोबारा उपकेंद्र जाकर जेई से मिले। मगर उन्होंने दोबारा संविदा कर्मी रिंकू से मिलने को कह दिया। एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार सरताज ने सुविधा शुल्क मांगे जाने की शिकायत जेई से की। फिर भी उन्होंने रिंकू से बात करने को कहा। बोले- मेरे पास क्यों आ रहे हो ? रिंकू से मिलो वह कहेगा तो मैं कनेक्शन दे दूंगा। सात दिन तक उपकेंद्र के चक्कर लगाने पर भी कनेक्शन नहीं मिला तो छह मार्च को सरताज ने बरेली एंटी करप्शन कार्यालय में जाकर शिकायत की। एंटी करप्शन को दी शिकायत में सरताज ने संविदाकर्मी के साथ जेई पर भी आरोप लगाए थे। संविदा कर्मी के जेल जाने से जेई की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

संविदा कर्मचारी की होगी सेवा समाप्त, जेई की जांच

घूस लेते रंगेहाथ पकड़े जाने के बाद संविदा कर्मी रिंकू की बर्खास्तगी को लेकर रिपोर्ट तैयार कर एक्सईएन बीसलपुर जितेंद्र कुमार की ओर से अधीक्षण अभियंता को भेज दी गई है। रिंकू की भर्ती 2019 में हुई थी। इसी के साथ जेई पर लगे आरोपों को लेकर भी एक रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। एक्सईएन की मानें तो वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से टीम गठित कर जेई पर लगे आरोपों की जांच कराई जाएगी।

दो घंटे इंतजार कराने के बाद रिश्वत लेने पहुंचा रिंकू

सोमवार सुबह एंटी करप्शन टीम पीलीभीत पहुंच गई थी। डीएम कार्यालय में पूरा मामला बताया और फिर यहां से गवाह के तौर पर कलेक्ट्रेट के दो लिपिक शोभित सक्सेना और लालता प्रसाद को अपने साथ ले लिया। शिकायतकर्ता ने टीम से दो बार बात कराई गई। करीब दो घंटे इंतजार कराने के बाद संविदा कर्मी रिंकू रिश्वत के रुपये लेने पहुंचा। जहां उसे टीम ने दबोच लिया।

पिछले साल वायरल हुआ था वीडियो

पावर कारपोरेशन से ही जुड़ा कुछ इसी तरह का मामला दिसंबर 2023 में बिलसंडा उपकेंद्र से चर्चित रहा था। उस वक्त कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। उस वक्त एक अधिकारी पर प्राइवेट चालक के जरिए सुविधा शुल्क वसूलने का आरोप लगा था। कहा गया था कि बिजली बिल ठीक कराने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत ली गई। इसे लेकर कुछ उपभोक्ताओं ने हंगामा करने के साथ ही शिकायत की थी। मगर जांच के नाम पर मामला दबता चला गया था। इसके अलावा पूरनपुर में भी इसी तरह से प्राइवेट कर्मचारी के जरिए सुविधा शुल्क लेने के आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने हंगामा किया था।

> मामला संज्ञान में आया है। संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्ति को लेकर रिपोर्ट बनाकर अधीक्षण अभियंता को भेज दी गई है। इस मामले में जेई की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। ऐसे में जेई के संबंध में भी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। उन्हीं के स्तर से टीम गठित कर जेई की जांच कराई जाएगी।
> – जितेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता, पावर कॉरपोरेशन बीसलपुर

> मेरे द्वारा न तो काम में लापरवाही बरती गई है, न ही किसी तरह की उपभोक्ता से रिश्वत की मांग की गई। जिस विद्युत कनेक्शन को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं, उस कनेक्शन को छह मार्च से पहले ही मेरे द्वारा दिया जा चुका है। बाद में किसने किससे क्या मांग की इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है।
> – अवतार सिंह, जेई बीसलपुर उपकेंद्र

एडीओ पंचायत ने दी क्लीनचिट महिला ने उठाए जांच पर सवाल

संवाददाता, बिलसंडा

- पहले पति और बाद में पत्नी को शौचालय से लाभान्वित करने का आरोप

अमृत विचार : शौचालय आवंटन में धांधली की पूर्व में की गई शिकायत पर एडीओ पंचायत द्वारा की गई जांच पर शिकायतकर्ता ने सवाल उठाए हैं। जिम्मेदारों को क्लीन चिट देने और निष्पक्ष जांच न करने का आरोप लगाते हुए भाकियू नेता ने डीएम से दोबारा जांच कराने की मांग की है।

भारतीय किसान यूनियन नेता ओमप्रकाश राजपूत ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि गांवों में जिन लोगों को पूर्व में व्यक्तिगत शौचालयों का लाभ नहीं मिला, उन्हें चिन्हित कर लाभ दिए जाने के उद्देश्य से धनराशि आवंटित की गई है। आरोप है कि जिम्मेदारों ने शौचालय आवंटन में भी धांधली बरतनी शुरू कर दी। ग्राम पंचायत कनपरी में पूर्व में जिस ग्रामीण को शौचालय का लाभ दिया जा चुका था। उसकी पत्नी के नाम से दोबारा शौचालय आवंटित कर दिया गया। जिसके चलते महिला लाभार्थी के खाते में 12000 की धनराशि आवंटित की गई। उसका बैंक खाते से निकाल कर जिम्मेदारों ने बंदरबांट कर लिया। जिस कारण धरातल पर महिला का शौचालय भी नहीं बना है। इस मामले की पूर्व में भी उनके द्वारा शिकायत की गई थी। जिसकी जांच एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारती को दी गई। आरोप है कि एडीओ पंचायत ने ठीक से जांच तक नहीं की और जिम्मेदारों को बचा दिया। मामले की दोबारा जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। उधर एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारती ने बताया कि मामले की जांच सही से की गई है। जांच में आरोप सही नहीं पाए गए थे।

शादी में आए कन्नौज के युवक की सड़क हादसे में जान गई

बिलसंडा, अमृत विचार : दोस्त के साथ शादी समारोह में शामिल होने आए कन्नौज के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कन्नौज जनपद के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के ग्राम फतुआपुर रामपुर मझिला निवासी रानू पटेल (26) पुत्र आसरे सोमवार को बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम खजुरिया नवीराम में शादी समारोह में शामिल होने आया था। वह कन्नौज के रहने वाले दोस्त शिव सिंह के साथ आया था। नवीराम गांव में रानू की मौसेरी बहन मनोरमा पटेल भी रहती हैं। सोमवार देर शाम रानू अपने दोस्त के साथ बाइक पर घर से निकला था। दोनों कनपरा माइनर मार्ग पर बाइक से भीकमपुर की ओर आ रहे थे। तभी रात में करीब नौ बजे उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें रानू पटेल और उसका दोस्त शिव सिंह घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में दोनों को सीएचसी भिजवाया गया। वहां चिकित्सक ने रानू को मृत घोषित कर दिया। जबकि शिव सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी शिनाख्त कर परिवार वालों को सूचना दी गई। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को शव पोस्टमार्टम कराकर परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस-एसएसबी ने किया फ्लैग मार्च

बरखेड़ा इलाके में फ्लैग मार्च निकालते पुलिस और एसएसबी के जवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

- भाईचारे के साथ पर्व मनाने की हुई अपील

अमृत विचार : पुलिस और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से क्षेत्र के कई गांवों में फ्लैग मार्च निकाला। मतदान केंद्रों पर भी पुलिस बल गया और ग्रामीणों से संवाद कर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई।

आगामी लोकसभा चुनाव, त्योहार और सीएए की अधिसूचना जारी होने के बाद किए गए अलर्ट के बाद पुलिस प्रशासन गांव-गांव फ्लैग मार्च कर रहा है। सोमवार देर शाम शहर में भी भारी फोर्स ने मिश्रित आबादी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया था। मंगलवार को कस्बा बरखेड़ा, ज्योराह कल्याणपुर, गाजीपुर मुगल, पौटा कलां, खमरिया आदि गांवों में इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान की अगुवाई में पुलिस और एसएसबी जवानों ने फ्लैग मार्च किया। बूथों पर भी गए और वहां की स्थिति परखी। रमजान माह शुरू हो चुका है। होली भी नजदीक है। ऐसे में भाईचारे से पर्व मनाने की अपील की गई। संभ्रांत नागरिकों से भी संवाद किया गया। ये अपील की गई कि अगर कोई माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल दी जाए। उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

चरस तस्कर को तीन साल की कैद, 20 हजार रुपये जुर्माना

पीलीभीत, अमृत विचार : एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम करोड़ निवासी तिलकराम पुत्र लेखराज को दोषी पाया। उसे तीन साल कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन कथानक के अनुसार 19 मई 2017 को बरखेड़ा थाने के एसआई सतेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। इस बीच नगरा चौराहा पर पहुंचते ही नगरा अब्दुल्ला मार्ग पर अभियुक्त पुलिस को देखकर भागने लगा। पीछा कर कुछ ही दूरी से उसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 350 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसका वह कोई लाइसेंस नहीं दिखा सका। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। इस मुकदमे की सुनवाई स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चंद्रमोहन मिश्र की अदालत में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त तिलकराम को अवैध चरस रखने का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का आरोप

पीलीभीत। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है। न्यूरिया थाने में तहरीर देकर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी जगदीश ने बताया कि उसकी पुत्री आरती की शादी डेढ़ साल पहले बरेली जनपद के अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिचेरा निवासी हरनाम मौर्य से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना मारकर प्रताड़ित करने लगे। अतिरिक्त दहेज में की जा रही दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर बेटी को पीटकर बीते माह घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने मामले में पति हरनाम मौर्य, ससुर बुद्धपाल, सास महेश्वरी देवी, ननद पायल, रोहित और वेद प्रकाश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

रंजिशन युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : पुरानी रंजिश में एक युवक की पिटाई कर दी गई। ग्राम खजुरिया पचपेड़ा निवासी रामश्री ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी गांव के ही कुछ लोगों से जमीन के विवाद की रंजिश है। दस फरवरी की रात गांव के ही तेजपाल, महेंद्र पाल और रामप्यारी ने उनके बेटे जसवंत को रोक गाली गलौज की। विरोध करने पर पिटाई कर दी। शोर पर लोगों के जमा होने पर आरोपी मारने की धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

- जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम रामनगर और कनाकोर में हुई घटनाएं
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

अमृत विचार : पुरानी रंजिश के चलते जहानाबाद क्षेत्र में दो स्थानों पर मारपीट की घटनाएं हुई। एक दूसरे पर लाठी डंडे और बांके से हमला कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर दोनों घटनाओं में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

पहली घटना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम रामनगर गांव में हुई। यहां निवासी रामबहादुर ने पुलिस को बताया कि 10 मार्च की शाम सात बजे वह घर में कामकाज निपटा रहे थे। तभी गांव के वीरेंद्र कुमार, रुपचंद, लाखन और अन्ने लाठी-डंडे लेकर घर में घुस गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। अन्य ग्रामीणों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। दूसरे पक्ष से गंगादेई पत्नी तेजराम ने राम बहादुर, जितेंद्र, रामऔतार, धर्मेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके घर में 10 मार्च की रात बेटी की शादी थी। इससे काफी लोग आए हुए थे। आरोपी घर के आगे बने कुएं के पास रखे ईंट-पत्थर फेंक रहे थे। मना किया तो हमला कर दिया।

दूसरी घटना कनाकोर गांव में हुई। यहां निवासी सोमपाल ने बताया कि उनका गांव के ही अशोक कुमार से जमीन का पुराना विवाद है, जोकि न्यायालय में विचाराधीन है। 11 मार्च की शाम चार बजे वह खेत पर लाही की फसल निकलवा रहे थे। इस दौरान अशोक कुमार ने आकर लाठी से पीटा।

जबकि दूसरे पक्ष के अशोक कुमार का कहना है कि सोमपाल और देवेश उसके चाचा चंद्रपाल के खेत से लाही निकाल रहे थे।जब विरोध किया तो उनकी पिटाई कर दी। दाएं पैर में बांके से वार कर लहूलुहान कर दिया। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि दोनों घटनाओं में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा था। घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

खटीमा-माधोटांडा मार्ग पर पहुंचा बाघ, रुके रहे वाहन


सोशल मीडिया पर वायरल हुआ बाघ का फोटो।

संवाददाता, माधोटांडा

अमृत विचार : माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर बाघ की चहलकदमी देखी गई। बाघ दिखाई देने के बाद वाहनों के पहिए थम गए। करीब दस मिनट तक सड़क पर रुकने के बाद बाघ झाड़ियों में चला गया। इसके बाद वाहनों का संचालन चालू हो सका। इसके बाद कुछ बाघ के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से सटे इलाकों में लंबे समय से बाघ की चहलकदमी बनी हुई है। मंगलवार सुबह माधोटांडा खटीमा मार्ग पर एक बाघ चलकदमी करते देखा गया। बाघ की चहलकदमी देख लोगों में हडकंप मच गया। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने वाहन रोक लिए। बताते हैं कि बाघ काफी देर तक सड़क पर टहलता रहा। हालांकि उस वक्त कुछ ही राहगीर थे। बाघ की चहलकदमी से काफी देर तक आवागमन वाधित रहा। झाड़ियों की तरफ बाघ चला गया। तब जाकर मार्ग पर आगवामन चालू हो सका। बता दें कि पहले भी इस मार्ग पर बाघ की चहलकदमी देखी जा चुकी है।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिंल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

नियमों का उल्लंघन कर दौड़ाए जा रहे वाहन

सख्ती के नाम पर चंद दिन चला अभियान, अब नहीं दे रहा कोई ध्यान, ट्रैक्टर-ट्राली में ढोयी जा रहीं सवारियां

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: शासन-प्रशासन हादसों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंतित है। परिवहन विभाग भी जनपद में बढ़ते हादसों के पीछे वाहनों की तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी को वजह मानकर कार्रवाई और जागरूकता के दावे भी करता है। बावजूद इसके नियमों की अनदेखी कर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिम्मेदार सख्ती से पालन करने के बजाय चेकिंग अभियान औपचारिक चलाया जाता है। इससे यातायात नियमों को दरकिनार कर वाहन दौड़ते रहते हैं।

शहर, कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में दिन में कई बार ट्रैक्टर-ट्राली, पिकअप व अन्य वाहनों में सवारियां बैठाकर सफर करते लोग दिखाई दे जाएंगे। इसमें महिला, बुजुर्ग बच्चे यानी कई परिवार एक साथ सफर करते मिलेंगे, जो नियम विरुद्ध है। मालवाहक वाहनों में सफर पर रोक लगी हुई है। ट्रैक्टर ट्राली का इस्तेमाल कृषि कार्य में ही किया जा सकता है। जनपद में भी कई बार हादसे हो चुके हैं। जहानाबाद में बीते साल घरातियों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से वृद्धा समेत दो की मौत हो गई थी। असम हाईवे पर पिकअप सवार हरिद्वार से लौट रहे 11 लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके अलावा कई अन्य हादसे हो चुके हैं। बीते माह जनपद कासगंज में तालाब में अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से 23 लोगों की मौत हुई तो भी शासन स्तर से सख्ती की गई। पीलीभीत में भी परिवहन विभाग के अधिकारियों ने कुछ दिन चेकिंग अभियान चलाया, लेकिन कार्रवाई 10-12 चालान तक सीमित रह गई। मगर अभी भी सड़कों पर नियमों को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। न तो हादसों को देखते हुए लोगों को जागरूक किया जा सका है, न ही सख्त कार्रवाई हो सकी। इतना जरूर समय गुजरने के साथ जिम्मेदार और बेपरवाह हो गए। माधोटांडा, पूरनपुर, बीसलपुर, बरेली हाईवे, टनकपुर हाईवे, जहानाबाद मार्ग समेत अन्य ग्रामीण अंचलों में इस तरह से मालवाहक वाहनों पर लोग सफर कर रहे हैं।

टनकपुर हाईवे पर नकटादाना चौराहा से गुजरते ट्रैक्टर ट्राली में जाते लोग। ● अमृत विचार

नियमों का पालन कराने के लिए हाईस्पीड, ओवरलोड, माल वाहन वाहनों के सफर करने आदि सभी बिंदुओं पर जागरूक करने के साथ ही चेकिंग कर कार्रवाई भी की जाती है। ट्रैक्टर ट्रॉली में सफर करते मिलने पर वाहनों के चालान भी किए गए थे। त्योहारों को देखते हुए चेकिंग अभियान तेज किया जाएगा।
– वीरेंद्र सिंह, एआरटीओ

केवल आंकड़ेबाजी तक सीमित रहे प्रयास

यातायात नियमों का पालन कराने के नाम पर नवंबर का अभियान हो या फिर सड़क सुरक्षा माह। अभियान के दौरान भी आंकड़ेबाजी के सिवाय और कुछ ठोस नहीं किया जाता है। जनपद में सिर्फ माल वाहक वाहनों में नियमों की अनदेखी की जा रही। दुपहिया वाहन सवार बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग कर रहे हैं। चार पहिया वाहनों के चालक सीट बेल्ट नहीं लगा रहे। मुख्य चौराहों और हाईवे पर दिन भर नियम तोड़ते वाहन फर्राटा भरते नजर आएंगे। आलम ये है कि 75 प्रतिशत से अधिक बाइकर्स हेलमेट नहीं लगाते।

सेमीफाइनल में पहुंची पीलीभीत किंग्स की टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: ज़िला स्तरीय यूनिटी कप क्रिकेट लीग के तहत मंगलवार को हुए मैच में पीलीभीत किंग्स ने मॉर्निंग क्रिकेट क्लब को 69 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जुबैर अंसारी को शानदार पारी के लिए मैन ऑफ़ द मैच खिलाब से नवाजा गया।इनिशियम ग्लोबल स्कूल 22 यार्ड अकादमी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पीलीभीत किंग्स की टीम ने 30 ओवरों में पांच विकेट खोकर 243 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जुबैर ने 85 गेंद पर 14 चौके की मदद से 94 रन बनाए। जुनैद ने 36 गेंद पर सात चौके और तीन छक्के की मदद से 59 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की टीम मैदान पर उतरी लेकिन पीलीभीत किंग्स की गेंदबाजी के आगे उसके खिलाड़ी टिक नहीं सके। 21 ओवर में174 रन पर ही टीम ऑलआउट हो गई। मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की तरफ़ से नाज़िम ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। पीलीभीत किंग्स की तरफ़ से ज़ुबैर और जुनैद अंसारी ने तीन तीन विकेट चटकाए। अनस ने भी दो विकेट लिये। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतर प्रदर्शन पर जुबैर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

महिलाओं को बताए आत्मनिर्भर बनने के उपाय

अमरिया। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर के पंचायत भवन में नाबार्ड की ओर से 15 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमईडीपी) का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम जूट बैग निर्माण पर आधारित है। कार्यक्रम की शुरुआत नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के उप महाप्रबंधक एनएल साहू ने कराई। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण परिवेशों में आजीविका के संसाधनों में बदलाव की जरूरत है। कृषि और कृषि से जुड़े उद्योगों के अलावा महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित, उत्पाद जैसे जूट बैग, हैंडीक्राफ्ट, बंबू क्राफ्ट, जलकुंभी, मेक्रम ट्रेडों पर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर उनसे अपनी आजीविका का साधन बना सकती हैं। जूट बैग आज के युग की आवश्यकता है। इसमें बेहतर बाजार तलाशा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) एके सेठ ने बैंकिंग प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला विकास प्रबंधक सीपी त्रिवेदी ने कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण को तन्मयता से सीखें, ताकि भविष्य में लाभ ले सकें। निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्था के निदेशक संजीव कुमार भटनागर ने प्रशिक्षण से होने वाले लाभ बताए। इस मौके पर ग्राम बिलासपुर के प्रधान सुखलाल, मुन्नी देवी, लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, काजल, मंजू रजवार, दुष्यंत सिंह, अर्पण जैन, हेमा बिष्ट, पूजा महर आदि मौजूद रहे।

डेढ़ महीने पहले लापता हुई को बरामद नहीं कर सकी पुलिस

पूरनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहनपुर जप्ती के चौराहे पर स्थित बालाजी मंदिर के सेवादार सुरेश ने सीओ से की गई शिकायत में बताया कि मंदिर परिसर में एक गाय बंधी हुई थी। वह कुछ दूरी पर सो रहे थे। 31 जनवरी की रात कोई गाय को चोरी कर ले गया। उसी वक्त कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन डेढ़ माह बाद भी गाय बरामद नहीं हो सकी है। आरोप है कि जांच के नाम पर पुलिस औपचारिकता निभा रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक न तो गाय बरामद हुई न ही चोर पकड़े जा सके हैं। मामले में कार्रवाई कराकर न्याय की गुहार लगाई।

सार-संक्षेप

रामलला के दर्शन को 100 भक्त अयोध्या रवाना

पीलीभीत। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के लिए 100 श्रद्धालु दो बसों में भेजे गए हैं। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना कराया। अयोध्या में भक्तों के ठहरने और खानपान की भी व्यवस्था की गई है। रामलला के दर्शन कराने के लिए राज्यमंत्री की ओर से चौथे चरण में मंगलवार कोब्लॉक ललौरीखेड़ा के ग्राम बरहा व शहर के 100 श्रद्धालुओं को रवाना किया गया है। संजय रॉयल पार्क स्थित जनसहयोग कार्यालय पर शाम को पूजा अर्चना की गई। राम भक्तों को तिलक लगाकर रवानगी की गई। रवाना करने से पूर्व बरहा गांव के वृद्ध रामसेवक ने बस के आगे नारियल फोड़ा। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अयोध्या धाम यात्रा के प्रबंधन का कार्य देख रहे राज्यमंत्री के अनुज विजय सिंह गंगवार ने बताया कि श्रद्धालुओं को एक मेडिकल किट भी दी गई है। अयोध्या धाम में बसों के पहुचने पर श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन आदि की व्यवस्था का पूरा प्रबंध राज्य मंत्री की तरफ से किया गया है। राम भक्तों को अयोध्या धाम भेजने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।इस मौके पर सुनील मिश्रा, ऋषि श्रीवास्तव, ओमकार मौर्य, निखिल मिश्रा, मनोज मिश्रा, शिव नरायन शर्मा, अम्बरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

मतदान का महत्व बताया, स्वच्छता के प्रति किया प्रेरित

पीलीभीत। उपाधि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई का सात दिवसीय शिविर मंगलवार से शुरू हुआ। पहले दिन ग्राम सढ़ा गौटिया के प्राथमिक विद्यालय में छात्र पहुंचे और ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर की शुरुआत प्राचार्य दुष्यंत कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कराई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर सिंह ने विस्तार से शिविर में होने वाले कार्यों की जानकारी दी। कहा कि स्वयंसेवक सात दिन तक समूह में रहकर समाज जागरण का कार्य करेंगे। इससे पूर्व कॉलेज में विचार गोष्ठी कराई गई। प्रोफेसर प्रणव शास्त्री ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में सामाजिक कार्य के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने की जिम्मेदारी स्वयंसेवकों को दी गई है। गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। स्वच्छता और मतदान के प्रति भी छात्रों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर नरेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार सागर, सचिन, आकाश, चंद्र कुमार, सोनू आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान

पीलीभीत। डीएम संजय कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा विशेष जागरुकता अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। शहर के प्राथमिक विद्यालय शिफाखाना के बूथ संख्या 307 पर पहुंचकर स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतजार खां ने जागरुकता कार्यक्रम किया। यहां पर बीते विधानसभा चुनाव में 56 .62 प्रतिशत मतदान हुआ था। ऐसे में लोगों को मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए। बच्चों को जागरूकता चिट्ठी का वितरण करते हुए अपने अभिभावकों को जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा जागरुकता रैली निकाली गई ।जिसमें स्थानीय लोगों से अपील की गई कि वह शत प्रतिशत मतदान करें। अंत में मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। ये स्लोगन दिया गया कि अपनी ताकत को पहचान, चलो हम सब करें मतदान।

बैंक में रुपये जमा करने गई किशोरी लापता

पूरनपुर। बैंक का एक कर्मचारी गैर समुदाय की किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी की मां ने बैंक मैनेजर समेत तीन के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली में दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि उसका नगर की एक बैंक में खाता है। उसकी 14 वर्षीय पुत्री अक्सर उनके साथ बैंक जाती थी। इस बीच बैंक के एक कर्मचारी ने उसकी बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। 11 मार्च को किशोरी बैंक में रुपये जमा करने गई थी। आरोप है कि वहीं से कर्मचारी किशोरी को अपने साथ ले गया। काफी देर बाद किशोरी घर नहीं पहुंची तो महिला बैंक गई और जानकारी की। आरोप है कि उसकी बेटी को भगाने में बैंक मैनेजर व एक अन्य कर्मचारी ने मदद की। उसने किशोरी को ले जाने वाले कर्मचारी, बैंक मैनेजर और एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी कराई जाएगी।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट छाती में दर्द या भारीपन सांस फूलना पैरों में सूजन हाई ब्लडप्रेशर हाई कोलेस्ट्रोल डाइबिटीज (शुगर) सीने या पेट में जलन या दर्द हार्ट अटैक हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

बंदर के हमले में वृद्धा घायल

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी लीलावती (75) पत्नी गोकरन प्रसाद किसी काम से छत पर गयी थी, तभी अचानक बंदरों ने दौड़ाकर काट लिया, जिससे वह छत पर गिर गयी। एक बंदर ने उनका हाथ नोच डाला। जिससे वह लहूलुहान होकर सीएचसी पहुंची, जहां उनकी मरहम पट्टी कर रैबीज का इंजेक्शन दिया गया। बंदरों के आए दिन हो रहे हमलों से नगरवासी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बंदरों के झुंड छतों पर पड़े कपड़े उठा ले जाते हैं, रसोई में घुसकर खाना तक ले जाते है। कमरे में रखे फ्रिज खोलकर सामान तक निकाल लेते हैं। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी बंदरों को अन्यत्र छोड़ने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश तिवारी, कोतवाल अंबर सिंह समेत सभी चौकी इंचार्ज रहे अलर्ट

नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसको लेकर पुलिस अलर्ट है। केंद्र सरकार से अधिसूचना जारी होते ही पुलिस विभाग ने अलर्ट घोषित कर दिया। अलर्ट घोषित होने के बाद पुलिस ने रात में सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर मार्च भी किया।

एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में पुलिस ने शहर की बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पैदल मार्च किया। पुलिस ने कोतवाली सदर से लेकर शहर की प्रमुख सड़कों से होते हुए कोतवाली आकर मार्च समाप्त किया। पैदल मार्च में एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी रमेश तिवारी, कोतवाल अंबर सिंह समेत सभी चौकी इंचार्ज शामिल रहे। साथ ही धर्मस्थलों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर मंगलवार को पुलिस की निगेहबानी रही।

डीसी रोड पर पैदल मार्च करते एएसपी पवन गौतम और सीओ रमेश कुमार तिवारी।

सत्तापक्ष ने कहा स्वागत योग्य, विपक्ष ने चुनाव जीतने का फंडा बताया

भाजपा नेताओं ने देश की सुरक्षा को अभूतपूर्व फैसला बताते हुए स्वागत योग्य बताया। वहीं विपक्ष ने चुनाव जीतने का फंडा बताया। सपा के नेता कानून को विरोध करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कानून को हित में न होना बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी संकल्प लिया है उसे पूरा करके दिखाया है। धारा 370 खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह का सबसे बड़ा फैसला है। इस कानून के लागू होने से देश की सुरक्षा सबसे मजबूत होगी।
–सुनील सिंह, जिलाध्यक्ष- भाजपा।

भाजपा नागरिकों को महंगाई, बेरोजगारी से छुटकारा दिलाने की जगह सांप्रदायिक सीएए कानून लाई है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले ही कहा था कि मोदी सरकार को 2024 का चुनावी एजेंडा विकास न होकर सांप्रदायिक होगा।
–रामपाल यादव, जिलाध्यक्ष-सपा।

भाजपा सरकार न तो महंगाई कम कर पाई और न ही युवाओं को रोजगार दे पाई। ऐसे में चुनाव के समय जनता को भरमाने की कोशिश की जा रही है। भाजपा चुनाव मैदान में जनता के सवालों से बचने भ्रामक माहौल बनाने में लगेगी।
–प्रहलाद पटेल, जिलाध्यक्ष-कांग्रेस।

डीएम ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड के मानकों पर जिले में संचालित योजनाओं, विभागीय कार्य के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम ने योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर कार्य में सुधार लाने की चेतावनी देकर लाभार्थियों के हित में कार्य करने की नसीहत दी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग सीएम डैशबोर्ड की निरंतर निगरानी करते रहें। निर्धारित समय में आवेदन पत्रों का निस्तारण करें। सीडीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अलगी सीएम डैशबोर्ड की बैठक में जिन विभागों की डी रैकिंग आई तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

कैसा महिला अस्पताल: बीपी से लेकर दर्द, कब्ज व नींद तक की दवाएं नहीं

मुफ्त इलाज के लिए आने वाले मरीज बाजार से खरीद रहे महंगी दवाएं

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: महिला अस्पताल में दवाओं का अभाव है। सूची में शामिल 49 तरह की दवाओं में से 14 दवाएं महिला अस्पताल में नहीं हैं। इसमें टेबलेट से लेकर सीरप और ओरएसएस तक शामिल हैं। अस्पताल के लोगों का कहना है कि दवाएं खत्म होने से पहले ही डिमांड भेज दी जाती है। वहां से न मिलने के कारण दवाएं खत्म हो जाती हैं। इस परिस्थिति में मरीज और उनके तीमारदार बाजार की महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

एक रुपये में इलाज की मंशा लेकर आने वाले मरीजों की महिला अस्पताल में जेब ढीली हो रही है। इसका कारण अस्पताल में कई तरह की दवाओं का न होना है। अस्पताल में दवाएं न मिल पाने से तीमारदार बाजार से महंगी दवाएं खरीद रहे हैं। स्थित यह है कि अस्पताल में न तो ब्लड प्रेशर की दवा है और न ही दर्द से लेकर गैस व एसिड रोकने वाली दवाएं हैं। इसके अलावा पेट साफ करने से लेकर लूज मोशन तक में काम आने वाली दवाएं नहीं हैं। वहीं नींद न आने से लेकर एंटीबायोटिक व एंटीफंगल के इलाज की दवाओं का भी अकाल है। इस तरह नौ तरह की टेबलेट, तीन तरह के सीरप सहित एंटीफंगल नाशक ट्यूब तक नहीं है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में महिला मरीज। ● अमृत विचार

ओआरएस के अभाव में नींबू पानी पीने की दे रहे सलाह

महिला अस्पताल में ओआरएस का अभाव है। बताते हैं कि इसकी कमी पिछले कई दिनों से बनी हुई है। जबकि ओआरएस की जरूरत ठंड के मौसम में कम पड़ती है। डायरिया आदि होने पर शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए डॉक्टर ओआरएस का सेवन करने की सलाह देते हैं। मगर, ओआरएस न होने के कारण अस्पतालकर्मी घर पर नींबू, चीनी व नमक का घोल बनाकर सेवन करने की सलाह दे रहे हैं।

औषधि वितरण कक्ष में दवाओं की कमी होने के बारे में जानकारी नहीं है, क्योंकि औषधि वितरण केंद्र के प्रभारी अस्पताल के स्टोर रूम को मांग पत्र भेजकर दवाओं की डिमांड करते हैं। यदि दवाओं की कमी है तो इस संबंध में बुधवार को जानकारी कर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी, जिससे मरीजों को कोई असुविधा न हो।
–डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, सीएमएस महिला अस्पताल।

इन दवाओं की है कमी

- लेबेटालोल- ब्लड प्रेशर
- रेनिटिडिन- गैसनाशक
- डाइक्लोफेनिक- दर्दनाशक
- अल्प्राजॉल- नींद न आने पर दी जाने वाली दवा
- लिवोफ्लाक्सासिन- एंटीबायोटिक
- बिसाकोडिल- कब्जनाशक
- एंटासिड- एसिडनाशक
- फ्लूकोनाजॉल-एंटीफंगल
- टिंडाजॉल- लूजमोशन
- मल्टीवीटा- मल्टीविटामिन सीरप
- एमॉक्सीक्लेव-एंटीबॉयोटिक
- इंट्रोजर्मीना-डायरिया होने पर बच्चों को दी जाने वाली दवा

श्मशान की जमीन पर चली जेसीबी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र की महेवागंज पुलिस चौकी पर मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार रात श्मशान की जमीन पर जेसीबी चला दी गई। ग्रामीणों ने एक भाजपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। गांव सैधरी और सिंगारपुर से होकर उल्ल नदी के किनारे करीब छह बीघा जमीन है। इस जमीन पर श्मशान होना बताया जाता है। सिंगारपुर गांव के लोंगों ने बताया कि इस जमीन पर पुरखों के जमाने से शवों का अंतिम संस्कार होता चला आ रहा है। सोमवार की रात इस भूमि पर कब्जा करने की नियत से कुछ लोगो ने जेसीबी से इसकी खुदाई करानी शुरू कर दी। मंगलवार की सुबह सिंगारपुर निवासी स्वामी दयाल, राजेश, दीनानाथ, लंकेश, सुरेंद्र, गुड्डू आदि जानकारी होने पर आक्रोशित होकर महेवागंज चौकी पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप है कि सैधरी निवासी भाजपा से जुड़े एक नेता इस जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। मौके पहुंचे तहसीलदार सुशील प्रताप ने ग्रामीणों को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश देकर जांच कराने का आश्वासन दिया है।

निधि शुक्ला ने घर पर शुरू किया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● कहा-अमनमणि को कांग्रेस पार्टी से निकालो या मुझे ● घर के बाहर हमला होने पर बताया था जान का खतरा

अमृत विचार : कवियत्री मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला ने अपने घर पर कांग्रेस विरोधी बैनर लगाकर धरना शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को अमरमणि के बेटे अमनमणि को दो दिन पहले कांग्रेस में शामिल कराए जाने पर विरोध जताया। उनका कहना है कि वह नौ साल से कांग्रेस में हैं। अब उनकी बहन के हत्यारे के बेटे अमनमणि को कांग्रेस में ज्वाइन करा दिया। निधि ने राहुल गांधी व प्रियंका गांधी से मांग की है कि अमनमणि को बाहर निकालें या फिर उनको निकाला जाए।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवियत्री मधुमिता की बहन निधि शुक्ला प्रदेश कांग्रेस में पीसीसी सदस्य हैं। वह मंगलवार को सुरक्षा गार्डों के साथ कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं और धरने पर बैठने की कोशिश की। इसी बीच स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) को जानकारी हुई। इस पर एलआईयू के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने उन्हें सुरक्षा का हवाला देते हुए कांग्रेस कार्यालय पर धरना देने से मना किया। इस पर वह दोपहर बाद अपने घर धरने पर बैठ गईं। निधि शुक्ला के धरने पर बैठने की जानकारी पर प्रशासन में हलचल मच गई। पुलिस और प्रशासन का कोई अफसर उनके पास नहीं पहुंचा, प्रशासनिक अफसर निगरानी बनाए हैं।

अपने घर पर धरने पर बैठीं निधि शुक्ला।

निधि ने बैनर में लिखा कांग्रेस का हाथ हत्यारों के साथ

कांग्रेस की पीसीसी सदस्य निधि शुक्ला ने धरना स्थल पर जो बैनर लगाया है उसमें साफ लिखा है कि कांग्रेस का हाथ, हत्यारों के साथ। न्याय के लिए निधि का अनशन। बैनर पर लिखी इन बातों की चर्चा पूरे दिन होती रही।

घर के बाहर धमाका कराने का अमरमणि पर लगाया था आरोप

सोमवार को कवियत्री मधुमिता की बहन निधि शुक्ला के घर के बाहर तेज धमाका हुआ था। उनका कहना था कि धमाका उनकी बहन के कातिल पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी ने कराया है। मौके पर पहुंची पुलिस को एक जीवित कारतूस मिला था। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। वह इस पर कुछ कहने से बच रही है।

निधि शुक्ला अपने घर पर धरने पर बैठी हैं। पहले से ही सुरक्षा गारद उनके पास है, इसलिए वहां अलग से पुलिस के जाने का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि सुरक्षा कारणों से उनके धरने पर पुलिस नजर रख रही है।
–रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी

निधि शुक्ला मनोनीत पीसीसी सदस्य हैं। उनका यह निजी मसला है। पार्टी का इससे दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है। हमारी पार्टी में जो आएगा। उसका स्वागत है। निधि ने जो बैनर लगाया है उसे पूरे घटना क्रम के साथ मैने संगठन मंत्री अनिल यादव को भेज दिया है।
–प्रहलाद पटेल, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए मंडलीय परीक्षा आज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● लखनऊ के मोहनलालगंज में स्थित है आवासीय विद्यालय

अमृत विचार: अटल आवासीय विद्यालय के कक्षा छह और नौ में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। मंडलीय परीक्षा बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज में होगी। कक्षा छह व नौ में 140-140 सीटें हैं। कक्षा छह में प्रवेश के लिए 134 और कक्षा नौ में प्रवेश के लिए 74 छात्रों ने आवेदन किया है।

श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लखनऊ के मोहनलालगंज में अटल आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इस स्कूल में बच्चों को नवोदय विद्यालय की भांति आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए कक्षा छह और नौ में प्रवेश के लिए बुधवार को परीक्षा का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में होगा। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी। जीआईसी में प्रवेश परीक्षा को लेकर मंगलवार को दिन भर तैयारियां चलती रहीं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा छह में प्रवेश के लिए जिले से 134 और कक्षा नौ के लिए 74 छात्रों ने आवदेन किया है।

पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या

कक्षा	छात्र	छात्राएं
छह	79	55
नौ	44	30

गश खाकर गिरे राजमिस्त्री की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: मोहल्ला अर्जुनपुरवा में एक मकान की फर्श बनाते समय राजगीर मिस्त्री अचानक गश खाकर गिर गया। इससे वहां हड़कंप मच गया। मकान मालिक और मजदूर उसे लेकर हिदायत नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही उसके घर में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली के गांव सिंघनिया निवासी अब्दुल हफीज (38) राजमिस्त्री का काम करता था। वह मंगलवार को मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी अनूप तिवारी के घर पर काम करने गया था। वह बैठकर मकान की फर्श बना रहा था। इसी बीच अचानक वह गश खाकर गिर गया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। मकान मालिक और साथी मजदूर राजमिस्त्री को आनन-फानन में लेकर मोहल्ला हिदायतनगर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मकान मालिक ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। शव देख परिजन बिलख पड़े। मृतक की पत्नी साजिदा विलाप करते हुए बेहोश हो गई। महिलाओं ने उसे संभाला और होश आने पर ढांढस बंधाती रहीं। जेल गेट चौकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चौकी प्रभारी लोकनाथ गुप्ता ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

बेसुध पत्नी को ढांढस बंधाती महिलाएं। ● अमृत विचार

● फर्श बनाते समय हुआ हादसा परिवार में कोहराम

आम की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

पलियाकलां, अमृत विचार : मझगई क्षेत्र में वन कर्मियों की साठगांठ से कभी जंगल में पेड़ कटते हैं, तो कभी जंगल के बाहर बागों के फलदायक आम के पेड़ों पर आरा चलाया जाता है। सोमवार की रात करीब नौ बजे पलिया की तरफ से जा रही ट्रक को थाना मझगई के दरोगा शैलेंद्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर बल्लीपुर तिराहे के पास रोक लिया। तिरपाल खुलवाया तो ट्रक में आम के बोटे लदे थे। ड्राइवर लकड़ी से संबंधित कागज नहीं दिखा पाया। पुलिस ने लकड़ी से लदे ट्रक को सीज कर लोधपुरवा निवासी इजाज पुत्र शब्बीर के खिलाफ ग्रामीण वन संरक्षण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। चालक को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। मझगईं थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि लकड़ी से सम्बन्धित कागज न दिखाने पर कार्रवाई की गई है।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
STRIVE FOR EXCELLENCE

ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.

Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

बेकरी की दुकान से एक लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● रोडवेज चौकी के सामने हुई वारदात टिनशेड काटकर घुसे चोर ● एक लैपटॉप, डीवीआर, चाकलेट और चार हजार की नगदी ले गए

अमृत विचार: शहर में अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है। चोरी, लूट की घटनाएं हो रहीं हैं तो कहीं दिनदहाड़े फायरिंग हो रही है। पुलिस से बेखौफ चोरों ने शहर की रोडवेज चौकी के सामने स्थित एक बेकरी की दुकान का टिनशेड काटकर चोर लैपटॉप, चाकलेट, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर और नगदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान ले गए। खास बात यह है कि पुलिस चौकी पर बैठी रही और उसे पता नहीं चला।

मोहल्ला आवास विकास में डॉन बॉस्को स्कूल के पास निवासी विक्रम सचदेवा की रोडवेज पुलिस चौकी के सामने बेकरी की दुकान है। रोडवेज बस अड्डा होने के कारण इस मार्ग पर पूरी रात आवागमन रहता है। दुकान के सामने ही रोडवेज पुलिस चौकी है, जिस पर रात में भी होमगार्ड और सिपाही रहते हैं। पुलिस से बेखौफ चोर सोमवार की रात दुकान की छत पर चढ़ गए और उस पर पड़ी टिनशेड काटकर दुकान के अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के तार काट दिए और बेखौफ होकर दुकान में रखा सामान खंगाल डाला। घटना की जानकारी सुबह तब हुई जब वह दुकान खोलने पहुंचे।

दुकान के अंदर घुसते ही उनकी नजर दुकान में बिखरे सामान पर पड़ी। उन्होंने छत की तरफ नजर दौड़ाई तो देखा कि टिनशेट कटा हुआ था। दुकान में रखा लैपटॉप, चॉकलेट, नगदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान गायब था। यह देख उनके होश उड़ गए। दुकान स्वामी ने बताया कि चोर सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी निकालकर अपने साथ ले गए हैं। पुलिस चौकी के सामने हुई चोरी की वारदात के बाद आसपास के व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर रोडवेज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। दुकानदार ने चोरों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। बताते चलें कि शहर में इन दिनों अपराधी पुलिस से बेखौफ हैं। वाहन चोरियों के साथ ही बंद घरों को चोर निशाना बना रहे हैं।

घटना के बाद सादे कपड़ों में जांच पड़ताल करते सिपाही। ● अमृत विचार

होमगार्ड के सहारे छोड़ रखी है पुलिस चौकी

लखीमपुर खीरी। शहर की रोडवेज पुलिस चौकी के सामने ब्रेड बास्केट की दुकान में चोरी की वारदात ने सदर कोतवाली पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। साथ ही गस्त व्यवस्था की पोल भी खोल दी है। सूत्र बताते हैं कि दिन हो चाहे रात। रोडवेज पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा और सिपाही अक्सर लापता रहते हैं। यदि कोई पीड़ित चौकी पहुंचता भी है तो उसे या तो सदर कोतवाली भेज दिया जाता है। या फिर थोड़ी देर बाद आने की बात कहकर टरका दिया जाता है। कहने को तो रोडवेज पुलिस चौकी है, लेकिन यह चौकी एक होमगार्ड के सहारे रहती है।

घटना की तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
–अंबर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर

ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में महिला की मौत, छह घायल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचारः कोतवाली क्षेत्र में लखीमपुर रोड पर जलालपुर गांव के पास ट्रक और पिकअप की भिड़ंत में महिला की मौत हो गई है, जबकि पिकअप सवार छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।

गोला की ओर से माल भरकर जा रहे ट्रक की लखीमपुर की ओर से आ रही पिकअप से जलालपुर के पास भिड़ंत हो गई। पिकअप में सवारियां बैठी थीं जो सभी घायल हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। घटना में लखीमपुर की मिदनिया गढ़ी निवासी सुनीता (50) पत्नी हरिचंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों रघुवीर (45), मयंक शुक्ल (19), ब्रजकिशोर (50), जगदेई (60), अर्जुनलाल (62), अनुज कुमार (22) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी छह घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वाहन की टक्कर से दूल्हे के चाचा और पंडित घायल

गोला गोकर्णनाथ। लखीमपुर रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास विवाह समारोह में बाइक पर देर शाम आ रहे दूल्हे के चाचा मुकेश तिवारी (45) निवासी ग्राम बरखेरवा और विवाह सम्पन्न कराने आ रहे पंडित राजकिशोर (28) निवासी ग्राम कैमहरा किसी वाहन से टकरा गए, जिससे दोनों गंभीर घायल हो गए। घायलावस्था में उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कराने के बाद हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल लेकर चले गए।

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No.
8439818102
7451039913

स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

गैस लीक होने से लगी आग, ससुर-बहू झुलसे

मैलानी, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के निकटवर्ती गांव नारंग निवासी मन्नू की पत्नी पूजा (25) सुबह बच्चे को स्कूल भेजने के लिए खाना बना रही थी। उसी समय अचानक गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जिससे खाना बना रही पूजा के हाथ, पैर, चेहरा झुलस गया। पूजा के ससुर हरिश्चंद के बहू को बचाने का प्रयास करते समय उनके हाथ, पैर, और चेहरा झुलस गया। आग लगने की खबर सुनकर आस पास के लोग एकत्र हो गये। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से घर में खड़ी बाइक, स्कूटी, बर्तन, चारपाई, घरेलू सामान, नगदी तथा जेवरात भी जल गये। परिजनों ने पूजा और ससुर हरिश्चंद्र को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

स्पार्किंग से महादेव टांडा में लगी आग, 60 घर राख

फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू, ग्रामीणों की चीख पुकार सुनकर अन्य गांवों में मची अफरा-तफरी

संवाददाता, सिंगाही

अमृत विचार: थाना सिंगाही के गांव महादेव टांडा में मंगलवार को छप्परपोश घर के अंदर लगे बिजली की बोर्ड में हुई स्पार्किंग से एक घर में आग लग गई। ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग बुझाने की कोशिश करते इससे पहले ही लपटों ने एक-एक कर करीब 60 घरों को चपेट में ले लिया। इससे गांव में चीख पुकार मच गई। ग्रामीण घरों का सामान निकालकर उसे बचाने की कोशिश में जुटे रहे।

थाना सिंगाही क्षेत्र की ग्राम पंचायत बथुआ के मजरा महादेवा टांडा निवासी श्रवण कुमार गौतम और उसके भाई उत्तम कुमार का छप्परपोश घर है। दोनों घर एक में जुड़े हैं। घर के अंदर छप्पर के नीचे लगे बिजली के बोर्ड में अचानक स्पार्किंग हो गई, जिससे निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। परिवार के लोगों को तब जानकारी हुई जब लपटें उठने लगीं। यह देख घर में चीख पुकार मच गई। परिवार के सदस्य शोर मचाते हुए जान बचाकर बाहर भागे। शोर शराबा होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन इस दौरान तेज हवा ने उन्हें बेबस कर दिया। हवा के कारण पल भर में उठ रहीं लपटें एक दूसरे घरों को चपेट में लेकर आगे बढ़ती रहीं। इससे पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। लोग घरों का सामान निकालकर खेतों आदि सुरक्षित जगहों पर ले जाने लगे।

साथ ही घरों को बचाने के लिए छप्परों को गिराना शुरू किया। तमाम ग्रामीण आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। सूचना पर फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मचारियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में राधे, नंदकिशोर, विजय कुमार, उत्तम कुमार, जगदंबा, बलराम, राजेंद्र, सोहन, अशोक, मेला राम, रंजीत, श्रीराम, राजकुमार, राम गुलाम, रामनरेश, हर सेवक, गुलफाम, मेहंदी हसन, सरताज समेत करीबी 60 लोगों के घर राख हो गए। अग्निपीड़ित शत्रोहन की पशुशाला में बंधी पड़िया जल गई। आग इतनी भयावह थी कि लोग जान बचाकर घरों से निकाल पाए। इससे उनका गृहस्थी का सामान रजाई, बिस्तर, कपड़ा, बर्तन, चारपाई, साइकिल, राशन आदि सब जलकर नष्ट हो गया। भीषण अग्निकांड की सूचना पाकर तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार हरीराम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निकांड का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल सर्वजीत वर्मा को नुकसान का आंकलन कर सूची बनाने के निर्देश दिए।

गांव महादेव टांडा में आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी। ● अमृत विचार

मौके पर पहुंचे तहसीलदार भीमचंद व अन्य राजस्व कर्मचारी। ● अमृत विचार

- तहसीलदार ने गांव पहुंचकर अग्निकांड का लिया जायजा
- लेखपाल को नुकसान का आंकलन कर सूची बनाने के दिए निर्देश

आग घर में लगे बिजली के बोर्ड में शार्ट सर्किट से लगने की बात सामने आई है। करीब 60 घर जलने का अनुमान हैं। अग्निपीड़ितों की सूची बनाई जा रही है। साथ ही नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। जल्द ही पीड़ितों को सरकारी मदद दिलाई जाएगी। -भीम चंद, तहसीलदार, निघासन

छप्परों पर पानी छिड़कते रहे पड़ोसी गांवों के लोग

ग्राम महादेवा टांडा में लगी भीषण आग से गांव के साथ ही आसपास के गांवों में भी हड़कंप मचा रहा। लोगों को आशंका थी कि कहीं हवा के साथ उड़कर आने वाली चिंगारी उनके गांव को भी अपनी चपेट में न ले ले। इससे ग्रामीण अपने घरों के छप्परों पर बाल्टियों आदि से पानी डालकर उसे भिगोते रहे। साथ ही घरों का सामान निकालकर गांव से दूर खेतों और खाली स्थानों पर रखते देखे गए।

दो घंटे बाद पहुंची दमकल, ग्रामीणों में रोष

सिंगाही। अग्निपीड़ितों ने बताया कि गांव में करीब एक बजे आग लगी। आग लगने के तुरंत बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर कुछ ही देर बाद पहुंच गए, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी करीब डेढ़ घंटे के बाद तब आई जब ग्रामीणों ने आग पर खुद काबू पा लिया। फायर ब्रिगेड के समय से न पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने भारी रोष देखा गया।

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

धूम्रपान का वार फेफड़ों को कर रहा बीमार

धूम्रपान निषेध दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता लखीमपुर खीरी

- जिले में चार से पांच लाख लोग कर रहे धूम्रपान, इनमें पुरुषों के साथ महिलाएं भी शामिल

अमृत विचार: तंबाकू उत्पादों का सेवन करने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। इससे लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। अत्यधिक धूम्रपान लोगों के फेफड़ों को प्रभावित कर सांस का रोगी बना रहा है।

इसमें युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। जिला अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ बताते हैं कि फेफड़े संबंधी रोग क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानि (सीओपीडी के मरीज की मुश्किल बढ़ जाती है। धूम्रपान सेहत के लिए हानिकारक है। यह श्वसन तंत्र के तमाम रोगों के साथ कैंसर तक की वजह बनता है।

इसलिए धूम्रपान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल मार्च के दूसरे बुधवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को धूम्रपान न करने के लिए जागरूक करना है। सीएमएस एवं चेस्ट फिजिशियन डॉ. आईके राम चंदानी ने बताया कि धूम्रपान किसी भी तरह को हो वह सेहत के लिए खासकर श्वसन तंत्र को अत्यधिक प्रभावित करता है। सीओपीडी ग्रसित मरीजों को इतनी खांसी आती है कि फेफड़ा बढ़ जाता।

इससे रोगी का चलना तक दूभर हो जाता है। नाक की बजाय मरीज मुंह से सांस छोड़ता है। चेस्ट फिजिशियन बताते हैं कि जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 100 से 150 मरीज आते हैं,

ये लक्षण दिखें तो हो जाएं सावधान

- लंबे समय तक बलगम वाली खांसी।
- सांस की कमी महसूस होना।
- छाती में घरघराहट की आवाज और जकड़न लगना।

एक सिगरेट छह मिनट की जिंदगी कर देती है कम

छाती एवं सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. आईकेराम चंदानी बताते हैं कि सेहतमंद रहने के लिए धूम्रपान से तौबा करनी होगी। धूम्रपान करने वालों के फेफड़े उन लोगों से कम काम करते हैं, जो धूम्रपान नहीं करते हैं। किशोरावस्था में किए गए धूम्रपान की वजह ही युवावस्था में दिल की बीमारियों का कारण बनती है। धूम्रपान और तंबाकू का सेवन कई घातक बीमारी जैसे हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी सहित कई प्रकार के कैंसर को जन्म दे सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक मध्यम आकार की एक सिगरेट का सेवन करने से व्यक्ति की छह मिनट की जिंदगी कम हो जाती है, जिसकी वजह सिगरेट में निकोटिन, कार्बन मोनोक्साइड है।

मूर्ति अनावरण आज

लखीमपुर खीरी। मथना स्थित आश्रम बाबा अमरनाथ ब्रह्मचारी के नेतृत्व में मंगलवार को निकली शोभा यात्रा भुईफोरवा नाथ मंदिर पहुंची। वहां से संकटा देवी मंदिर में पूजन करने के बाद वापस मथना आश्रम पहुंची। बाबा अमरनाथ ब्रह्मचारी ने बताया कि आश्रम परिसर में रामलोचन स्वरूप महाराज की मूर्ति स्थापना 13 मार्च को होगी। इसका अनावरण श्रीश्रीसर्वेश स्वरूप ब्रह्मचारी जी करेगें। शोभायात्रा में संदीप अग्रवाल, आशू मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा आदि थे।

केंद्रीय मंत्री ने नवनिर्मित प्रेक्षागृह का किया लोकार्पण

मैलानी में प्रेक्षागृह का फीता काटकर उद्घाटन करते अजय मिश्र टेनी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

अमृत विचारः केंद्रीय गृह राज्य मंत्री खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने मैलानी से पलिया मार्ग पर करोड़ों की लागत से बने प्रेक्षागृह का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि विकास कराना हमारा कर्तव्य है। भाजपा सरकार में देश में निरंतर विकास की गति बढ़ी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार प्रचंड बहुमत से बनेगी। भाजपा सरकार ने तीसरी बार टिकट देकर भरोसा जताया है। भाजपा सरकार ने सभी गरीबों को फ्री राशन, सिलेंडर और आवास देकर गरीबों का हित किया है। लोकार्पण समारोह में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, भाजपा नेता भवानी शंकर माहेश्वरी, अल्पसंख्यक की जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, अधिशाषी अधिकारी आरके चौधरी आदि मौजूद रहे।

भीरा पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

भानपुर, अमृत विचारः त्योहारों, लोकसभा चुनाव को देखते हुए भीरा कोतवाली पुलिस ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से बिना किसी दबाव, खौफ के मतदान करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि अराजकता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अजेंद्र यादव, कोतवाली प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने अर्द्धसैनिक बल के साथ भीरा कस्बे में फ्लैग मार्च किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री यादव ने कहा कि त्यौहार, चुनाव में गड़बड़ी करने और अफवाह फैलाने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। सभी नागरिक रंगों का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन निर्भीक होकर मतदान करें।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया शाखा संगम

निघासन, अमृत विचार : जिला पंचायत इंटर कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड निघासन ने शाखा संगम मनाया। इस दौरान निघासन खंड की सभी शाखाओं का एकत्रीकरण कर खेलकूद, समता, सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सीतापुर विभाग प्रचारक अभिषेक ने कहा कि वर्तमान में संघ का जो विशाल स्वरूप देखने को मिल रहा है। उसके पीछे प्रतिदिन लगने वाली एक घंटे की शाखा का बहुत बड़ा प्रभाव है, जहां से निकलने वाले सैकड़ों स्वयंसेवकों का परिश्रम और शक्ति संघ को बहुत ही शक्तिशाली बनाता है। एकल गीत रजनीश व अमृत वचन अनुराग ने प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला प्रचारक अविनाश, खंड संघचालक प्रेमजी, खंड प्रचारक अभिषेक सावरकर, राम निवास, डॉ. सुनील सत्यार्थ, जितेंद्र कुमार, आदर्श, हनुमत शरण, राजीव पांडेय, चंद्रशेखर, प्रभाकर, आशीष, लवकुश, सुशील, अवधेश आदि रहे।

एक युवती और दो किशोरियां दो युवकों के साथ फरार

संवाददाता, मितौली

- मितौली में एक गली में मिली युवती और युवक की स्कूटी

अमृत विचार: घर से स्कूटी से मितौली के लिए निकली थाना मैगलगंज की एक युवती और दो किशोरियां दो युवकों के साथ फरार हो गईं। युवती और एक युवक की स्कूटी मितौली बाजार में बरामद हुई है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में तीनों लड़कियों और दो युवकों की बातचीत की फुटेज मिली है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मैगलगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री गांव की ही 12 साल और 16 साल की सहेली के साथ सोमवार को स्कूटी से मितौली काम से आईं थीं, लेकिन वह घर वापस नहीं पहुंची। इस पर परिवार वालों ने तीनों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला तो उन्होंने मितौली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जब तलाश शुरू की तो कस्बे की बाजार से मंदिर जाने वाली गली में युवती की स्कूटी खड़ी हुई। पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण फुटेज लगे। पुलिस के मुताबिक फुटेज में युवती मितौली निवासी अनिकेत से बातचीत करते हुई दिख रही है। तभी पीछे से दोनों किशोरियां एक युवक के साथ आती हैं, फिर वह सब स्कूटी खड़ी कर लापता हो जाती हैं। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर मैगलगंज के गांव ककरहिया निवासी अमित कुमार और मितौली निवासी अनिकेत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि लड़कियों को बरामद करने के लिए टीम लगाई गई है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ़ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :-
14 - 15 मार्च 2024

समय :-
सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :-
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग
कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

एक नजर

हैदराबाद पुलिस ने भट्ठी और शराब पकड़ी

ममरी। हैदराबाद थाना पुलिस ने होली के त्योहार पर कच्ची शराब पर प्रतिबंध लगाने के लिए चलाए गए अभियान में ग्राम अयोध्यापुर निवासी श्रीचंद, ग्राम मडिया सड़क निवासी धर्मेंद्र कुमार, ग्राम तकिया निवासी सोमवारी, ग्राम रेनखेड़ा निवासी तीरथराम के यहां छापा मारकर 70 लीटर कच्ची शराब, लहन और बनाने के उपकरण बरामद कर उनका चालान भेज दिया है। पुलिस की छापामार कार्रवाई से कच्ची शराब बनाने वालों में हड़कंप मच गया।

हमारा आंगन हमारे बच्चे का कार्यक्रम का आयोजन

मितौली। ब्लॉक संसाधन केंद्र में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं शिक्षकों द्वारा तीन से छः वर्ष के बच्चों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम विनीत कुमार उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि विकास खण्ड अधिकारी अमित कुमार परिहार रहे। संचालन संजय कुमार ने किया।

मालगोदाम और कोल डिपो का किया लोकार्पण

प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअली शिलान्यास, जंगबहादुरगंज पहुंचे विधायक लोकेंद्र, फरधान में विधायक मंजू त्यागी रहीं मौजूद

संवाददाता, पसगवां/फरधान (खीरी)

मालगोदाम के लोकार्पण शिलापट को देखते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह।

फरधान में कोल डिपो को लोकार्पण करतीं विधायक मंजू त्यागी।

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय रेल की 85 हजार करोड़ की कई परियोजनाओं के शिलान्यास व राष्ट्र को समर्पण के क्रम में जंगबहादुरगंज को रेलवे मालगोदाम की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ने वर्चुअली शिलान्यास व लोकार्पण किए। आयोजित समारोह में क्षेत्रीय विधायक व प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे और उन्होंने भी शिलापट के लोकार्पण की रस्म निभाई। उधर, फरधान रेलवे स्टेशन पर कोल डिपो के लोकार्पण समारोह के मौके पर विधायक मंजू त्यागी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

रेल विभाग द्वारा आयोजित जंगहादुरगंज में समारोह के दौरान नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण को सुना। विधायक व प्राक्कलन समिति के सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण के दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया। उन्होंने कहा कि ट्रेनों का आवागमन बढ़ाया गया है। डिजिटलीकरण होने के साथ ही ट्रेन की स्पीड बढ़ाई गई है। विकसित देश के लिए रेल विभाग का आधुनिक व मजबूत होना बहुत जरूरी है। अब रेल विभाग के लिए अलग से बजट नहीं आता, बल्कि भारत सरकार के बजट में ही रेलवे का विकास हो रहा है। स्टेशन परिवर्तन का काम लगभग पूरा हो चुका है। रेल को नई दिशा मिली है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद रेल अधिकारियों से जंगबहादुरगंज स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के स्टापेज, पैसेंजर ट्रेन की संख्या बढ़ाने सहित मेमो ट्रेन शाहजहांपुर से लखनऊ वाया जंगबहादुरगंज सीतापुर चलाने का अनुरोध किया। रेल विभाग के अधिकारी विक्रम वर्मा ने भी संबोधित किया। अखिलेश त्रिवेदी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे के नोडल अधिकारी राजकुमार, विकास सिंह, जगदीश मौर्य, सुधीर अग्रवाल, जेके त्यागी, अजय मिश्रा, कृष्णाकांत आदि मौजूद रहे।

उधर, फरधान में एक साल पहले बजाज एनर्जी लिमिटेड द्वारा फरधान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 को तोड़कर कोल डिपो बनाया गया था। अब यहां कोल डिपो और गुड्स शेड का उद्घाटन किया गया है। हालांकि अभी शेड पूरा तैयार नहीं हुआ है। इस दौरान विधायक मंजू त्यागी ने बताया कि स्टेशन पर गुड्स शेड बनने से अब यहां के व्यापारियों को सामान मंगाने में आसानी होगी।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय रेल की 85 हजार करोड़ की कई परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण किया है। इसके तहत जंगबहादुरगंज में मालगोदाम की सुविधा दी गई है। साथ ही फरधान में कोल डिपो, गुड्स शेड और मैलानी में प्रेक्षागृह का उद्घाटन किया है। इससे यात्रियों और व्यापारियों को काफी सहूलियत मिलेगी।
> **-लोकेंद्र प्रताप सिंह,** विधायक- मोहम्मदी।

नहीं पहुंची राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

पसगवां। रेलवे मालगोदाम के शिलापट अनावरण कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद रेखा अरुण वर्मा का पहुंचना था। मंच पर इनके नाम की भी स्लिप लगी थी, लेकिन वह नहीं आईं। इसके बाद मौजूद आयोजक अधिकारियों ने नेम स्लिप हटाकर अन्य अतिथियों को स्थान दिया। जंगबहादुरगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की समस्या व फाटक के करीब क्षतिग्रस्त व जलभराव वाली सड़क की दिक्कतों को लेकर आवाज उठानी थी, लेकिन उनके न आने से लोग मायूस होकर लौट गए। कार्यक्रम डीसीएम श्रीराम लिमिटेड शुगर एवं डिस्टिलरी यूनिट अजबापुर के यूनिट हेड कुलदीप सिंह भी नहीं पहुंचे।

वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

गोविंदापुर के नाइस एजुकेशनल एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने कार्यक्रम किए पेश

अमृत विचार: गोविंदापुर स्थित नाइस एजुकेशनल एकेडमी के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों के संस्कृति कार्यक्रमों की धूम रही।

विद्यालय में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में हुए वार्षिकोत्सव का आरंभ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। प्रबंध समिति ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने कहा कि शिक्षित होने से ही देश, समाज का विकास संभव है। अध्यक्षता कर रहे बार अध्यक्ष ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया। समारोह को डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्रीपाल वर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन शिक्षक रामासरे त्रिवेदी ने किया।

बम्हापुर में अन्नपूर्णा भवन का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

निघासन, अमृत विचार : केंद्रीय गृह राज्यमंत्री खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने बम्हनपुर में बने अन्नपूर्णा भवन का मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी और नागरिकता संशोधन कानून के बारे में भी बताया। बीजेपी की सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून लाकर यह साबित कर दिया कि हम वोट की राजनीति नहीं करते हैं। इस दौरान लाभार्थियों को निशुल्क राशन किट भी वितरण की है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, संजय गिरि, प्रधान प्रतिनिधि संतोष शुक्ला, मुनीर कोटेदार, सतीश सक्सेना पूर्व प्रधान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

छोटी काशी के चैती मेला के लिए 37 लाख रुपये का बजट पास

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में मौजूद सभासद और पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- बिजली की दरों पर 20 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में छोटी काशी के चैती मेला के लिए 37 लाख रुपये का बजट पास किया गया है। इस बार मेला और अधिक भव्य तरीके से लगाने के आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा भी की गई।

नगर पालिका सभागार में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में चैती मेला 2024 को सम्पन्न कराने के लिए 37 लाख रुपये के बजट को सर्वसम्मति से पास किया गया। नगर पालिकाध्यक्ष ने बताया कि बिजली की दरों पर 20 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है । बैठक में सभासद नानकचंद वर्मा, राजेश वर्मा, कफील अहमद, आशीष अवस्थी ने चैती मेला को बेहतर सम्पन्न कराने के सुझाव दिए। संचालन मोहित गिरि ने किया। बैठक में उप जिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी रत्नाकर मिश्र, सभासद हर्ष अवस्थी, दीपिका सैनी, धर्मेंद्र वाल्मीकि, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र तिवारी, रियाजुद्दीन, सुफियान खान, इजरान अहमद, अनिल कुमार गुप्ता, हरिओम वर्मा आदि मौजूद रहे।

डीएम ने 43 उद्यमियों को किया सम्मानित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

उद्यमी को सम्मानित करते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह। ● अमृत विचार

- इन्वेस्टर्स समिट में निवेश करने वालों को मिला सम्मान

अमृत विचार: इन्वेस्टर्स समिट में प्रतिभाग कर निवेश करने वाले 43 उद्यमियों को प्रदेश सरकार से मिले स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की समस्याओं का समय पर गुणवत्तापरक निस्तारण करें, जिससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

जिला उद्योग बंधु की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इस दौरान लखनऊ में आयोजित इन्वेस्ट यूपी कार्यालय उद्घाटन हुआ और सीएम इन्वेस्टर संवाद का एलईडी पर लाइव प्रसारण हुआ। इसके बाद 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाले 13 और 10 करोड़ से कम निवेश करने वाले 30 उद्यमियों को डीएम एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने शासन से मिले स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारियों की ओर से उठाई गई समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उद्यमियों ने महेवागंज से लखीमपुर गोला बाईपास सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का मुद्दा उठाया। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजने के निर्देश दिए। उपायुक्त (उद्योग) संजय सिंह ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की प्रगति के बारे में जानकारी दी। बैठक में उद्यमियों सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कौमी एकता पर दिया जोर

कुकरा, अमृत विचार: कस्बा कुकरा में बांकेगंज मार्ग पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री इखलाक उर्फ मुन्ना के आवास पर हुई बैठक में वक्ताओं ने 2024 में कौमी की एकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि मुन्ना खां ने कहा कि कौमी एकता से गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखा जाए, तभी संगठन का महत्व होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष याकूब अली, मोहम्मद उमर, कश्मीर सिंह, परवेज खान, अरबाज खान, खालिद खान, इरशाद खान, साजेब खान, शहबाज आदि मौजूद रहे।

युवाओं का पांच दिवसीय प्री रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण शुरू

पलिया कलां, अमृत विचार : गांव सुमेरनगर, गौरीफंटा एवं सूडा समवाय में भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के लिए एसएसबी ने नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय प्री-रिक्रूटमेंट प्रशिक्षण कोर्स का मंगलवार को आरंभ किया। समवाय प्रभारी सूडा सुनील कुमार ने बताया कि यह युवा इस कार्यक्रम के जरिए न केवल शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत बनेंगे, बल्कि विभिन्न बलों में चयनित होने के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय बालिकाओं ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। बदलते भारत तथा बलों द्वारा महिलाओं की सहभागिता के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है

दुधवा के जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, सिंगाही

- चार दिन से लापता था युवक परिजन कर रहे थे तलाश

अमृत विचार: दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की किला रेंज के जंगल में रूपनगर बैराज के पास एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका देखे जाने से सनसनी फैल गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। शव की पहचान धीरज यादव (25) निवासी खैराहना थाना निघासन के रूप में हुई है। वह चार दिनों से लापता था। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

दुधवा नेशनल पार्क की बफर जोन की रेंज मझगई के वाचर सर्वेश ने सिंगाही पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र में सुहेली बैराज के निकट रूपनगर बंधे के पास जंगल के अंदर पेड़ में एक शव रस्सी से लटक रहा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। तमाम लोगों की भीड़ भी मौके पर जुट गई। पुलिस ने शव नीचे उतारा और उसकी तलाशी ली तो उसके जेब में एक मोबाइल मिला, जो कि वो स्विच आफ था। पुलिस ने मोबाइल को चार्ज कर कॉल की तो कॉल मृतक के बहनोई राजेश के पास पहुंची। सूचना पर परिवार के लोग पहुंच गए और शव की पहचान की। मृतक की पत्नी शोभा ने बताया कि उनका बंटवारे को लेकर परिवार में ही विवाद हो गया था। 10 मार्च से पति गायब थे। पत्नी ने एक शिकायती पत्र बंटवारे को लेकर मझगाई थाने में दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। प्रभारी निरीक्षक सिंगाही अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह साफ होगी।

जर्जर मार्ग बनवाने को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

कुकरा। बांकेगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत हजरतपुर रोड से लौकिया जाने वाला कच्चा मार्ग जर्जर हो गया है। जिस पर निकलना मुश्किल है। हजरतपुर से लौकिहा जाने वाले मार्ग को पक्का कराने के लिए क्षेत्र के तमाम लोगों ने जनप्रतिनिधियों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन कच्चे मार्ग पर अब तक खड़ंजा न लगने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि हजरत पुर से लोहिया जाने वाला मार्ग कच्चा होने से किसानों को गन्ना ले जाते समय ट्रैक्टर ट्राली पलटने का भय बना रहता है। यह मार्ग आधा ग्राम पंचायत हजरतपुर में है। ग्रामीणों परमेश्वरदीन, रामनिवास, नवनीत, राजेश, रवि, जनरल सिंह, जसवीर सिंह ने दोनों प्रधानों से गुहार लगाई है कि जल्द ही इस कच्चे मार्ग पर मिट्टी डालकर खड़ंजा लगवाया जाए।

शराब पर रोक के लिए भारतीय बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अवैध शराब को रोकने के लिए भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुखवीर सिंह को सौंपा है। ज्ञापन में भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तमाम जगहों पर घर में अवैध शराब बनाने और बिक्री के चलते क्षेत्र में अशांति का माहौल है। जिला आबकारी विभाग और गोला के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते जहरीली कच्ची शराब का कारोबार बंद नहीं हो पा रहा है। भारतीय बजरंग दल ने शराब के इस अवैध कारोबार पर रोक लगाई जाने की मांग की है।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपने भाई मुनेश कुमार सागर पुत्र श्री महेश कुमार, निवासी- वार्ड 2, बिशारतगंज, जिला बरेली को उसके गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मुकेश कुमार पुत्र महेश कुमार, निवासी-वार्ड नं. 2, बिशारतगंज, जिला बरेली**

सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा घरेलू नाम ऊषा दर्ज हो गया है जबकि मेरे राशन कार्ड व सामान्य निवास प्रमाण पत्र में मेरा नाम रेखा देवी है जो कि सही व सत्य है। मेरे आधार कार्ड में सही नाम रेखा देवी दर्ज किया जाये। **रेखा देवी पत्नी लीलाधर निवासी ग्राम ककरा कला तहसील फरीदपुर थाना भुता जनपद बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
पाइल्स/बवासीर
क्षारसूत्र चिकित्सा
व्रण (Wound)
- पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
- कुराठी (कोर्न) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
- शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
- हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
- पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
- मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि
-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
डॉ. अनु कोटिया
B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन
(केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

एक नजर

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत गंभीर

गोला गोकर्णनाथ। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सहुआपुर निवासी रेनू वर्मा (35) पत्नी नवलकिशोर ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे सीएचसी लाये, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

एटीएम कार्ड बदलकर 54,000 रुपये निकाले

बिजनौर, अमृत विचार : गांव मोमिनपुर उर्फ गिलाड़ी निवासी अमन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। वह एटीएम से रुपये निकाले में गया। वहां मिला एक युवक उसका एटीएम लगाने लगा और एटीएम कार्ड बदल दिया। इसके बाद ढक्का कर्मचंद स्थित एटीएम से उसके खाते से 54,000 रुपये निकाल लिए गए।

दिल्ली में गनर छोड़ तौकीर रजा फरार

कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पहुंची पुलिस, आधी रात तक कुछ पता नहीं लगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

मौलाना तौकीर रजा

● दंगे के केस में कोर्ट ने करार दिया है मुख्य अभियुक्त आज है सुनवाई

अमृत विचार : ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति देने के खिलाफ जेल भरो का एलान करने वाले मौलाना तौकीर रजा अब गिरफ्तारी के डर से अपने दोनों गनर दिल्ली में छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक मंगलवार को दिल्ली पहुंची पुलिस टीम तौकीर की तलाश में दबिश दे रही है लेकिन आधी रात तक उनका कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि तौकीर की लोकेशन दिल्ली में ही मिलने की बात कही जा रही है।

अदालत ने पांच मार्च को शहर में 2010 में हुए दंगे के केस की सुनवाई के दौरान मौलाना तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार देकर 11 मार्च को पेश होने का हुक्म दिया था। बताया जा रहा है कि उस दौरान तौकीर दिल्ली में थे। पुलिस ने भी अदालत का समन तामील कराने में टालमटोल की। तौकीर के 11 मार्च को पेश न होने पर अदालत ने गैरजमानती वारंट जारी कर पुलिस को उन्हें 13 मार्च को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया।

मंगलवार को पुलिस टीम के साथ सीओ फर्स्ट संदीप कुमार सिंह तौकीर की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पहुंचे तो पता चला कि वह दिल्ली में ही अपने गनर छोड़कर फरार हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक देर रात तक दिल्ली में तलाश के बावजूद मौलाना तौकीर का कुछ पता नहीं चल पाया। तौकीर के दोनों गनर भी अभी दिल्ली में हैं, पुलिस टीम मौलाना के ठिकानों का पता लगाने के लिए उनसे भी मदद लेने की कोशिश कर रही है। अफसरों के मुताबिक दिल्ली में पुलिस लगातार तौकीर की तलाश में दबिश दे रही है।

अदालत के नाराजगी जताने के बाद तौकीर के गनर से किया संपर्क

अदालत ने पांच मार्च को मौलाना तौकीर रजा को पेश होने का आदेश दिया था। इसके बाद पुलिस को तौकीर को अदालत का समन देना था लेकिन इसके लिए तौकीर की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से ही संपर्क नहीं किया गया। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान समन तामील न होने पर जब अदालत ने कड़ी नाराजगी जताई तब कहीं पुलिस ने तौकीर के सुरक्षाकर्मियों से संपर्क कर उनकी लोकेशन पता करने की कोशिश की, तब मालूम हुआ कि तौकीर उन्हें दिल्ली में छोड़कर फरार हो गए हैं।

> तौकीर की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम के साथ सीओ प्रथम दिल्ली पहुंच गए हैं और वहां लगातार दबिश दे रहे हैं। तौकीर अपने गनर छोड़कर फरार हो गए हैं, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

यतीमखाना के दो मामलों में इंस्पेक्टर ने दर्ज कराए बयान

रामपुर, अमृत विचार: एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में मंगलवार को यतीमखाना प्रकरण के दो मामलों में सुनवाई हुई। इंस्पेक्टर ने अपने बयान दर्ज कराए। दूसरे मामले में आजम खां के अधिवक्ता ने जिरह की। अब इन दोनों मामलों में 20 मार्च को सुनवाई होगी। डूंगरपुर के एक मामले में भी सुनवाई हुई। इसमें अब 13 मार्च को सुनवाई होगी। सपा शासन में शहर कोतवाली स्थित यतीमखाना बस्ती को खाली कराया गया था। इसे लेकर शहर कोतवाली में मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2019 में कई मामले दर्ज किए गए थे। इसमें सपा नेता आजम खां, पूर्व सीओ आले हसन समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। सभी मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट में चल रही है।

गढ़का गांव में दिखे तीन अजगर, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, गंजडुण्डवारा (कासगंज)

गांव में निकला अजगर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गढ़का गांव के पास खेत में तीन विशालकाय अजगर देखे गए। जिसे जानकारी मिली वह अजगरों को देखने दौड़ पड़ा। वन विभाग के कर्मचारी भी पहुंच गए लेकिन तब तक अजगर खेतों में जा चुके थे। गांव गढ़का से सादिकपुर रोड पर मंगलवार को एक साथ तीन अजगर देखे गए। इनकी लंबाई करीब 15 फीट थी। खबर फैली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दे दी गई।

वन विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंची। साथ ही वन्य जीवों के विशेषज्ञ भी बुलाए गए। अजगरों को तलाशने का प्रयास किया लेकिन तब तक वे वहां से जा चुके थे। वनकर्मियों ने काफी तलाश किया लेकिन उनका पता नहीं लगा। अब वन कर्मी बुधवार सुबह अजगरों को तलाशने का अभियान चलाएगा। अजगर निकलने से ग्रामीणों में जानमाल के नुकसान को लेकर दहशत फैल गई। उन्होंने जल्द अजगरों को पकड़कर दूर जंगल में छुड़वाने की मांग की।

13 सौ छात्र देंगे पीएचडी प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 15 से 20 मार्च के बीच प्रस्तावित है। जल्द ही परीक्षा की तिथि निर्धारित की जाएगी। परीक्षा बरेली के अलावा चार शहरों में कराई जाएगी, इसके लिए केंद्र निर्धारित करने की तैयारी की जा रही है।

शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 15 से 20 मार्च निर्धारित की गई है। जल्द ही परीक्षा की तिथि आवेदन करने वाले छात्रों को बताई जाएगी। विश्वविद्यालय और शोध निदेशालय की वेबसाइट पर भी इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए करीब 28 सौ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बरेली के अलावा मेरठ, गाजियाबाद और लखनऊ में केंद्र बनाए जाएंगे। बरेली में करीब 13 सौ छात्रों की परीक्षा कराई जाएगी। इसमें विश्वविद्यालय परिसर में केंद्र बनाए जाएंगे। छात्रों की संख्या के आधार पर केंद्र और शहरों का चयन किया जा रहा है।

वेबसाइट पर अपडेट नहीं लोकपाल की नियुक्ति

बरेली। यूजीसी की वेबसाइट पर अभी तक लोकपाल की नियुक्ति अपडेट नहीं हुई है, जबकि विश्वविद्यालय में लोकपाल का गठन हो गया है। मंगलवार को यूजीसी ने लोकपाल का गठन न करने वाले 228 विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है, जिसमें 159 राज्य विश्वविद्यालय, 67 निजी और दो डीम्ड विश्वविद्यालय हैं। इसमें उत्तर प्रदेश के 22 विश्वविद्यालय हैं, जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय का भी नाम है। यूजीसी ने 12 अप्रैल 2023 को लोकपाल के गठन के निर्देश दिए थे। यूजीसी ने 5 और 31 दिसंबर 2023 को लोकपाल के गठन की सूचना अपडेट करने के निर्देश दिए थे लेकिन अभी तक यूजीसी की वेबसाइट पर सूचना अपडेट नहीं हुई है।

कोर्ट के आदेश पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

माधोटांडा, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि 19 सितंबर 2023 की रात वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर थी। घर के बाहर बैटरी वाली लाइट जल रही थी। इस बीच गांव का ही एक युवक घर में घुस आया।

तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। शोर पर परिवार के सदस्य जाग गए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। दूसरे दिन आरोपी के घर जाकर शिकायत की गई तो परिजन को भी धमकाया। पुलिस ने उस वक्त शिकायत को टाल दिया। जिसके बाद कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बुद्धपाल, रामचंद्र, सतीश, कोमिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

राज्यमंत्री व डीएम ने योजनाओं से कराया रूबरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यमंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम। ● अमृत विचार

● सूचना विभाग की ओर से तीन दिवसीय प्रदर्शनी आरंभ

अमृत विचार : सूचना विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी मंगलवार को आरंभ हुई। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह एवं डीएम संजय कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। साथ यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश, प्रदेश में 1.75 करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन, 451 करोड़ से काशी में बन रहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, अंतर्देशीय जल मार्ग की जानकारी दी जा रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति, मेट्रो, सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र का संचालन, 58000 बीसी सखी का चयन, एक जनपद एक उत्पाद, मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन, चार अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित, 10 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाकर 1.05 करोड़ से अधिक महिलाओं को रोजगार देने सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारियां प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई।

राज्यमंत्री एवं डीएम ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और मौजूद लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, अपर सूचना अधिकारी विपिन कुमार, जिला सूचना कार्यालय के मुकेश कुमार, ललित कुमार, अमित कुमार, रूप बसंत समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सीएम के कार्यक्रम का किया सजीव प्रसारण

पीलीभीत। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी इन्वेस्ट कार्यालय का उद्घाटन किया गया। स्थानीय गांधी सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान डीएम संजय कुमार सिंह ने निवेशकों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला उद्यान अधिकारी बालीशरण चौधरी, डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला समेत तमाम अधिकारी एवं निवेशक मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री ने मालगोदाम व स्टॉल का किया वर्चुअल लोकार्पण

कार्यक्रम में शिलापट का अनावरण करते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शिलापट का अनावरण, स्क्रीन पर दिखाया कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार के रेलवे स्टेशन पर ओएसओपी के तहत खोले गए स्टॉल एवं बीसलपुर के नवनिर्मित मालगोदाम का वर्चुअल लोकार्पण किया। रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

रेल मंत्रालय ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य व स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को बाजार मुहैया कराने के लिए एक स्टेशन एक उत्पाद योजना शुरू की है। इसके तहत पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर एक स्टॉल का संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत संचालित स्टॉल एवं बीसलपुर में सात करोड़ से अधिक की लागत से बने रेलवे मालगोदाम को वर्चुअल लोकार्पण किया। स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने शिलापट का अनावरण किया। इस मौके पर सहकारी बैंक अध्यक्ष सत्यपाल गंगवार, सांसद प्रतिनिधि कमलकांत, दीपक पांडेय, सहायक वाणिज्य प्रबंधक ईश्वर सिंह राणा आदि रहे।

मुख्यमंत्री करेंगे 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

बरेली, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को करीब दो घंटे बरेली में रहेंगे। यहां वह बरेली कॉलेज ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करने के साथ करीब 328 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मंगलवार को पूरे दिन अफसर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां करने में जुटे रहे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लखनऊ से जारी होने के बाद अफसर तैयारियों में जुट गए। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हैलिकॉप्टर फर्रुखाबाद के सातनपुर से उड़ान भरकर 3.35 बजे पुलिस लाइन के हैलिपैड पर उतरेगा। यहां 20 मिनट का समय आरक्षित रहेगा, 3.55 बजे मुख्यमंत्री कार से बरेली कॉलेज में जनसभा स्थल के लिए निकलेंगे। शाम चार से पांच बजे के बीच वह 328.43 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

परीक्षण में मोतियाबिंद के 36 मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली के डॉक्टरों की टीम ने किया मरीजों का परीक्षण

● निशक्तजन सेवा संस्था की ओर से लगे मासिक शिविर में 314 लोग हुए शामिल

दिव्यांग को ट्राई साइकिल का वितरण करते संस्था अध्यक्ष व अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : निशक्तजन सेवा संस्था की ओर से मंगलवार को पूरनपुर रोड स्थित एक राइस मिल में मासिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें 314 लोग शामिल हुए। इसमें पूर्व से पंजीकृत दो निशक्तजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। अतिथि के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, नगर पालिका चेयरमैन डा. आस्था अग्रवाल, पद्मा चंद्रा, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अनिल गुप्ता रहे।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली से आई डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। मोतियाबिंद ऑपरेशन के 36 मरीजों का पंजीकरण किया गया। दांतों के 48 मरीजों ने डेंटल वैन में अपने दांतों की जांच कराई। 219 मरीजों को चश्मा व दवाएं निशुल्क वितरित की गईं। पांच दिव्यांगों ने ट्राई साइकिल और तीन ने कान की मशीन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में 129 महिलाओं को संस्थान की ओर से साड़ियां वितरित की गईं। इसमें पसमंदा मुस्लिम समाज के लोगों ने भी सहभागिता की। संस्था अध्यक्ष अमृतलाल ने बताया कि दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन आदि वितरित करने की व्यवस्था शीघ्र की जाएगी। सचिव अनिल कमल ने बताया कि संस्था के पास कोरोना काल से ही ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। संचालन चिरंजीव गौर ने किया।

इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस

वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर

मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर

15 मार्च – 20 मार्च 2023

पंजीकरण मात्र 50/-

मुफ्त परामर्श | मुफ्त दाँतों की सफाई | मुफ्त पायरिया का इलाज

बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी

पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली

संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक :- ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

रामेश्वरम कैफे विस्फोट के संदिग्ध की राज्य से होने की पुष्टि नहीं

बेंगलुरु। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने मंगलवार को रामेश्वरम कैफे बम विस्फोट के संदिग्ध को लेकर चल रही अटकलों को लेकर कहा कि हमलावर के राज्य से होने की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। डॉ. परमेश्वर ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि अटकलें चल रही हैं, लेकिन संदिग्ध के पकड़े जाने तक य असत्यापित रहती हैं। डॉ परमेश्वर ने पुष्टि की कि कानून प्रवर्तन अधिकारी सक्रिय रूप से आरोपियों का पीछा कर रहे हैं और यह संकेत दिया है कि जांच आगे बढ़ने पर और विवरण सामने आएंगे।

जमानत के बाद 48 घंटे में कैदियों की रिहाई सुनिश्चित करें: अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के संबंधित अधिकारियों से एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन कैदियों को जमानत दी गई है उन्हें 48 घंटे की अवधि के भीतर जेल से रिहा किया जा सके। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति अमित महाजन की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में जहां किसी कैदी को अंतिम संस्कार या शादी में शामिल होने जैसी अनिवार्यताओं के कारण रिहा किया जा रहा है, तो ऐसे मामलों में समय सीमा को और भी कम करना होगा।

आखिर दिल्ली पुलिस ने दे दी महापंचायत की अनुमति: एसकेएम

नई दिल्ली। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली पुलिस ने उसे 14 मार्च को रामलीला मैदान में 'किसान मजदूर महापंचायत' आयोजित करने की अनुमति दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने कड़ी शर्तों के साथ इजाजत दी है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम हर्षवर्धन ने कहा, हमने सख्त शर्तें लगाई हैं और एसकेएम नेताओं ने एक शपथपत्र पर हस्ताक्षर किए हैं कि वे शर्तों का पालन करेंगे। एसकेएम ने कहा कि महापंचायत में मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ 'लड़ाई तेज करने' का प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग ने पार्टी चिह्न से जुड़े नियमों में किया संशोधन

आरक्षण एवं आवंटन का संशोधित आदेश पूरे भारत में होगा लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, निर्वाचन आयोग ने पार्टी चिह्नों के आवंटन से संबंधित एक प्रमुख नियम में संशोधन किया है ताकि इसे केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में लागू किया जा सके।

निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि चुनाव चिह्न (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश, 1968 संशोधित समझा जाए और यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जब तक जम्मू कश्मीर एक 'राज्य' था, इसका जन प्रतिनिधित्व कानून, 1951 का अपना प्रारूप था और देश में अन्य स्थानों पर लागू होने वाला कानून वहां लागू नहीं होता था। बाद में, केंद्र ने 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया और जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया।

तब, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम,1951 जम्मू कश्मीर में लागू हुआ। अब, लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले, निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिह्न (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश में संशोधन किया है ताकि इसे केंद्र शासित प्रदेश में लागू किया जा सके। पूर्व के आदेश में कहा गया था कि इसे पूरे भारत में विस्तारित किया गया है, और जम्मू कश्मीर राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अलावा सभी संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में लागू होता है। संशोधित प्रारूप के अनुसार, यह पूरे भारत में और सभी संसदीय एवं विधानसभा क्षेत्रों पर लागू होता है। संशोधित आदेश में कहा गया है कि 'राज्य' में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर शामिल हैं। आयोग चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए अभी जम्मू कश्मीर के दौरे पर है।

कानून स्पष्ट शब्दों में नहीं कहता खनिज पर कर लगाने का अधिकार केवल संसद को : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से पूछा कि कानून स्पष्ट शब्दों में यह क्यों नहीं कहता कि केवल संसद के पास ही खनिजों पर कर लगाने की शक्ति है और राज्यों को वसूली करने का अधिकार नहीं।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि क्या उनकी यह दलील कि संघ एकरूपता लाने के लिए खनिजों पर कर तय करता है, संविधान में निहित शक्ति के संघीय वितरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पीठ ने कहा, कानून यह क्यों नहीं कहता कि यह वह कर है जो संघ वसूल करेगा और उस हद तक राज्य की शक्ति का हनन होगा या ऐसा कुछ? मेहता ने दलीलों में कहा कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआरए) की संपूर्ण संरचना खनिजों पर कर लगाने की राज्यों की विधायी शक्ति की सीमा से जुड़ी है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, यह एक वांछनीय दलील है कि करों में एकरूपता के लिए केंद्र इसे तय कर सकता है और यह नीतिगत मामल है, सवाल यह उठता है कि क्या यह शक्ति के संघीय वितरण पर असर डालेगा।

गैंगस्टर जठेड़ी और अनुराधा ने पुलिस व्यवस्था में लिए फेरे

नई दिल्ली। गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और हिस्ट्रीशीटर अनुराधा चौधरी उर्फ मैडम मिंज मंगलवार को दिल्ली में भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच सात फेरे लिए। चौधरी हरियाणा के सोनीपत से एक एसयूवी कार में विवाह स्थल पर पहुंचा। पुलिस ने द्वारका सेक्टर-3 के संतोष गार्डन इलाके में स्थित बारात घर के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था की है। संदीप के वकील ने 51,000 रुपये में बारात घर बुक किया है।

निरीक्षण को घूंघट में पहुंची आईएएस

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद स्थित एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जिले की महिला एसडीएम घूंघट डालकर औचक निरीक्षण करने पहुंच गईं। एसडीएम ने आम मरीजों की तरह लाइन में लगकर पर्चा बनवाया और कतार में लग गईं। जब खुलासा हुआ कि घूंघट वाली महिला कोई और नहीं बल्कि एसडीएम हैं, तो वहां मौजूद कर्मचारियों के पसीने छूट गए।

मंगलवार को जब एसडीएम सदर कृति राज के पास शिकायत आई की दीदमई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्ते के काटने के इंजेक्शन नहीं लगाये जा रहे हैं। इसकी जांच करने जब वह वहां पहुंची तो उन्होंने गाड़ी से उतरते ही दुपट्टे से घूंघट किया। अधिकारी ने साधारण

मरीज की तरह पर्चा बनवाया। जब वह दवाई चेक करने के लिए गई तो उन्हें बहुत सारी दवाएं एक्सपायरी डेट की मिली। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और कर्मचारियों का मरीज के प्रति बहुत खराब रवैया मिला। एसडीएम ने कहा कि वह इसको लेकर सख्त कार्रवाई करेंगी। फिलहाल, कार्रवाई के लिए निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है।

संजीव सहित 24 लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- **साहित्य अकादमी की 70वीं वर्षगांठ के पर साहित्योत्सव का किया गया आयोजन**

हिंदी उपन्यासकार संजीव और अंग्रेजी लेखिका नीलम शरण गौड़ सहित 24 लेखकों को मंगलवार को यहां साहित्य अकादमी पुरस्कार (2023) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह साहित्य अकादमी की 70वीं वर्षगांठ के जश्न 'साहित्योत्सव' के साथ आयोजित किया गया।

साहित्य अकादमी पुरस्कार जिन कृतियों के लिए दिए गए उनमें कविता की नौ पुस्तकें, छह उपन्यासों के साथ ही लघु कथाओं की पांच किताबें भी शामिल हैं। जानेमाने लेखक संजीव को उनके उपन्यास 'मुझे पहचानो' और नीलम शरण गौड़ को उनके उपन्यास 'रेक्युम इन रागा जानकी' के लिए सम्मानित किया गया। उर्दू में सादिका नवाब सहर को उनकी किताब 'राजदेव की अमराई' के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसके अलावा जिन रचनाकारों को पुरस्कृत किया गया है उनमें विजय वर्मा (डोगरी), विनोद जोशी (गुजराती), मंशूर बनिहाली (कश्मीरी), एस गंभिनी (मणिपुरी), आशुतोष परीडा (उड़िया), गजेसिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), अरुण रंजन मिश्र (संस्कृत), विनोद आसुदानी (सिंधी) शामिल हैं।

इसके अलावा स्वपनमय चक्रवर्ती (बांग्ला), कृष्णात खोत (मराठी) और राजशेखरन (तमिल), प्रणवज्योति डेका (असमिया), नंदेश्वर दैमारि (बोडो), प्रकाश एस. पर्येंकार (कोंकणी), टी. पतंजलि शास्त्री (तेलुगु) और तारासीन बासकी (संताली) को भी प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार से नवाज़ा गया।

गडकरी पर निशाना, उद्धव बोले- अपमान हो रहा है तो हमसे जुड़ें

यवतमाल (महाराष्ट्र)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को एक बार फिर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कहा कि अगर उनका अपमान हो रहा है तो वे भाजपा छोड़ दें। ठाकरे ने कहा कि गडकरी भाजपा छोड़ते हैं तो महाराष्ट्र में विपक्षी दल लोकसभा चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे।

पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के पुसद में एक रैली में ठाकरे ने कहा कि (पूर्व कांग्रेस नेता) कृपाशंकर सिंह जैसे लोगों का नाम, जिन्हें भाजपा (कथित भ्रष्टाचार को लेकर) निशाना बनाती थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भाजपा के उम्मीदवारों की पहली सूची में शामिल था लेकिन गड़करी का नाम गायब था। ठाकरे ने कहा, मैंने यह बात दो दिन पहले गडकरी से कही थी और मैं इसे दोहरा रहा हूं। यदि आपका अपमान किया जा रहा है, तो भाजपा छोड़ दें और महा विकास आघाडी (एमवीए) में शामिल हो जाएं। जब हमारी सरकार सत्ता में आएगी तो हम आपको मंत्री बनाएंगे और यह शक्तियों वाला पद होगा।

एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस शामिल हैं। इस बीच, ठाकरे ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत नियमों की अधिसूचना को 'चुनावी जुमला' करार दिया। ठाकरे ने कहा कि भारत आने वाले हिंदुओं, सिखों, पारसियों और अन्य लोगों का स्वागत है, लेकिन अधिसूचना का समय संदेह पैदा करता है क्योंकि चुनाव करीब हैं।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं

पत्रांक: वरि.सहा.सा.एवं वै.शि./20749-53/2023-24 दिनांक: 12.03.2024

विज्ञप्ति / सूचना

निदेशक साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा / सचिव, राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, उ.प्र., लखनऊ के पत्रांक: सा.एवंवै.शि./18862-19034/2023-24 दिनांक 28.02.2024 का अवलोकन करना चाहें, जिसके द्वारा सह उत्तर पुस्तिका की एक सेट (04 पेज दोनों तरफ) के कुल 9491 सेट का गोपनीय रूप से मुद्रण कर परीक्षार्थी संख्या के आधार पर परीक्षा केन्द्रवार सीलबन्द बण्डल प्रत्येक विकास क्षेत्र पर दिनांक 16.03.2024 की अपरान्ह तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराये जाने हैं। अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मे से कुटेशन दिनांक 14.03.2024 की अपरान्ह तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित किये जाते हैं।

स्वाती भारती
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बदायूं

कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रीपुर बुजुर्ग वि.खं. सिंधौली, शाहजहांपुर

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिश्रीपुर बुजुर्ग की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/ केन्द्रीय वित्त आयोग / मनरेगा / एम.बी.एम. (ग्रा.) / ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं / ठेकेदारों से सीलबन्द निविदाएं 13.03.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15.03.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी । विवरण निम्नवत् है:-

क्र.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
01.	कुलदीप के मकान से गोपाल के मकान तक एक तरफ नाली व इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य मनरेगा से।	90x3.5 मीटर	4,00,000 लाख

भीखम सिंह
ग्राम प्रधान

रामबहोरन चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत सराय, वि.खंड शेरगढ़ (बरेली)

अल्पकालीन निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सराय में मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्यों हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्न है- ईंट, बजरफुट, सीमेन्ट, बजरी, रोड़ी, रेता व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है। उक्त सामग्री सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 12.03.2024 से दिनांक 14.03.2024 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन दिनांक 14.03.2024 को अपरान्ह 1 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। विवरण निम्न है :-

1. मेन रोड से पंचायत घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य, लम्बाई 210x4.5 मीटर, अनुमानित लागत 1,00,000/-, 2. लोकीराम के खेत से शमशान भूमि तक मिट्टी कार्य व खड़ंजा निर्माण कार्य, 400×4 मीटर, अनु. लागत 8,00,000/-

ग्राम प्रधान-सन्तोष कुमारी
सचिव-नन्हे खां

कार्यालय पंचायत सोरहा, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

निविदा सूचना

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

क्र.सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	अनु. लागत
1.	मेन सड़क से अबरार के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य	2%	3,99,700.00

उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजरफुट, मोरंग, सीमेंट, रेत, सरिया एवं जो प्राक्कलन में है आदि की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/03/2024 से दिनांक 15/03/2024 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 15.03.2024 को सायं 04:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी ।

ग्राम प्रधान-शहनाज नूरी
सचिव-शेर सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत भदपुरा, विकास खंड भदपुरा बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भदपुरा की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.03.2024 से दिनांक 14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 14.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत
1.	सोमपाल दिवाकर के घर से कालीचरन के घर तक सी.सी.	3,20,000/-

प्रधान-ओमेन्द्र पाल
सचिव-नरेश पाल सागर

कार्यालय पंचायत लोहार नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी (बरेली)

निविदा सूचना

मनरेगा एवं ग्राम निधि की स्वीकृत कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य, कार्येदायी संस्था ग्राम पंचायत के द्वारा कराए जाने हैं।

क्र.सं.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	अनु. लागत
1.	होली चौराहे से सत्यराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य	2%	3,99,570.00

उपरोक्त कार्य हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, बजरी, बजरफुट, मोरंग, सीमेंट, रेत, सरिया एवं जो प्राक्कलन में है आदि की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/03/2024 से दिनांक 15/03/2024 तक अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 15.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी ।

ग्राम प्रधान-दुर्वेश कुमारी
सचिव-शेर सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत सतवन पट्टी, विकास खंड भदपुरा बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सतवन पट्टी की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 13.03.2024 से दिनांक 14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 14.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत
1.	मुल्ला जी के घर से कमरुद्दीन के घर तक सी.सी.	3,20,000/-

प्रधान-सीमा
सचिव-विशाल कुमार

कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़ (बरेली)

पत्रांक : 982/न.पं. शेरगढ़/नीलामी सूचना/2023-24 दिनांक : 11.03.2024

रानीतालाब नीलामी प्रकाशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शेरगढ़ के मो. कावर उत्तरी वार्ड सं. 3 में स्थित रानीतालाब गाटा सं. 381 मि. रकवा 9.839 हे. को मत्स्य पालन हेतु 05 वर्षीय पट्टे पर दिये जाने हेतु दिनांक- 17.03.2024 को समय 10:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय पर नीलामी करायी जायेगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सरकारी समिति के अध्यक्ष/सचिव/मछुआ समुदाय के व्यक्ति अपना जाति प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र के साथ नियत तिथि समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी स्थल पर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली बोलने से पूर्व प्रत्येक बोलीदाता को रुपया अंकन 75,000.00 नकद बतौर जमानत जमा करना होगा। जो बोली समाप्ति के उपरान्त अधिकतम बोलीदाता को छोडकर शेष बोलीदाताओं की जमानत राशि वापस कर दी जायेगी। नीलामी की सर्वाधिक बोलीदाता को नीलामी समाप्ति के उपरान्त अधिकतम बोली की सम्पूर्ण धनराशि नीलामी स्थल पर तत्काल नकद जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। नीलामी से सम्बधिन्त शर्तें किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शेरगढ़
जनपद बरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत शेरगढ़
जनपद बरेली

कार्यालय जिला पंचायत, बरेली

पत्रांक: 1106/नि.अनु./2023-24 दिनांक: 11.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जिला पंचायत, बरेली के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो के लेपन कार्यो में प्रयुक्त होने वलो इमल्सन एस.एस.-1 (पैक्ड ड्रम) की आपूर्ति Hindustan Coals (Pvt) LTD, Adjacent to HPCI Karari DepotRD Gwalior Road Jhansi, Uttar Pradesh से जिला पंचायत परिसर, बिहारीपुर ढ़ाल, कुतुबखाना-चौपुला रोड, बरेली में की जा जानी है। उपरोक्त ढुलाई हेतु प्रति मैट्रिक टन की दरें (लोडिंग, अनलोडिंग एवं जी.एस.टी. सहित) की न्यूनतम मूल्य की निविदाएं दिनांक 18.03.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक निविदादाता को अंकन रू. 5000.00 की जमानत धनराशि नकद / एफ.डी.आर./ बैंक ड्राफ्ट जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बरेली के पक्ष में बन्धक होगा, को निविदा प्रपत्र / प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना जमानत धनराशि के कोई निविदा / प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा / प्रार्थना पत्र पर अंकित कर सीलबन्द लिफाफें में कार्यालय जिला पंचायत, बरेली में रखे निविदा बॉक्स में डाले जायेंगे। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 18.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी शर्ते व अन्य जानकारी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, बरेली में उपस्थित होकर अवलोकित की जा सकती है।

अभियन्ता
जिला पंचायत, बरेली

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, बरेली

अध्यक्ष
जिला पंचायत, बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सोरों (कासगंज)

पत्रांक: 779/4/न.पा.प.सोरों/2023-2024 दिनांक: 12.03.2024

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15 वें वित्त आयोग (अन्टाइड ग्राण्ट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से तालिका में अंकित विवरण के अनुसार प्रतिशत के आधार पर ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लॉज-4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

S.N.	नगर पालिका /NPP Stage	ठेकेदार /Vender Stage	प्रारम्भ दिनांक एवं समय	अन्तिम दिनांक एवं समय
1.	Tender Release	-	12.03.2024, 4:50 PM	-
2.		Tender Download	12.03.2024, 4:50 PM	-
3.		Bid Submission	12.03.2024, 4:50 PM	-
4.	Close for Bid	-		19.03.2024, 01:00 PM
5.	Bid Opening	-		19.03.2024, 01:00 PM

नोट:- उपरोक्त टेण्डर से सम्बन्धित सभी शर्त व विस्तृत वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है। समस्त ठेकेदरों / फर्मो को निविदा शुल्क नकद अथवा ऑन-लाइन पालिका के भारतीय स्टेट बैंक, शाखा-सोरों (कासगंज) में संचालित खाता संख्या- 11582092022 IFSC Code- SBIN0003959 में जमा करना होगा।

मुकेश कुमार
अधिशासी अधिकारी

रामेश्वर दयाल महेरे
अध्यक्ष

OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, SORON (KASGANJ)

Letter No.: 778/3/NPPS/2023-2024 Date:- 12.03.2024

ONLINE TENDERS ARE INVITED INFORMATION

All registered contractors in government depertments are informed that online tenders are invited on the basis of percentage as per the details mentioned in tha table from the amount received under Pandit Deen dayal Upadhyaya Nagar Vikas Yojana Tenderer's are advised to carefully study Clause-4 of the Tender Guide for minimum qualifications for the tender before submitting the tender.

S.N.	NPP Stage	Vender Stage	Opening Date & Time	Last Date of Submission & Time
1.	Tender Release	-	12.03.2024, 11:00 AM	-
2.		Tender Download	12.03.2024, 11:00 AM	-
3.		Bid Submission	12.03.2024,11:00 AM	-
4.	Close for Bid	-		19.03.2024, 01:00 PM
5.	Bid Opening	-		19.03.2024, 01:00 PM

Note:- All the conditions and detailed related to the above tender can be seen on the website etender.up.nic.in. All contractors / firms will have to deposit the tender fee in cash or online in the Municipality's State Bank of India, Branch-Soron (Kasganj), account number- 11582092022 IFSC Code- SBIN0003959.

Executive Officer
Chairman

कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, बरेली

पत्रांक: 258/स्वा.वि./प.चि.एवं क.अधि./गौशाला/2023-24 दिनांक: 12.03.2024

पुनः ई-निविदा सूचना

नगर आयुक्त महोदया की स्वीकृति दिनांक 11.03.2024 के अनुपालन में नगर निगम बरेली के क्षेत्र से उत्पाती बन्दर पकड़कर जंगल में छोड़े जाने हेतु डवल विड ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जो ई-निविदायें ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या- 4848/नौ-5-2018-470 सा / 2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर 2018 के क्रम में निविदा मूल्य + GST डी.डी. के माध्यम से E-TENDER BNN / NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से ही देय होगी जिसकी व सुरक्षित धनराशि की एफ.डी.आर. की भी स्कैन कॉपी व अन्य सम्बन्धित प्रपत्र टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। व हार्ड कॉपी टेन्डर की दिनांक को विभाग में जमा करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगा सुरक्षित धनराशि 45,000/- रू. की (F.D.R.) टेण्डर अपलोड करते समय तथा 1,05,000/- रू. स्वीकृति उपरान्त अनुबन्ध करने से पूर्व में किया जाना अनिवार्य है। तथा स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्ते एवं विवरण उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। पुन: ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है:-

ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय	13-03-2024 (01:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि / समय	13-03-2024 (03:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि / समय	16-03-2024 (01:00 PM)
तकनीकी बिड खोली जाने की तिथि / समय	स्वीकृति उपरान्त
वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि / समय	स्वीकृति उपरान्त

क्र.सं.	कार्य का नाम	जमानत धनराशि	निविदा शुल्क स्वीकृति उपरान्त	18% जी.एस.टी.	निविदा मूल्य 18%
01.	नगर निगम बरेली के 01 से 80 वार्डो के क्षेत्रों में से विभिन्न स्थानों पर आतंकी / उत्पाती व कटखने बन्दरों (ए.वे बोर्ड द्वारा समय-समय पर दी गयी गाईडलाईन्स के अनुसार) को पकड़कर जंगल (पीलीभीत व शाहजहांपुर वन क्षेत्र) में छोड़ने जाने हेतु दर मय जी.एस.टी. सहित प्रति बन्दर देनी है (लगभग 10,000 बन्दर वर्ष 2024-25 एक वर्ष में)	45,000.00	563.00	101.00	664.00

पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी
नगर निगम, बरेली

नगर स्वास्थ्य अधिकारी
नगर निगम, बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत पखुर्नी, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली

अति अल्पकालीन निविदा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	अनु. लागत	सामग्री
1.	ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन	1. आर.आर.सी. का निर्माण 2. ई-रिक्शा (1)	6,01,452/- 1,25,000/-	गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/ साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री।

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 13.03.2024 से दिनांक 15.03.2024 समय अपरान्ह 03 बजे तक आंमत्रित की जा रही हैं जो उसी दिन सांय 04 बजे खोली जायेगी।

ग्राम प्रधान-बबली
सचिव-सुनील कुमार मौर्य

कार्यालय ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द, विकास खंड शेरगढ़, जनपद बरेली

अति अल्पकालीन निविदा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यो को करने हेतु निविदा

प्रदोषे दीपक : चन्द्र :,प्रभाते दीपक :रवि : ।
त्रैलोक्ये दीपक :धर्म :, सुपुत्र : कुलदीपक : ।।

संध्या काल में चन्द्रमा दीपक है, प्रभात काल में सूर्य दीपक है, तीनों लोकों में धर्म दीपक है और सुपुत्र कूल का दीपक है।

संपादकीय

सीएए का विरोध

लंबे इंतजार और तमाम विरोध के बाद सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पूरे देश में लागू कर दिया गया। वर्ष 2019 में सीएए दोनों सदनों से पास हुआ था जिसके बाद देश में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में कई महीने तक धरना प्रदर्शन चला था। विरोध के पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि यह कानून मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा। इसी तर्क के साथ सीएए के लागू होने के बाद फिर विरोध शुरू होने लगा है। कानून लागू होने के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी पार्टियां विरोध में उतर आ आईं हैं। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि वे बंगाल में इस कानून को लागू नहीं करेंगी। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन भी कानून का विरोध करते हुए इसको राज्य में न लागू करने की बात कह रहे हैं। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में लाभ के लिए तुष्टिकरण की नीति अपना रही है। इस कानून को लागू करने से भाजपा को आगामी चुनाव में कितना फायदा मिलेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन विपक्षी पार्टियों के विरोध के बाद सवाल उठता है कि संसद द्वारा पारित कानून को लागू न करने की बात कहना कितना सही है। सर्वविदित है कि संसद द्वारा पारित किसी भी कानून को कोई भी राज्य सरकार राज्य में लागू होने से नहीं रोक सकती है। उसके बाद भी यह कहना कि हम राज्य में कानून लागू नहीं होने देगें, जनता को बरगलाने के सिवाय और कुछ नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा बार-बार इस बात का आश्वासन दिया जाता रहा है कि यह नागरिकता देने वाला कानून है न कि नागरिकता छीनने का कानून।

गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता मिल सकती है। इन देशों के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई समुदायों के व्यक्ति जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश किया था, कानून के तहत नागरिकता मांग सकते हैं। कानून का विरोध करने वालों का यह कहना है कि इस कानून में बाहर से आए मुसलमानों को नागरिकता देने का प्रावधान क्यों नहीं है? जबकि भारत की संस्कृति में 'वसुधैव कुटुंबकमे्' की अवधारणा रही है। यह बात सही है कि भारतीय संस्कृति समस्त धरती को अपना घर मानती आई है, लेकिन क्या यह सत्य नहीं है कि बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों ने अवैध रूप से देश में कब्जा नहीं कर रखा है, जो आए दिन देश विरोधी गतिविधियों में संलग्न पाए जाते हैं। यही स्थिति पाकिस्तान से आए लोगों की है, जो आए दिन देश की संप्रभुता व शांति को चुनौती देते हैं। देश की पार्टियों और विरोध करने वाले संगठनों को स्वहित में सोचने के बजाय देश हित सोचना चाहिए।

धर्मः मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना।

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिक युग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

अनेक लोग हैं जो कार्ल मार्क्स के धर्म संबंधी विचारों को विकृत रूप में व्याख्यायित करते हैं। वे मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं को गलत देखते हैं फिर सभी मार्क्सवादियों पर हमला आरंभ कर देते हैं। सवाल यह है क्या मार्क्स की धर्म संबंधी मान्यताओं से धर्म की कोई सही समझ बनती है? क्या दुनिया में मार्क्सवादी धर्म के बारे में एक ही तरह सोचते हैं? कार्ल मार्क्स ने अपनी धर्म संबंधी मान्यताओं का विकास हेगेल की न्याय संबंधी मान्यताओं के मूल्यांकन के क्रम में किया था। मार्क्स ने लिखा, धार्मिक व्यथा, एक साथ वास्तविक व्यथा की अभिव्यक्ति तथा वास्तविक व्यथा का प्रतिवाद दोनों हैं।

धर्म उत्पीड़ित प्राणी की आह है, एक हृदयहीन संसार का हृदय है, ठीक उसी तरह जैसे वह भावविहीन परिस्थितियों की भावना है। वह जनता के लिए अफीम है। जनता के प्रातिभासिक सुख के रूप में धर्म के उन्मूलन का अर्थ है उसके वास्तविक सुख की मांग करना। मौजूदा हालात के संबंध में भ्रमों का परित्याग करने की मांग उन हालात के परित्याग की मांग करती है जिनके लिए भ्रम जरूरी बन जाते हैं। अतः धर्म की आलोचना भ्रूण रूप में आंसुओं की घाटी, धर्म जिसका प्रभामंडल है, की आलोचना है। यानी धर्म के अंत की शर्त है वास्तविक सुखों की सृष्टि, जब तक वास्तविक सुख पैदा नहीं कर पाते तब तक धर्म रहेगा। आम लोगों के दुख रहेंगे और आंसू भी रहेंगे। मार्क्स ने धर्म को उत्पीड़ित प्राणी की आह के रूप में देखा। धर्म के अंत का अर्थ है मनुष्य के दुखों का अंत। इस अर्थ में धर्म और दुख का गहरा संबंध है।

मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा है, "अधार्मिक आलोचना का आधार हैः मनुष्य धर्म की रचना करता है, धर्म मनुष्य की रचना नहीं करता है। धर्म मनुष्य की स्व-चेतनता और स्व-प्रतिष्ठा है, ऐसे मनुष्य की जो अभी तक अपने आपको जान नहीं पाया है या फिर फिर से भटक गया है, लेकिन मनुष्य जिसने इस संसार से बाहर पड़ाव डाल रखा हो, कोई अमूर्त प्राणी नहीं है। मनुष्य तो मनुष्य का संसार,राज्य और समाज है। मार्क्स ने धर्म के बारे में लिखा-धर्म, संसार का सामान्य सिद्धांत है, वह इसका सर्वज्ञान गुटका है, इसकी लोकप्रचलित तर्कपद्धति है, इसका आध्यात्मिक कीर्ति शिखर है, इसकी उमंग है, इसकी नैतिक स्वीकृति है, इसका भव्य अभिनंदन है, यह संतोष और औचित्य स्थापना का सार्वभौमिक स्रोत है। यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, यद्यपि इसके मानवीय सारतत्व में सच्ची वास्तविकता निहित नहीं है। अतः धर्म के विरूद्ध संघर्ष का मतलब है, उस संसार के विरूद्ध किया जाने वाला परोक्ष संघर्ष, धर्म जिसकी आध्यात्मिक सुरभि है। यानी धर्म को समग्रता में देखना चाहिए,उसे अंशों में नहीं देखना चाहिए। इसलिए मार्क्स ने धर्म को सर्वज्ञान गुटका कहा है। धर्म मात्र पूजा या ईश्वर नहीं है, बल्कि उसका एक तर्कशास्त्र है, संस्कार है, यह मानवीय सारतत्व की विलक्षण अनुभूति है, धर्म के खिलाफ लड़ने का अर्थ है उसके द्वारा रचे संसार के खिलाफ संघर्ष करना।

अनेक धर्म विरोधी लोग अपनी संतई चमकाने के लिए धर्म के अंश विशेष की आलोचना करते हैं, लेकिन धर्मरचित समग्र संसार की आलोचना से कन्नी काटते हैं। इस प्रसंग में प्रेमचंद उल्लेखनीय हैं, उन्होंने लिखा है, इस अनीति भरे संसार में धर्म-अधर्म का विचार गलत है, आत्मघात है और जुआ खेलकर या दूसरों के लोभ और आसक्ति से फायदा उठाकर संपत्ति खड़ी करना उतना ही बुरा या अच्छा है जितना कानूनी दांव-पेंच से। भारत के देवभक्तों को प्रेमचंद के इस कथन पर गौर करना चाहिए। देवता हमेशा रहेंगे और हमेशा रहे हैं। उन्हें अब भी संसार धर्म और नीति पर चलता हुआ नजर आता है। वे अपने जीवन की आहुति देकर संसार से विदा हो जाते हैं,लेकिन उन्हें देवता क्यों कहो? कायर कहो, स्वार्थी कहो, आत्मसेवी कहो। देवता वह है,जो न्याय की रक्षा करे और उसके लिए प्राण दे दे। अगर वह जानकर अनजान बनता है तो धर्म से फिरता है, अगर उसकी आंखों में यह कुव्यवस्था खटकती ही नहीं तो वह अंधा भी है और मूर्ख भी, देवता किसी तरह नहीं और यहां देवता बनने की जरूरत भी नहीं।

देवताओं ने ही भाग्य और ईश्वर और भक्ति की मिथ्याएं फैलाकर इस अनीति को अमर बनाया है। मनुष्य ने अब तक इसका अंत कर दिया होता या समाज का ही अंत कर दिया होता, जो इस दशा में जिंदा रहने से कहीं अच्छा होता। नहीं, मनुष्यों में मनुष्य बनना पड़ेगा। दरिंदों के बीच में उनसे लड़ने के लिए हथियार बांधना पड़ेगा। उनके पंजों का शिकार बनना देवतापन नहीं, जड़ता है। आज जो इतने ताल्लुकेदार और राजे हैं वह अपने पूर्वजों की लूट का ही आनंद तो उठा रहे हैं और क्या उन्होंने वह जायदाद बेचकर पागलपन नहीं किया? पितरों को पिंडा देने के लिए गया जाकर पिंडा देना और यहां आकर हजारों रुपए खर्च करना क्या जरूरी था? और रातों को मित्रों के साथ मुजरे सुनना और नाटक-मंडली खोलकर हजारों रुपए उसमें डुबाना अनिवार्य था? वह अवश्य पागलपन था। उन्हें क्यों अपने बाल-बच्चों की चिंता नहीं हुई? अगर उन्हें मुफ्त की संपत्ति मिली और उन्होंने उड़ाया तो उनके लड़के क्यों न मुफ्त की संपत्ति भोगें? अगर वह जवानी की उमंगों को नहीं रोक सके तो उनके लड़के क्यों तपस्या करें?"

न्याय-अन्याय के सवाल आज भी प्रासंगिक हैं इस पर प्रेमचंद ने लिखा, कहां है न्याय? एक गरीब आदमी किसी खेत से बाली नोचकर खा लेता है, कानून उसे सजा देता है। दूसरा अमीर आदमी दिन-दहाड़े दूसरों को लूटता है और उसे पदवी मिलती है, सम्मान मिलता है। कुछ आदमी तरह-तरह के हथियार बांध कर आते हैं और निरीह, दुर्बल मजदूरों पर आतंक जमाकर अपना गुलाम बना लेते हैं। लगान, टैक्स व महसूल और कितने ही नामों से उसे लूटना शुरू करते हैं और आप लंबा-लंबा वेतन उड़ाते हैं, शिकार खेलते हैं, नाचते हैं, रंग-रेलियां मनाते हैं। यही है ईश्वर का रचा हुआ संसार? यही न्याय है?

नागरिकों को धर्म मानने और न मानने की आजादी है, यह संविधान सम्मत है। सवाल यह है कि धर्म न मानने वालों से इतनी नाराजगी क्यों? समाज में ऐसे लोग हमेशा रहे हैं, जो धर्म को नहीं मानते, ईश्वर को नहीं मानते और समाज उनको सम्मान की नजर से देखता रहा है। हमारे समाज में धर्मविरोधी को कभी दंडित नहीं किया गया। दंड देने का चलन अंग्रेजों के आने साथ आया है। धर्म का आधुनिकयुग में सबसे बड़ा संरक्षक साम्राज्यवाद है, कार्पोरेट घराने हैं। किसान-मजदूर धर्म को नहीं मानते, क्योंकि उनके पास धार्मिक कर्मकांड के लिए समय ही नहीं होता। अधिकांश औरतें भी धर्म के कांडों में शामिल नहीं होतीं। धर्म समाज में प्रतीकात्मक भूमिका निभाता है। धर्म अमीरों का वैचारिक रक्षा कवच है।

प्रसंगवश

मनुष्य और व्यवहार

मनुष्य का चिंतन और व्यवहार रहस्यों से भरा हुआ है। मनुष्य महसूस कर सकता है कि वह स्वतंत्र है, किंतु वस्तुतः है नहीं। वह बाह्य जगत से, अपने परिवेश से तो बंधा है ही, स्वयं से भी बंधा है। आंतरिक बंधन जितना महीन उतना ही मजबूत।

मनुष्य को साधारणतः उसका एहसास ही नहीं होता। होश संभालने का मतलब स्वयं का और बाह्य जगत का पार्थक्य-बोध। बाह्य जगत से मनुष्य भले स्वतंत्र हो जाए,स्वयं से स्वतंत्र होना असंभव। असली बंधन वही है। एक उदाहरण। सुसंगतता और लोकप्रियता का द्वंद्व सुसंगत बने रहने के लिए मनुष्य को जेन्यूइन,तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ होना पड़ता है। उसकी प्रतिबद्धता अंदरूनी होती है,वह उसका झंडा नहीं गाड़ता। हर मुद्दे पर परस्पर सुसंगत स्टैंड लेना उचित, तथ्यपरक और सत्यनिष्ठ हुए बिना असंभव है।

यदि लोक स्वीकृति की भूख लगातार बनी रहे तो कोई सुसंगत नहीं रह सकता। लोक-स्वीकृति समय के प्रवाह के साथ रुख बदलने को बाध्य करती है। सुसंगतता और लोक स्वीकृति में से एक का चयन करना पड़े तो? इस तरह के चयन की सुविधा मनुष्य को उपलब्ध नहीं,क्योंकि वह करेगा वही जो उसकी मानसिक संरचना और अंतर्निहित प्रवृत्ति के अनुरूप होगा। यानी उसकी चेतना की प्रकृति में निहित होगा। स्वयं के संबंध में वह विवश है,

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

जिसे लोक-स्वीकृति चाहिए,उसे सुसंगतता की परवाह नहीं होगी। उसके लिए सुसंगतता वहीं तक जहां तक वह लोक-स्वीकृति के साथ चल सके। जिसे सुसंगतता की परवाह होगी,उसके लिए सुसंगतता अपने आप में साध्य बन जाएगी।

लोक स्वीकृति उसे काटेगी नहीं, किंतु दोनों में विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न होने पर उसे कोई द्वंद्व नहीं होगा। कोई चयन या कोई निर्णय नहीं करना पड़ेगा। वह स्वतः सुसंगतता की ओर झुक जाएगा। परस्पर असंगत स्टैंड उसे जीने ही नहीं देगा। बेचारा मनुष्य! न अच्छा बनने लिए स्वतंत्र, न बुरा। बस मुगालता पाल सकता है। मनुष्य स्वयं के बारे में मुगालते में रहने के लिए नियतिबद्ध है और इस नियतिबद्धता से गाफिल भी। रहस्य में रहस्य!

जार बनने की राह पर पुतिन

हिलेरी क्लिंटन अपनी किताब "हार्ड च्वॉइसेस" में लिखती हैंः दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक रूसी योद्धा मोर्चे से घर वापस आया। जब वह अपने घर के नजदीक पहुंचा जहां वो रहता था, उसने सड़क पर कई लाशें देखीं जिन्हें कुछ आदमी ट्रकों में लाद रहे थे, जब वो नजदीक पहुंचा, उसने एक औरत की टांगे देखीं जिसने वही जूते पहने थे जिन्हें वो जानता था कि उसकी पत्नी के हैं। वो भागा और अपनी पत्नी की लाश मांगी। कुछ देर बहस के बाद उन लोगों ने उसे वो लाश दे दी और वो सिपाही अपनी पत्नी की लाश अपनी बांहों में उठाए वापस आ गया। थोड़ी पड़ताल करने पर उसे पता लगा कि वो जीवित है। वो उसे घर लाया, उसकी सेवा की और वापस तंदुरुस्त कर दिया।

आठ साल बाद 7 अक्टूबर 1952 को उनके यहां ब्लादिमीर पुतिन का जन्म हुआ। ये कहानी सोशल मीडिया पर खूब लोकप्रिय हुई थी, पर इसके आगे शायद लोगों को ये पता न हो कि पुतिन बस जन्मते नहीं हैं न बनाए जाते हैं वो खुद पुतिन बनना चुनते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के दादाजी स्पराइडॉन इवानोविच दरअसल लेनिन और स्टालिन के पर्सनल शेफ थे। द्वितीय विश्व युद्ध में उनकी मां के ग्रेनेड हमले में घायल हो जाने के बाद उनके पिता ने उनकी बहुत सेवा की। वह एक फैक्ट्री में काम करते थे और उनकी मां ने कुछ दिनों तक गलियों में झाड़ लगाने का काम भी किया।

पुतिन उन्हीं गलियों में वे एक स्ट्रीट फाइटर और चालाक बच्चों के रूप में पहचाने जाते थे। तब उनके पिता केजीबी में काम करने लगे थे। बड़े होने पर उन्होंने सोवियत खुफिया सेवाओं में केजीबी अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। 1989 में उन्होंने बर्लिन की दीवार का पतन देखा तब वह पूर्वी जर्मनी में ड्रेसडेन में थे। दो साल के बाद ही सोवियत संघ

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं।

के पतन के साथ पुतिन व 8 लाख कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह बर्बाद हो गए। लेनिनग्राड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन के बाद पुतिन कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत संघ के सदस्य बन गए थे और साथ ही वे खुफिया एजेंसी केजीबी में एक मामूली पद पर नौकरी भी करने लगे थे। वहां वे लेफ्टिनेंट कर्नल तक की रैंक पर पंहुच गए थे।

1991 में सोवियत संघ के विघटन के साथ ही उन्होंने केजीबी से इस्तीफा दिया और अपना राजनीतिक कैरियर शुरू किया। वह सेंट पीटर्सबर्ग के मेयर ऑफिस में कमेटी ऑफ फॉरेन रिलेशंस के लिए चुने गए और उसके हेड बने इसके बाद 1994 से 1996 के बीच में वह सेंट पीट्सबर्ग में कई सरकारी पदों पर रहे और 1996 में मास्को चले गए जहां वे तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन के प्रशासन से जुड़ गए। 1999 में कुछ समय के लिए वह प्रधानमंत्री रहे और फिर बोरिस येल्तसिन के इस्तीफे के बाद वे राष्ट्रपति बने। इसके बाद 2004 से 2008 तक फिर 2012 से लेकर आज तक राष्ट्रपति पद पर बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। पिछले कई सालों से उनके विरोध उनकी लोकप्रियता में उनकी सेहत को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन वह आज तक नेता बने हुए हैं। इतने लंबे समय तक किसी शक्तिशाली देश में किसी एक व्यक्ति का प्रमुख पद पर बना रहना बेहद आश्चर्यजनक होता है। पुतिन चिंगारी को सुलगने ही नहीं देते हैं वे देश को अंतर्राष्ट्रीय मसलों में उलझाकर रखते हैं ताकि लोगों का ध्यान देश की समस्याओं पर न जाएं, जो भी आवाज उठाने की हिम्मत करता है उसका अंत किसी एक्सीडेंट या किसी और तरीके से आराम से ऐसे समय में किया जाता है जबकि जनता का जोश कम पड़ गया होता है। एक मजबूत नेता के रूप में पुतिन की छवि रूस के लोगों को आकर्षित करती है। इसीलिए इतने सालों से वे सत्ता के शीर्ष पर जमे हुए हैं। वे ताकत दिखाने से कभी गुरेज नहीं करते उनका कहना है कि लड़ाई करनी है तो पहले पंच खुद मारना होगा। वे जनता से जुड़कर उनके दिल में जगह बनाना भी जानते हैं।

पिछले साल अगस्त में वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रेगोझिन की दस लोगों के साथ विमान हादसे में मृत्यु हो गई। जबकि प्रेगोझिन को कभी पुतिन का करीबी और शेफ कहा जाता था। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में भी प्रेगोझिन पुतिन के साथ थे। ज्ञात रहे कि जून 2023 में वेगनर चीफ ने अपनी आर्मी के साथ रूस के शहर रोस्तोव ऑन डॉन पर कब्जा कर लिया था। हालांकि वे चौबीस घंटे में ही विद्रोह समाप्त कर चुके थे, पर पुतिन कभी विद्रोहियों को हल्के में नहीं लेते हैं।

अभी पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवलनी की पिछली 16 फरवरी को अचानक मृत्यु हो गई है। उसके बाद उनकी पत्नी यूलिया नवेलनाया ने पुतिन से कई सवाल किए हैं। वे रूस की जनता की सहानुभूति ले चुकी हैं। लोगों को श्रद्धांजलि देने से रोका जा रहा है। इसलिए भी पुतिन की ओर उंगलियां उठनी शुरू हो चुकी हैं।

सोशल फोरम

पीड़ित शिक्षक

विधानसभा में मुख्यमंत्री कहते हैं कि स्कूलों में पढ़ाई नौ से पांच के बदले दस से चार तक चलेगी। एक वीडियो में पाठक जी भी यही दुहराते हैं, लेकिन आजतक इससे संबंधित अधिसूचना जारी नहीं हुई है। शिक्षक पीड़ित हैं और सरकार शिक्षा को फुटबॉल बनाकर खेल रही है। दूर-दराज स्थित स्कूलों को समय पर पकड़ने के लिए शिक्षक भोरे घर से निकलते हैं और अंधेरा होने पर लौटते हैं। सरकार की दृष्टि में शायद यही शिक्षा का उत्थान है।

आठ घंटे स्कूल में बैठकर गंवाने से बेहतर है दो घंटे जमकर बच्चों के साथ मेहनत करना। पांच से छह घंटे पर्याप्त हैं पढ़ाई के लिए, मगर चुनावी तिकड़मों में व्यस्त सरकार को फुर्सत कहां कि देखें स्कूलों में क्या हो रहा है? जनता के करोड़ों-अरबों रुपए शिक्षा में पानी की तरह बहाए जा रहे हैं और उपलब्धि शून्य के करीब है। अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां के प्रधानाध्यापक इतने अक्षम हैं कि उनके पास कोई वर्ग तालिका ही नहीं है। न वर्ग करवाने में उनकी रुचि है। कुछ सजग बच्चे शिक्षक-शिक्षिकाओं के पास जाते हैं। वर्ग लेने का आग्रह करते हैं। अगर

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे।

शिक्षकों का मन हुआ तो वर्ग लेने जाएंगे, वरना किसी और के पास भेज देंगे। भ्रष्ट अधिकारीगण पैसा कमाने में लगे हैं। वे अवसर का लाभ उठाते हुए औचक निरीक्षण करेंगे। कोई शिकार फंसा तो कुछ ले-देकर उन्हें मुक्त कर देंगे। जिस देश की राजनीतिक प्रणाली भ्रष्ट हो, उस देश में शिक्षा-प्रणाली अच्छी हो,यह असंभव है। राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव के लिए प्रशांत किशोर अथक परिश्रम कर रहे हैं। जिन्हें बिहार की दशा सुधारने में दिलचस्पी हो, उन्हें उनसे बात करनी चाहिए और संतुष्ट होने पर उन्हें मजबूती देनी चाहिए। मेरी दृष्टि में इस राक्षसी राजनीति को शिकस्त देने का एक अच्छा अवसर हाथ आया है। इसमें चूकना नहीं चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर भारतीय महिलाएं

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं।

आधुनिक युग नवजागरण का युग है। संपूर्ण विश्व में महिला स्वातंत्र्य का युग चल रहा है। इसका प्रभाव भारत की महिलाओं पर भी पड़ा है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं पर। 21 वीं शताब्दी में ग्रामीण महिला जागरण और जागरुकता में पर्याप्त प्रगति दृष्टिगोचर हो रही है। इसका मुख्य कारण महिला शिक्षा में विकास है।

आज की ग्रामीण क्षेत्र महिलाएं ग्रामीण संस्कृति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकता के परिवेश में जी रही हैं। वह अनेक समस्याओं के साथ संघर्ष कर रही हैं। उन्हें सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ आर्थिक समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इसीलिए उन्हें ग्रामीण क्षेत्र में या गांव से बाहर नौकरी करनी पड़ रही है। वह परिवार को आर्थिक संकट से उबारने का प्रयत्न भी कर रही हैं।

महिलाओं के नौकरी करने से जहां परिवार का जीवन सुखद एवं संपन्न बनता जा रहा है वहीं अनेक समस्याएं भी जन्म ले रही हैं। इस कारण उनके परिवार को वह सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं जिनकी अपेक्षा की जाती है। उनके बच्चे सहज स्नेह से वंचित रह जाते हैं। परिवार के वातावरण में एक अनकहा तनाव भी व्याप्त हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को नौकरी करते हुए सादा जीवन उच्च विचार पर अमल करना लाभदायक तो होता है, किंतु गांव के परिवेश के साथ-साथ नौकरी कर पाना उतना ही कठिन भी होता है। भारतीय महिलाओं के विकास की गति आज भी धीमी है। इसका कारण हमारे पूर्वजों का महिलाओं को किसी प्रकार की स्वतंत्रता देने का विरोधी होना है। वैदिक काल में स्त्रियों को देवी, सहधर्मिणी, सहचरी आदि का दर्जा प्राप्त था। पौराणिक काल में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहकर उनकी पूजा की जाती थी, परंतु 11 वीं शताब्दी से लेकर 19 वीं शताब्दी के मध्य का युग स्त्री जाति के लिए अभिशाप बनकर आया, उनके विकास, सम्मान और सशक्तिकरण पर गहरा आघात हुआ। मुगल शासन, सामंती व्यवस्था, विदेशी आक्रमण, विलासिता पूर्ण जीवन राजाओं का मुख्य उद्देश्य रह गया और इसी कारण बाल विवाह, पर्दा प्रथा और अशिक्षा आदि का जन्म हुआ। शासकों की विलासिता पूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को केवल उपभोग की वस्तु बनाकर रख दिया और महिलाओं का अस्तित्व खतरे में पड़ गया और समय के साथ यह सभी सामाजिक कुरीतियां में परिवर्तित हो गई जिससे महिलाओं का निजी एवं सामाजिक जीवन अभिशाप बन गया। ब्रिटिश काल में से महिलाओं के पुनरुत्थान का समय प्रारंभ हुआ जिसमें महिला सुधार से संबंधित कई प्रकार के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन किए गए।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरकार द्वारा महिलाओं के हित में कई योजनाएं तथा विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया। महिलाओं को आर्थिक विकास की मुख्य धारा में समाहित किया गया, महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि में विभिन्न प्रकार के नए आयामों तय किए। आज महिलाएं एक ही दायरे में न रहकर केवल शिक्षक, नर्स, डॉक्टर न बनाकर इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, टेक्नीशियन, पत्रकारिता जैसे नए क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। यद्यपि आधुनिक काल में महिलाओं में शिक्षा का पर्याप्त विकास हो रहा है, किंतु परंपरागत परिवेश के कारण महिलाओं के प्रति और स्वयं महिलाओं के विचारों में विशेष परिवर्तन नहीं आया है। उन्हें चाहिए कि वह पुरुषों के वर्चस्व रूपी विचार से स्वयं मुक्त होकर न्याय और समानता के तत्व पर अपना दृष्टिकोण विकसित करें। देखा जाए तो महिलाओं की संख्या अल्पमत में नहीं है, फिर भी उनकी प्रगति, उनका योगदान अल्पमत में दिखाई प्रतीत होता है।

भारत में ब्रिटिश शासन काल से ही महिला सुधार संबंधी कानून बनाए जाने लगे थे। परिणामस्वरूप आज भारतीय संविधान में महिलाओं को अनेक अधिकार प्रदान किए हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण तक अनेक महिला नेताओं का योगदान उल्लेखनीय है। स्वतंत्रता के पश्चात लगभग हर क्षेत्र में भारतीय महिलाओं ने सहभागिता ही नहीं की है,अपितु अनेक क्षेत्रों में नेतृत्व भी किया है, जो क्षेत्र महिलाओं के लिए वर्जित माने जाते थे वहां भी महिलाओं की भागीदारी हुई और आशानुरूप परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। फिर भी सामाजिक समानता और समरसता के लिए पुरुष वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन होना आवश्यक है।

गाली का संबोधन और मित्र

1988 की बात है। हमारे एक मित्र के पिता एमएलसी थे और यूपी खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सभापति भी। फ्लैट और गाड़ी सरकार ने दे रखी थी। इस कुर्सी पर किसी भी प्रकार की सुविधा की कोई कमी नहीं होती, जो चाहा, हाजिर हो गया, लेकिन वो ऊंची सोच वाले सरल और मृदुभाषी व्यक्ति थे।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था। उन दिनों हम मोपेड धारी हुआ करते थे, जो दस साल से बराबर चल रही थी, लेकिन कभी- कभी बीमार भी हो जाती थी। कुल मिलाकर जैसे-तैसे वो हमारा बोझ उठा रही थी। दो का बोझ उठाना नामुमकिन था। समारोह के लिए हम लेट हो रहे थे। जाना भी दूर था। हमने मित्र से कहा पापा की कार ले लो। मित्र ने कहा कोई फायदा नहीं, कार भले सरकारी है, लेकिन पापा किसी को हाथ नहीं लगाने देते। हमने थोड़ा जोर दिया, हालात के दृष्टिगत शायद मान जाएं। मित्र ने कहा-

वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

ठीक है, तुम्हारी तसल्ली के लिए मांग लेता हूं। मित्र ने सकुचाते हुए पापा से विनती की, उन्होंने ध्यान से बात सुनी पुत्र को सर से पांव तक घूरा। फिर हमें भी घूरा, जेब में हाथ डाला। दस-दस के पांच नोट गिनकर पुत्र के हाथ पर रख दिए, रिक्शे या टेम्पो से चले जाओ। हाल ही में हमारे उन्हीं मित्र का 75वां जन्मदिन है। मित्र सिर्फ हमारे ही नहीं अनेक के हैं। वैसे मित्र हो या बैरी सबके दुःख-सुख में सबसे पहले हाजिर होते हैं। पूरे तन-मन और धन के साथ बरसों हम कर्मचारियों के अध्यक्ष रहे और महामंत्री भी, गालियां उनके मुंह से फूलों की तरह झरती हैं। जिस दिन गाली से संबोधन न दें समझो नाराज हैं।

कांग्रेस में तब ऐसे ही नेता होते थे। उनके करीब सौ किलो के लहीम-शहीम पुत्र मेरे गहरे मित्र थे। एक बार हमें एक विवाह समारोह में जाना था।

बसपा के ज्यादातर प्रत्याशियों की सूची तैयार, कोआर्डिनेटर के जरिए घोषणाएं

जिस जाति की संख्या भारी, उसी का बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा में सोशल इंजीनियरिंग और वोट ट्रांसफर कराने की रणनीति पर टिकट

अमृत विचार : राजग और इंडी गठबंधन से दूर बहुजन समाज पार्टी खामोशी से लोकसभा चुनाव में ताकत दिखाने की रणनीति पर आगे बढ़ रही है। पार्टी प्रमुख मायावती दलित समाज के साथ अन्य जातीय मतों के ध्रुवीकरण की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर सीटें जीतने की गणित को महत्व दे रही हैं। टिकट देने का सूत्र तय हुआ है कि जिस जाति की संख्या भारी, उसी का हो बसपा प्रत्याशी। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा में इसका साफ संदेश दिया गया है।

बसपा इसबार लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों की घोषणा मुख्यालय के बजाय क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर के जरिए कर रही है। चुनाव प्रबंधन से जुड़े एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि प्रत्याशी चयन में बसपा किसी से पीछे नहीं है, बल्कि भाजपा और सपा के शोर-शराबे के साथ की जा रही घोषणाओं से इतर पार्टी सुप्रीमो मायावती एक-दो और पांच-दस सीटों की धीरे-धीरे प्रत्याशियों का चयन कोआर्डिनेटर का माध्यम से सामने ला रही है। हालांकि सूची लगभग सभी सीटों की तैयार है। यही नहीं पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, मध्यप्रदेश, बिहार आदि राज्यों में प्रत्याशी चयन को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है। वैसे बसपा का काशीराम के जमाने में फार्मूला था कि सोशल इंजीनियरिंग के जरिए दलितों के साथ अन्य पिछड़ी और अतिपिछड़ी जातियों को पार्टी से जोड़कर वोट बैंक बनाया जाए। मगर, बाद में मायावती ने ऐसे तमाम नेताओं को पहले शिखर तक पहुंचाया, फिर अलग-अलग आरोपों के सामने आने के साथ पर कतरने और बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया। इससे वोट बैंक छिटकते गए। इसका असर है कि उप्र. विधानसभा में एक मात्र विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है।

कन्नौज से अकील अहमद व बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी प्रत्याशी

बसपा ने मंगलवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अकील अहमद पट्टा और बिजनौर से बिजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी घोषित कर सपा और भाजपा को घेरने की कोशिश की है। इसके पहले दो दिन में चार और प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं, जो सभी मुस्लिम हैं। इनमें पीलीभीत से पूर्व मंत्री अनीस अहमद फूल बाबू, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन और मुरादाबाद से इरफान सैफी हैं। इससे अंदरखाने जहां भाजपा नेता खुश हैं तो वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन नेताओं की चिंता बढ़ गई है। 2014 में भी बसपा ने अकेले चुनाव लड़ा था, जिसका फायदा भाजपा को मिला और मुरादाबाद मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि 2019 में बसपा-सपा के गठबंधन से मुकाबला करने उतरी भाजपा मंडल में खाता भी नहीं खोल पाई थी।

मायावती का एक दशक पहले विधानसभा और लोकसभा में बेहतर प्रदर्शन के पीछे सबसे हिट गणित रही है कि इलाके में जिस जाति की संख्या ज्यादा हो, उसे टिकट देकर दलित वोट के समीकरण से सीट जीती जाए। मगर, इस जीत में निर्णायक की भूमिका तब सपा से बसपा में वोट करने वाले मुसलमानों की ज्यादा संख्या का असर ज्यादा रहा है। साथ ही, अन्य पिछड़ी जातियों का झुकाव बसपा में था।

एक दशक से मोदी मैजिक के दौर में ओबीसी जातियों का समीकरण सपा और बसपा दोनों से बिगड़ गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में मुसलमानों का झुकाव इंडी गठबंधन के साथ ज्यादा दिख रहा है। ऐसे में बसपा जाट लैंड में जाट प्रत्याशी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में मुसलमानों को अब दिए गए टिकट से सपा और भाजपा दोनों को नुकसान पहुंचाती दिख रही है।

नए सत्र में क्लैट की तैयारी भी करेंगे छात्र

लखनऊ, अमृत विचार : अभ्युदय योजना के तहत छात्र-छात्राओं को क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) की कोचिंग भी दिलाई जाएगी। क्लैट की तैयारी करने वाले छात्रों को प्रचार-प्रसार कर जानकारी दी जाएगी। बता दें कि अभ्युदय योजना के तहत प्रदेश में 27 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को अभी कोचिंग दिलवाई जा रही है। अभी ग्रामीण क्षेत्र और निर्बल आय वाले परिवारों के मेधावी बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। प्रदेश के 75 जिलों में 27 हजार से अधिक छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर तैयारी कराने के लिए 1944 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को जिम्मा सौंपा गया है।

पहाड़ का टीला धसका, खदान में काम कर रहे चार श्रमिकों की मौत

संवाददाता, कबरई (महोबा)

- जिलाधिकारी, एसपी व खनिज विभाग के अफसर घटनास्थल पर पहुंचे

अमृत विचार : थाना कबरई के ग्राम पहरा में खनन कार्य करते समय अचानक पहाड़ का टीला धसक गया। मिट्टी और पत्थर के मलबे में दबने से खदान पर काम कर रहे तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि एक श्रमिक ने जिला अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीन घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दबे श्रमिकों को बाहर निकालने को बचाव कार्य किया जा रहा है। मलबे को हटाने के लिए जेसीबी, एलएनटी मशीनों को लगाया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता और खनिज विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए।

ग्राम पहरा में धनराज सिंह निवासी कबरई का पहाड़ पर खनन चल रहा था। नीचे के हिस्से में आधा दर्जन से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। ट्रैक्टर भी लगभग 100 फिट नीचे खदान से पत्थर लेने जा रहे थे। तभी अचानक खदान के ऊपरी हिस्से का टीला धसक कर नीचे काम कर रहे श्रमिकों पर जा गिरा। जिससे रामफूल 28, प्रेमचंद्र कुशवाहा (19) व कुलदीप रैकवार की मलवे में दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि राम मिलन की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मलबे में दबने से नीरज (26), अखिलेश (23) घायल हो गए। रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई में भर्ती कराया। हादसा होने की खबर मिलते ही जिले के आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।

परीक्षा छोड़ने का कारण पता लगायेगा यूपी बोर्ड

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं की परीक्षा समाप्त होने के बाद अब माध्यमिक शिक्षा परिषद परीक्षा छोड़ने वाले परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी जुटायेगा। इसके क्या कारण हैं इसका भी पता लगाया जायेगा। इस बार यूपी बोर्ड परीक्षा के क्रम में 10वीं में 29,47,311 एवं इंटरमीडिएट में 25,77997 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 55,25,308 थी। 22 फरवरी से लेकर 9 मार्च तक चली दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में पांच लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। अधिकारियों ने परीक्षा छोड़ने का कारण पता लगाने का निर्णय लिया है। हालांकि विभाग की शुरूआती दौर में यही मानना है कि परीक्षा छोड़ने वाले सभी परीक्षार्थी वह हैं जिन्होंने नकल के जुगाड़ में फॉर्म भरा होगा लेकिन बोर्ड की सख्ती देखकर वह परीक्षा से दूर भाग खड़े हुए। हालांकि विभाग को ये भी शक है कि काफी संख्या में प्राइवेट स्कूलों ने भी ऐसे बच्चों के फार्म भराये होंगे लेकिन नकल की व्यवस्था नहीं हुई तो परीक्षा छोड़ना ही बेहतर समझा गया।

पासपोर्ट के 4 अधिकारियों समेत 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में हुई कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में लिए जाने का मामला

अमृत विचार : सीबीआई ने पेमेंट-गेटवे के माध्यम से रिश्वत लेने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद के चार अधिकारियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की गई। सीबीआई ने इस मामले में गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में आरोपियों के ठिकानों पर तलाशी ली है।

रीजनल पासपोर्ट ऑफिस गाजियाबाद के पासपोर्ट असिस्टेंट रवि किशन, चंद्रकांत, सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार, जंदैल सिंह और प्राइवेट पर्सन मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद फरहान गौड को मुकदमे में नामजद किया गया है। आरोप है कि पेंडिंग पासपोर्ट के निस्तारण के नाम पर पासपोर्ट असिस्टेंट रविकिशन ने मोहम्मद फरहान गौड़ के जरिये 14 जून 2022 से 14 जून 2023 के बीच 73 हजार रुपए की रकम घूस के रूप में ली।

फरहान ने ये पैसा यूपीआई और अपने परिचित लोगों के वॉलेट, बैंक खाते से ट्रांसफर किया। इसके अलावा पासपोर्ट सहायक चंद्रकांत ने 8 अगस्त 2022 से 3 जनवरी 2023 के बीच 59700 रुपए मोहम्मद फरहान से लिए। इसी तरह सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट पवन कुमार ने 28 सितंबर 2022 से 2 जुलाई 2023 के बीच मोहम्मद फरहान से 22900 रुपए लिए। सीनियर पासपोर्ट असिस्टेंट जंदैल सिंह ने भी 13 जून 2023 को एक लंबित पासपोर्ट जारी करने के बदले मोहम्मद फरहान से दो हजार रुपए लिए। ये सभी रकम ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। शुरुआत में सीबीआई ने इसकी आंतरिक जांच की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि हुई।

सीबीआई गाजियाबाद की एंटी करप्शन यूनिट ने इसके बाद इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने साझा की गई जानकारी में बताया कि आरोपी व्यक्तियों के मेरठ, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद स्थित परिसरों की तलाशी ली जा रही है और जांच चल रही है।

संविदा बिजलीकर्मियों को मिलेगी ईएसआई की सुविधा

लखनऊ, अमृत विचार : पावर कॉरपोरेशन अपने सभी संविदाकर्मियों को ईएसआई राज्य बीमा की सुविधा प्रदान करेगा। श्रमिकों से लाइनमैन का कार्य भी नहीं लिया जाएगा। सोमवार को विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधियों और पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के बीच हुई वार्ता में इस पर सहमति बनी। संगठन के अध्यक्ष आरएस राय ने संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने के साथ राज्य सरकार से अनुमोदित किए जाने, कार्यरत आउटसोर्स एसएसओ को ना हटाने और भूतपूर्व सैनिकों को रखने का आदेश स्थगित करने की मांग की। इसके अलावा सभी जिलों के संविदा कर्मियों को इलाज के लिए ईएसआई की सुविधा की मांग भी रखी गई। श्रमिक से लाइनमैन का कार्य न लिए जाने, संविदा कर्मियों की नियमावली बनाने, कार्यकाल के दौरान दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य कारणों से मृत्यु हो जाने पर मुआवजे की मांग भी हुई। बैठक में इन मांगों के साथ वर्ष 2015 में 155 संविदा कर्मियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने पर सहमति बनी।

एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र वायरल करने वाले दो आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी एसटीएफ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सेंध लगाकर पेपर वायरल करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को मथुरा से गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित था। हाल ही में सिपाही भर्ती में पेपर लीक में भी दोनों की संलिप्तता रही थी।

अपर पुलिस अधीक्षक फील्ड यूनिट नोएडा एसटीएफ नवेन्दु कुमार ने बताया यूपी में पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की तरफ से 17 और 18 फरवरी को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र वायरल हुआ था। मामला दर्ज कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। प्रश्न पत्र लीक करने वाले गिरोह से जुड़े दो सदस्यों को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान मोनू पंडित निवासी ग्राम अभ्यपुरा मानागढी थाना नोहझील, मथुरा और गौरव कुमार चौधरी निवासी ग्राम जावरा थाना मांट, मथुरा के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से क्रेटा कार बरामद की गई है। इससे पहले मामले प्रमोद पाठक निवासी गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया था। उससे मिली सूचनाओं के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

आरोपी मोनू पंडित और गौरव कुमार।

मोनू पंडित ने अलीगढ़ में सेंटर खोला था

मोनू पंडित का मित्र प्रमोद पाठक जिसने वायुसेना में नौकरी करते हुए वर्ष 2017 में अलीगढ़ में आर्मी एवं सेना में भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग कराने ट्रेनिंग सेन्टर खोला था। यहां पर आरोपी वायुसेना, नेवी, कोस्ट गार्ड, दिल्ली पुलिस, एसएससी, जीडी, सीएसआईआर समेत यूपी की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली कराने का गैंग चलाने लगे। दूसरे आरोपी गौरव ने ऑनलाइन परीक्षा कराने जीएस सेन्टर खोला।

वर्ग पहेली-8

बाएं से दाएं

1. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. गरूर)।
3. 1. छेद करना, बेधना, भेदना 2. क्षत या घाव करना 3. छिन्न करना, काटना 4. किसी तल में नुकीली वस्तु धंसाकर उसमें सुराख़ करना।
6. 1. चकमा देने वाला, फ़रेबी, फुसलाने वाला, झूठा आश्वासन देने वाला 2. दम देने या लगाने वाला, गांजा
10. वह कल्पित जिन्न या प्रेत जिसकी मुस्लिम समाज की स्त्रियों द्वारा पूजा की जाती है।

ऊपर से नीचे

2. रूढ़ परंपराओं को ज्यों का त्यों मान लेने वाली विचारधारा या प्रथा।
4. लंबा, विशाल, विस्तृत।
5. 1. छोटी पहाड़ी 2. टीला 3. चम्मच 4. एक ही काठ की बनी हुई नाव।
7. विवश, लाचार, जिसपर ज़ब्र किया गया हो, नि:सहाय।
8. सुस्ती, शिथिलता, उत्साहहीनता।
9. 1. सामान्य, मामूली, सार्वजनिक, आम 2. बहुत-सी जगह पर मिलने वाला, साधारण।



वर्ग पहेली -7 का हल

	1 थी		2 कि	य	त
3 तू	ल	म	तू	ल		
			4 क	ले	जी
	5 उ	घा	ड़	ना		
6 ए	षा				7 ख
	गा				ट
8 यो	न	शो	ष	ण		ना

7 आईएएस का तबादला, अटल राय बने निदेशक पंचायती राज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक फेरबदल जारी है। शासन ने मंगलवार को फिरोजाबाद के जिलाधिकारी समेत सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया।विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अटल कुमार राय अब निदेशक पंचायती राज होंगे।

फिरोजाबाद के डीएम रहे उज्ज्वल कुमार को विशेष सचिव एमएसएमई के पद पर भेजा गया है, जबकि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक रमेश रंजन को फिरोजाबाद का नया डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव एमएसएमई अरुण प्रकाश अब विशेष सचिव नगर विकास होंगे। विशेष सचिव युवा कल्याण गौरव वर्मा को विशेष सचिव सचिवालय प्रशासन के पद पर तैनाती दी गई है। विशेष सचिव गन्ना विकास शेषनाथ को विशेष सचिव लोक निर्माण के पद पर भेजा गया है। अपर निबंधक सहकारिता ईशा प्रिया को विशेष सचिव पर्यटन का दायित्व सौंपा गया है।

आईएएस राधा एस चुनाव आयुक्त की रेस में

भारत निर्वाचन आयोग में दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होनी है। इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक होगी। माना जा रहा है चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के बाद लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। चुनाव आयुक्त की रेस में 1988 बैच की आईएएस राधा चौहान और राजस्थान कैडर के आईएएस रोहित कुमार सिंह का नाम चर्चा में है। यूपी कैडर की आईएएस अधिकारी एस राधा चौहान यहां केंद्र में जाने से पहले अपर मुख्य सचिव वित्त थीं।

गैरकानूनी रिश्तों का समर्थन नहीं कर सकती कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव- इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर विचार करते हुए कहा कि अपने जीवनसाथी को तलाक दिए बिना एक- दूसरे के साथ रहने वाले लोगों को सुरक्षा देने से हिंदू विवाह अधिनियम का उल्लंघन होगा। कोर्ट ऐसे रिश्ते का समर्थन नहीं कर सकती जो कानून का उल्लंघन हो, क्योंकि इससे समाज में अराजकता फैलने का भय रहता है। हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार अगर किसी व्यक्ति का जीवन साथी जीवित है तो उसे तलाक की डिक्री प्राप्त किए बिना किसी अन्य व्यक्ति से विवाह नहीं करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने पूजा कुमारी और अन्य द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

सोना बरामदगी मामले में इत्र कारोबारी पीयूष जैन बरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जैन ने लगभग 18 करोड़ रुपये के जब्त सोने पर छोड़ा दावा

अमृत विचार : इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर से मिले 23 किलो सोने के मामले में मंगलवार को फैसला आया। कस्टम विभाग की छह शर्तें पूरी करने के बाद स्पेशल सीजेएम की कोर्ट ने इत्र कारोबारी को दोष मुक्त करार दिया। वर्ष 2021 में जीएसटी इंटेलीजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) अहमदाबाद की छापेमारी में इत्र कारोबारी के कानपुर व कन्नौज स्थित ठिकानों से 197 करोड़ रुपये नकद और 23 किलो सोना बरामद हुआ था। जीएसटी चोरी व कस्टम एक्ट के तहत सोना तस्करी का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

इत्र कारोबारी पीयूष जैन के आनंदपुरी स्थित घर में छापेमारी के दौरान टीम ने कमरों की दीवारें और फर्श तोड़ी थीं तो नोटों की गड्डियां गिरने लगी थीं। डीजीजीआई टीम ने रुपयों से भरे 42 बक्से जब्त किए थे। टीम ने पीयूष जैन के कन्नौज स्थित आवास में भी छापेमारी की थी। वहां से करीब 23 किलो सोना बरामद किया गया था। टीम ने छापेमारी में 197 करोड़ रुपये व 23 किलो सोना जब्त कर जीएसटी चोरी व सोना तस्करी के आरोप में कस्टम एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी पीयूष जैन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। कस्टम एक्ट के मामले में पीयूष जैन ने मुख्य आयुक्त कस्टम (निवारक) प्रक्षेत्र पटना को प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें मामले में बरामद किया गया सोना जब्त कर दोष मुक्त करने की अपील की गई थी। इस पर कस्टम विभाग ने छह सूत्रीय मांग पूरी करने के निर्देश दिए थे।

सुडोकू -87

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9		2	6				5	
				3			8	
1			4					6
		7		2		6		
			1		7			
4		3		8		5		
	2				9			3
	4			1				
	6				5	2		1

सुडोकू -86 का हल

5	3	4	6	1	7	2	8	9
1	6	2	8	9	5	4	3	7
8	9	7	2	3	4	1	6	5
4	2	8	9	7	3	6	5	1
6	1	3	5	8	2	7	9	4
9	7	5	4	6	1	8	2	3
3	8	1	7	2	9	5	4	6
2	4	9	1	5	6	3	7	8
7	5	6	3	4	8	9	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 14 मार्च 01.25 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18.24 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कारोबार में सब कुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

वृष — आज यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

मिथुन — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमीजन की भावनाओं की कद्र करें।

कर्क — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं।

सिंह — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

कन्या — आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। ज्यादा सोचने की आदत से आपको बचना चाहिए। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

तुला — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज आपकी रचनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे।

धनु — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

मकर — आज योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है।

कुंभ — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

मीन — आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	जान से प्यारा सुबह : 11.01	SONY PIX	एस्केप रूम सुबह : 10.28
	दानवीर शाम : 04.13		द कान्जरिंग रात : 09.00
SONY SMAX	बाहुबली 2 सुबह : 09.58	ZEE CINEMA	यहां सुबह : 10.30
	अनाड़ी रात : 07.00		फ्रीकी अली रात : 07.30
			स्वदेश दोपहर : 12.45
		colors CINEPLEX	उंगली रात : 10.35

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

कल मिंकी ने पड़ोसन से मिक्सी मांगी।
पड़ोसन- यहीं आकर यूज कर लो।
दूसरे दिन उसी पड़ोसन ने कहा ,जरा अपनी झाड़ू दे दो।
मिंकी- तुम यहीं आकर यूज कर लो।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 डीएमओ 885 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फॉर्चून कि. 1805, रविन्द्रा 1830, फॉर्चुन ली0 1665, जय जवान 1450, सचिन 1570, सूरज 1475, अवसर 1650, राग गोल्ड 1690, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1680, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**- डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**- डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,400
गिन्नी (प्रति नग)	50,200-50,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,400
सोना जेवरात गिन्नी	64,400
चांदी पक्की	733 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,400
चांदी आभूषण	73,800।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी पड़कर 3.8% पर

जनवरी के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आंकड़े जारी, दिसंबर में वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत थी

नई दिल्ली, एजेंसी

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से जनवरी, 2024 में देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि धीमी होकर 3.8 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाले कारखाना उत्पादन की वृद्धि जनवरी, 2023 में 5.8 प्रतिशत रही थी। वहीं, एक महीने पहले दिसंबर, 2023 में आईआईपी की वृद्धि दर 4.2 प्रतिशत रही थी, जबकि नवंबर में यह 2.4 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह यानी जनवरी तक औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 5.9 प्रतिशत रही है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा-जनवरी, 2024 में भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 3.8 प्रतिशत बढ़ गया।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि जनवरी में घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.5 प्रतिशत थी। जनवरी के महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन भी धीमी 5.6 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। एक साल पहले इसी अवधि में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 12.7 प्रतिशत बढ़ा था। इसके अलावा समीक्षाधीन महीने में खनन उत्पादन वृद्धि भी साल भर पहले के नौ प्रतिशत के मुकाबले घटकर 5.9 प्रतिशत रह गई। देश में उपयोग पर आधारित वर्गीकरण के मुताबिक, जनवरी माह में पूंजीगत उत्पाद खंड की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 10.5 प्रतिशत रही थी।

खुदरा मुद्रास्फीति मामूली नरम होकर 5.09% पर

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5 .09 प्रतिशत पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5 .1 प्रतिशत के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8 .66 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 8 .3 प्रतिशत से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल तथा उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

मांडविया ने जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए शुरू की ऋण योजना

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

● नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद बोले-ये कमी बन गई है बाधा

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिये तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा-सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है। लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी।

यूएसएफओ, प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी की साझेदारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग (डीओटी) के अंतर्गत सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने प्रसार भारती और डिजिटल कॉमर्स के लिए ओएनडीसी के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता किया है। यह समझौता देश भर में सस्ती और सुलभ डिजिटल सेवाओं का प्रसार करेगा।

समझौते का उद्देश्य सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) के अंतर्गत भारतनेट बुनियादी ढांचे पर आधारित ग्रामीण भारत के लिए ब्रॉडबैंड सेवाओं को ओटीटी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ सहयोग करना है। डिजिटल नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और अटूट प्रतिबद्धता ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के लिए संपर्क, सामग्री और वाणिज्य के समन्वय वाले इस अद्वितीय सहयोग को रेखांकित करती है।

यूएसओएफ देश में ग्राम पंचायतों और गांवों में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड तथा मोबाइल कनेक्शन को सक्षम बनाने में सहायक रहा है। किया गया यह समझौता ज्ञापन प्रत्येक उपभोक्ताओं के बीच समूह प्रसार भारती ओटीटी को एक सेवा के रूप में सक्षम करेगा।

वनवेब को जल्द स्पेक्ट्रम आवंटन की उम्मीद

नई दिल्ली। भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन किया है और उसे उम्मीद है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिवाजी चटर्जी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में 'लो अर्थ ऑर्बिट' (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

जीडीपी वृद्धि दर 8% के करीब रहेगी: नागेश्वरन

मुंबई, एजेंसी

● मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले उत्साह में सजग रहने की जरूरत

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही।

उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआईए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिसे संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं।

नागेश्वरन ने कहा-अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत के बजाय आठ प्रतिशत के करीब रहेगी। गौरतलब है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने हालांकि जीत की खुशी से प्रभावित हुए बिना लक्ष्य की ओर विनम्रता के साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में हमें उच्च गति छोटी अवधि के लिए नहीं, बल्कि लंबी अवधि के लिए बनाए रखनी है। सीईए ने कहा कि 2023-24 में उद्योग और सेवाओं में वृद्धि भी देखी जा रही है।

राष्ट्रीय

10 साल तो ट्रेलर है, अभी तो बहुत दूर तक जाना है : मोदी

प्रधानमंत्री ने की गुजरात के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक की शुरुआत

● मोदी ने गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में गांधी आश्रम स्मारक के मास्टर प्लान के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के पास देश की विरासत को बचाने की ''राजनीतिक इच्छाशक्ति'' नहीं थी और जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। मोदी ने गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती में 1,200 करोड़ रुपये के गांधी आश्रम स्मारक 'मास्टरप्लान' की शुरुआत की और 12 मार्च, 1930 को महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए प्रसिद्ध दांडी मार्च या नमक मार्च के 94 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का भी उद्घाटन किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात से 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि ये 10 साल का काम सिर्फ एक ट्रेलर है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

प्रधानमंत्री ने कहा-जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। साबरमती आश्रम न सिर्फ देश, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए एक धरोहर है। मोदी ने कहा-साबरमती आश्रम न केवल हमारे स्वतंत्रता संग्राम, बल्कि विकसित भारत के लिए भी तीर्थस्थल बन गया है। आज बापू की सोच हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य को एक स्पष्ट दिशा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद बनी सरकारों के पास देश के ऐसे धरोहर स्थलों को संजोकर रखने के लिए कोई राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं थी। कहा-इसका एक कारण भारत को विदेशी नजरिए से देखने की आदत थी और दूसरा कारण, तुष्टीकरण की मजबूरी थी।

85,000 करोड़ की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 10 नयी वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत करने के साथ 85,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने यहां 'डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (समर्पित माल ढुलाई गलियारा यानी डीएफसी) परिचालन नियंत्रण केंद्र' का दौरा करने के बाद गुजरात में अहमदाबाद के साबरमती क्षेत्र से परियोजनाओं की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने रेलवे कार्यशालाओं, लोको शेड, पिट लाइन/कोचिंग डिपो, फलटण - बारामती नयी लाइन और इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रणाली उन्नयन कार्य की आधारशिला रखी तथा पूर्वी डीएफसी के न्यू खुर्जा से साहनेवाल (401 मार्ग किमी) खंड और पश्चिमी डीएफसी के न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड खंड (244 मार्ग किमी) के बीच समर्पित माल गलियारे के दो नए खंड राष्ट्र को समर्पित किए। उन्होंने चार वंदे भारत ट्रेनों के विस्तार की भी शुरुआत की। उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 50 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए।

आप अयोग्य ठहराए जाने पर कोर्ट क्यों नहीं गए

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोग्यता मामला

● उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों से किया सवाल

उच्चतम न्यायालय ने हाल में राज्यसभा चुनाव में 'क्रॉस वोटिंग' करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों से मंगलवार को पूछा कि वे उन्हें अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 29 फरवरी को पार्टी व्हिप का 'उल्लंघन' करने पर कांग्रेस की अर्जी पर छह विधायकों को (सदन की सदस्यता के लिए) अयोग्य करार दिया था। इस व्हिप के अनुसार, उन्हें विधानसभा में मौजूद रहकर बजट के पक्ष में मतदान करना था। बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्र की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आयी। इन याचिकाकर्ताओं के वकील ने यह कहते हुए पीठ से इस मामले की सुनवाई 15 या 18 मार्च के लिये स्थगित कर देने का अनुरोध किया कि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे उनकी ओर से पेश होंगे, लेकिन वह सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं।

इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा-लेकिन, हमें एक बात बताइए, आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं गए?'' जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने याचिका में इसकी वजह स्पष्ट की है और यह कि वे विधायक के रूप में निर्वाचित हुए हैं, तब पीठ ने कहा कि यह मौलिक अधिकार नहीं है। वकील ने कहा कि यह दुर्लभ मामला है, जहां 18 घंटे के अंदर विधानसभा अध्यक्ष ने हमें अयोग्य करार दिया। पीठ ने इस मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च तय की। याचिकाकर्ताओं ने पठानिया, राज्य के संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा अन्य को इस याचिका में प्रतिवादी बनाया है। कांग्रेस के इन बागियों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था और बाद में वे बजट पर 'मत विभाजन' में अनुपस्थित रहे थे।

एक नजर

मुंबई में इमारत गिरने से 3 श्रमिकों की मौत

मुंबई। मुंबई के बोरीवली में मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा गिर जाने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब एक बजे सोनी वाडी इलाके में कल्पना चावला चौक पर हुई। बताया कि निर्माणाधीन 24 मंजिला इमारत की 16वीं मंजिल पर स्थित मचान का कुछ हिस्सा गिर गया, जिससे चार श्रमिक घायल हो गए। उन्हें कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से तीन श्रमिकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि चौथे पीड़ित की हालत गंभीर है।

छह वाट का बल्ब बचाएगा 30 प्रतिशत बिजली

नई दिल्ली। ऊर्जा बचत समाधान मुहैया कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ईईएसएल ने मंगलवार को छह वाट के एलईडी बल्ब की पेशकश की। इस बल्ब से बिजली की खपत में लगभग 30 प्रतिशत की बचत होगी। यह एलईडी बल्ब किफायती प्रकाश योजना उजाला के तहत उपभोक्ताओं को मिलेगा। बता दें कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) बिजली मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है।

मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, जैन और सिख शरणार्थियों को सम्मानित किया

हैदराबाद, एजेंसी

● तेलंगाना में अमित शाह ने स्वयंसेवकों की बैठक को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिये हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। यहां भाजपा सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा, ''हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा, ''आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर सताये गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया।'' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा-नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी मोदी सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया।

राहुल ने महाराष्ट्र में किया जातिगत गणना का वादा

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ प्रतिशत हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50% अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को "संविधान की छठी अनुसूची" में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

विवादित बयान मामले में उदयनिधि के खिलाफ अदालत ने जारी किया समन

आरा। सनातन धर्म को लेकर विवादित बयान देने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ यहां की एक अदालत ने समन जारी किया है। आरा की अदालत ने तमिलनाडु के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ संज्ञान लेते हुए यह समन जारी किया है। तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते, उन्हें खत्म करना होता है।

राशन वितरण घोटाले में शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राशन वितरण में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच के सिलसिले में, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख की अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। ईडी ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को इससे पहले गिरफ्तार किया था। वह 2011 से 2021 तक प्रदेश सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री थे। न्यायमूर्ति देबांगशु बासक ने शेख के वकील और ईडी की दलीलें सुनने के बाद अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी। इससे पहले, ईडी ने शेख की याचिका का विरोध किया।

मोरारजी देसाई योग संस्थान में 9 माह से निदेशक नहीं

नई दिल्ली, ब्यूरो

● आयुष मंत्रालय को अपनी पसंद की है तलाश

अमृत विचार: उत्तर भारत के योग क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाने वाला "मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान" पिछले 9 माह से नेतृत्व विहीन है। डॉ. ईश्वर वी बसवारेड्डी के गत वर्ष अवकाश ग्रहण करने के बाद निर्देशक का पद रिक्त है।

संस्थान के सूत्रों के मुताबिक डॉ. बसवारेड्डी गत वर्ष 30 जून को रिटायर हुए थे। उससे पहले इस पद पर योग्य उम्मीदवार के लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था लेकिन आयुष मंत्रालय ने किसी को भी उक्त पद के लिए उपयुक्त नहीं समझा और मंत्रालय के एक निदेशक विक्रम सिंह को कार्यवाहक के रूप में संस्थान की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी गई। उन्होंने 13 दिसंबर तक निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इसी बीच चर्चा थी कि किसी योग गुरु को निदेशक बनाया जाएगा। लेकिन 22 दिसंबर को आयुष मंत्रालय की एक अन्य निदेशक विजय लक्ष्मी भारद्वाज को अतिरिक्त कार्यभार सौंप दिया गया। इसकी वजह से मंत्रालय के तमाम फैसले काफी विलंब से हो रहे हैं क्योंकि क्योंकि फुल टाइमर निदेशक नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अशोक रोड स्थित मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान का परिसर कभी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योग गुरु धीरेंद्र ब्रह्मचारी का आवास हुआ करता था। उनकी मृत्यु के बाद शहरी विकास मंत्रालय ने यह परिसर धीरेंद्र ब्रह्मचारी के शिष्यों से खाली करवा लिया और वहां पर मोरारजी देसाई योग संस्थान की स्थापना कर दी गई थी। स्थापना के कई वर्षों बाद तक इस संस्थान में केवल डिप्लोमा होता था। लेकिन पूर्व निदेशक डॉ. बसवारेड्डी के अथक प्रयासों के चलते इसमें बीएससी एवं एमएससी पाठ्यक्रम को भी लागू कर दिया गया। इन दिनों पीएचडी पाठ्यक्रम की भी तैयारी चल रही थी और इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की भी प्रक्रिया शुरू हुई थी। मगर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेदिक लॉबी के दबाव के चलते इस संस्थान को योग विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का फैसला वापस ले लिया गया और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में योग की जगह आयुष विश्वविद्यालय बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। कुल मिलाकर आयुष मंत्रालय की आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की वजह से योग संस्थान में ग्रहण लगा हुआ है। उसका प्रमुख कारण निदेशक पद पर किसी की नियुक्ति न होना है।

इस संबंध में योग संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक पद पर किसी योग्य योग गुरु को नियुक्त करने के लिए दो-दो बार विज्ञापन दिए जा चुके हैं और प्रक्रिया जारी है।

यशस्वी बने आईसीसी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फरवरी के लिए आईसीसी के महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए चुना गया। यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला में 712 रन बनाए, जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से बनाया बड़ा स्कोर है।

उन्होंने दो दोहरे शतक और तीन अर्धशतक लगाकर भारत को 4-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राजकोट में दोहरी शतकीय पारी के दौरान 12 छक्के लगाकर टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कहा कि मैं पुरस्कार पाकर खुश हूं और मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मुझे और पुरस्कार मिलेंगे। यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ और मेरी पहली शृंखला थी। मैंने वास्तव में इसका लुत्फ उठाया। मैंने अच्छा खेल दिखाया और हम शृंखला 4-1 से जीतने में सफल रहे। मेरे सभी साथी खिलाड़ियों के साथ यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। उन्होंने विशाखापत्तनम में 219 रन की पारी खेलने के बाद राजकोट में नाबाद 214 रन बनाए थे।

दो दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे युवा खिलाड़ी

दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमैन और विनोद कांबली के बाद दुनिया के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने फरवरी में तीन टेस्ट मैचों में 112 की औसत से 560 रन बनाए, जिसमें 20 छक्के थे। जायसवाल ने न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका को पछाड़ते हुए यह पुरस्कार जीता।

मुंबई ने विदर्भ को दिया 538 रन का विशाल लक्ष्य

मुशीर खान ने 136, श्रेयस अय्यर ने 95 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 73 रन की खेली शानदार पारी

मुंबई, एजेंसी

मुशीर खान (136) के शतक के अलावा श्रेयस अय्यर (95) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (73) के अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को विदर्भ को 538 रन का विशाल लक्ष्य दिया।

दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने बिना विकेट खोए 10 रन बना लिए हैं। ध्रुव शोरे सात और अथर्व ताइडे तीन रन बनाकर खेल रहे है। टीम को जीत के लिए 528 रन और बनाने हैं। मुंबई के बल्लेबाज मंगलवार को अधिक स्वच्छंद होकर खेले और टीम ने दूसरी पारी में 418 रन बनाए। मुंबई की पहली पारी के 224 रन के जवाब में विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन ही बनाए और 119 रन से पिछड़ गए। मुंबई ने दिन की शुरुआत 2 विकेट पर 141 रन से की। रहाणे ने 58 रन से आगे खेलते हुए चौका जड़ा लेकिन हर्ष दुबे (5 विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर अक्षय वाडकर को कैच दे बैठे। उन्होंने 143 गेंद पर पांच चौके और एक छक्का मारा। अय्यर ने 111 गेंद की पारी में 10 चौके और 3 छक्के मारे। उन्होंने मुशीर के साथ चौथे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की। अय्यर शतक से सिर्फ 5 रन से चूक गए। उन्होंने आदित्य ठाकरे (1 विकेट) की गेंद पर लॉग ऑन पर अमन मोखाडे को कैच दे दिया। मुशीर ने बल्लेबाजी करते हुए आसानी से एक और दो रन जुटाए। उन्होंने खराब गेंद को सबक सिखाने में कोताही भी नहीं बरती। इस साल रणजी नॉकआउट मुकाबलों में नाबाद 203 और 55 रन की पारी खेलने वाले मुशीर ने मुंबई के मध्य क्रम को मजबूती दी और 326 गेंद पर 10 चौके मारे। दुबे ने पहली की तरह दूसरी पारी में भी मुशीर को पगबाधा किया। मुंबई के शम्स मुलानी ने 85 गेंद में 6 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर टीम की बढ़त को 500 रन के पार पहुंचाया।

खेल डायरी

रोनाल्डो के गोल के बावजूद बाहर हुआ अल नासर

रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल के बावजूद अल नासर की टीम एशियाई चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हार के बाहर हो गई। संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन के खिलाफ पहले चरण के मुकाबले में 0-1 की हार के बाद अल नासर ने सोमवार को दूसरे चरण का मुकाबला 4-3 से जीता। कुल स्कोर पर मुकाबला 4-4 से बराबर होने के बाद पेनल्टी शूट आउट में अल नासर को 1-3 से शिकस्त मिली। शूट आउट में मेजबान टीम की ओर से सिर्फ रोनाल्डो गोल कर पाए। रोनाल्डो ने नियमित समय में कई मौके गंवाए। एक बार तो वह सिर्फ दो मीटर की दूरी से गेंद को गोल में डालने में नाकाम रहे जबकि अल ऐन के गोलकीपर खालिद ईसा मैदान पर गिरे हुए थे।

चेल्सी ने ईपीएल में न्यूकासल को हराया

लंदन, एजेंसी। कोल पाल्मर ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की, जिससे चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में न्यूकासल को 3-2 से हराया। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट की मौजूदगी में पाल्मर चेल्सी के लिए पांच मैच में गोल करने वाले छठे खिलाड़ी बने। पाल्मर ने 57वें मिनट में गोल दागा जो उनका सत्र का 11वां गोल है। वहीं निकोलस जैकसन (छठे मिनट) और मिखाइलो मुद्रिक (76वें मिनट) ने भी चेल्सी की ओर से गोल किए। न्यूकासल के एलेक्सांद्र आइसेक और जैकब मर्फी ने गोल दागे।

उडिनेस ने सिरी ए में लाजियो को दी मात

रोम, एजेंसी। उडिनेस ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यहां लाजियो को 2-1 से मात दी। उडिनेस की यह साल की सिर्फ दूसरी जीत है, लेकिन इसकी बदौलत वह निचली लीग में खिसकने वाली टीमों के समूह से बाहर आ गया है। टीम ने इस साल इससे पहले सिर्फ यूवेंटस को हराया था और संभावित 27 में से सिर्फ सात अंक जुटा पाई थी। इस जीत से उडिनेस चार स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि लाजियो नौवें स्थान पर है। लोरेंजो लुका ने 47वें मिनट में उडिनेस को बढ़त दिलाई, लेकिन लाजियो ने दो मिनट बाद लॉटेरो जियानेटी के गोल से बराबरी हासिल की।

लुका नार्डी ने जोकोविच को हराकर किया उलटफेर

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी। लुका नार्डी ने शीर्ष वरीय नोवाक जोकोविच को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 3 सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर उलटफेर किया। दुनिया के 123वें नंबर के खिलाड़ी नार्डी ने जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया। इटली के नार्डी ने 'लकी लूजर' के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी। लकी लूजर वह खिलाड़ी होता है जो क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार जाता है लेकिन पहले दौर से पूर्व हटने वाले चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर उसे मौका मिलता है।

पंत आईपीएल के लिए फिट, दिल्ली के कप्तान के रूप में होगी वापसी

बेहतर प्रदर्शन पर टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए फिट घोषित कर दिया, जिससे टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी की उनकी संभावना बढ़ गई।

पंत को 14 महीने पहले कार दुर्घटना में चोटें लगी थीं। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे और विस्तृत रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बाद 22 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में दोहरी जिम्मेदारी निभाने को तैयार हैं। इससे लीग में उनकी भूमिका को लेकर लग रही अटकलों पर भी विराम लग गया है। बीसीसीआई ने कहा कि 30 दिसंबर 2022 को उत्तराखंड के रूड़की में पास सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद 14 महीने के रिहैबिलिटेशन और उबरने की प्रक्रिया से गुजरने के बाद पंत को आईपीएल 2024 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में फिट घोषित किया गया है। टी-20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होना है। कुछ हफ्ते पहले पंत ने कहा था कि उन्हें याद है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि ठीक होने में 16 से 18 महीने लगेंगे। मैंने कहा कि इसमें छह महीने कम कर दूंगा। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें एक हफ्ते पहले फिट घोषित किया था जब उन्होंने सभी फिटनेस परीक्षण पास किए थे। उन्होंने एनसीए द्वारा तैयार मैच जैसी स्थिति में लंबी बल्लेबाजी और लंबे समय तक विकेटकीपिंग की। ऐसी अटकलें थीं कि वह आईपीएल में केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' या बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन छह वर्षों में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक पंत वापसी करने को तैयार हैं। पंत के विकेटकीपिंग का मतलब यह भी है कि अगर वह आईपीएल में प्रभावशाली पारियां खेल पाते हैं तो उनके पास टी-20 विश्व कप खेलने का मौका होगा। पंत पिछले साल आईपीएल नीलामी के दौरान कैपिटल्स के अधिकारियों के साथ मौजूद थे और दुर्घटना के बाद से वह एनसीए में फिटनेस पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की कि गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एड़ी की सर्जरी से आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनके सितंबर से पहले वापसी की उम्मीद नहीं है। इस गेंदबाज की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी को सर्जरी हुई। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है और वह आईपीएल से बाहर हैं। मेडिकल टीम राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा पर भी नजर रखे हुए हैं। बीसीसीआई ने कहा कि तेज गेंदबाज की 23 फरवरी को बाईं जांघ की सर्जरी हुई।

कोहली की आक्रामकता टीम को जरूरी जज्बा देती है: कुंबले

बेंगलुरू। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रदर्शन में निरंतरता से हैरान हैं और उनका मानना है कि मैदान पर उनकी आक्रामकता, वह जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, उसे जरूरी जज्बा देती है। कुंबले इसे कोहली की बड़ी विरासत मानते हैं जो आईपीएल के सभी 16 सत्र में सिर्फ एक फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से खेलने वाले खिलाड़ी हैं। कुंबले ने कहा कि मैं इसे प्रदर्शन में निरंतरता कहूंगा। जब मैं आरसीबी का हिस्सा था तो मैंने उसे आरसीबी में देखा था जहां अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद उसने टी-20 करियर की शुरुआत की थी। वह जिस तरह क्रिकेट खेलना चाहता है उस तरीके और सफेद गेंद के क्रिकेट में उसके प्रदर्शन में बदलाव आया। टेस्ट में हम उसकी महानता के बारे में जानते हैं।

रोहित असाधारण कप्तान ही नहीं अच्छे इंसान भी: अश्विन

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के मन में असाधारण कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के लिए हमेशा सम्मान रहा है लेकिन जब इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के दौरान उनकी मां बीमार पड़ी तो उन्होंने जाना कि भारतीय कप्तान बहुत अच्छा इंसान भी हैं।

अश्विन का मानना है कि ऐसे समय में जहां लोग अपने बारे में सोचते हैं वहां रोहित जैसे नेतृत्वकर्ता भी हैं जो साथियों के लिए सब कुछ न्योछावर करने को तैयार रहते हैं। अश्विन को अपनी मां के बीमार होने से अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद चेन्नई जाना पड़ा था। अश्विन ने कहा कि मैं कमरे में रो रहा था और किसी का फोन नहीं उठा रहा था। ऐसे में रोहित और राहुल (द्रविड़) मेरे पास आए और मैंने उनसे कहा कि मैं कुछ नहीं सोच पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं अंतिम एकादश का हिस्सा था और अगर मैं टीम छोड़ दूंगा तो उसमें केवल 10 खिलाड़ी रह जाएंगे। दूसरी तरफ मैं मां के बारे में सोच रहा था। मैं मां के पास जाना चाहता था। अश्विन को बाद में एहसास हुआ कि रोहित ने उनके लिए जो किया वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि राजकोट हवाई अड्डा शाम छह बजे बंद हो गया था। मैं नहीं जानता था कि क्या करना है। रोहित मेरे लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था करने में लगे थे। अश्विन ने चेतेश्वर पुजारा का भी आभार व्यक्त किया जो अहमदाबाद से राजकोट पहुंचा और उनके साथ चेन्नई तक गया।

अंग्रेजी टीम कुलदीप के रहस्य सुलझाने में विफल: बॉयकॉट

लंदन। महान बल्लेबाज ज्योफ बॉयकॉट ने कहा कि अंग्रेजी टीम के बल्लेबाजों की स्पिनर कुलदीप यादव से निपटने में विफलता टेस्ट शृंखला में भारत के खिलाफ करारी हार के कारणों में से एक थी। इंग्लैंड ने शृंखला की शुरुआत हैदराबाद में जीत से की लेकिन 1-4 से हार गई। कुलदीप ने आखिरी 4 मैच में 19 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि मैं हैरान था कि उनमें से कितने बल्लेबाज कुलदीप को नहीं पढ़ सके और शृंखला के अंत तक समझदारी नहीं दिखा रहे थे। एक गेंदबाज आपके लिए रहस्य बन सकता है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बल्लेबाजों को उनसे निपटने का तरीका ढूंढने में सक्षम होना चाहिए।

ली के मुकाबले से हटने पर सिंधू दूसरे दौर में

बर्मिंघम, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां जर्मनी की यिवोनी ली के पहले दौर के मुकाबले के बीच से हटने पर ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने पहला गेम 21-10 से जीता, जिसके बाद दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी ली ने मुकाबले से हटने का फैसला किया। हैदराबाद की 28 साल की सिंधू अगले दौर में कोरिया की आन से यंग से भिड़ेंगी, जिनके खिलाफ उन्होंने अब तक सभी छह मुकाबले गंवाए हैं। सिंधू कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ एक बार गेम जीतने में सफल रही हैं और उन्होंने पिछले साल दुबई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछली बार हुए मुकाबले में ऐसा किया था। दाएं घुटने की चोट से उबर रहीं आन से ने रविवार को फ्रेंच ओपन के रूप में सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता था। सिंधू ने ली के खिलाफ अच्छी शुरुआत की और 4-4 के स्कोर के बाद लगातार अंक बनाते हुए ब्रेक तक 11-7 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद आसानी से अंक जुटाए। ली ने नेट पर सर्विस मारकर सिंधू को 11 गेम प्वाइंट दिए। जर्मनी की खिलाड़ी ने इसके बाद बाहर शॉट मारकर पहला गेम सिंधू की झोली में डाल दिया।

ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप

आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर प्लेऑफ में जगह की पक्की

नई दिल्ली, एजेंसी

एलिस पेरी (15 रन पर 6 विकेट और 40* रन) के खेल से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने मंगलवार को डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। मुंबई को 113 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने 15 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया। टीम की 8 मैचों में चौथी जीत है। मुंबई दूसरे और दिल्ली पहले स्थान पर है। इन तीनों टीमों ने प्लेऑफ में जगह बनाई हैं। प्लेयर ऑफ द मैच पेरी ने गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी करते हुए ऋचा घोष के साथ 76 रन की साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। ऋचा ने नाबाद 36 रन बनाए। मुंबई के लिए हेली मैथ्यूज (26) और संजीवन संजना (30) ने 43 रन की साझेदारी की, लेकिन पेरी ने मैच पर आरसीबी की पकड़ बना दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्मृति ने मैथ्यूज और शबनम के खिलाफ चौके जड़े। मैथ्यूज ने उन्हें जबकि नेट सिवर ब्रंट ने स्मृति को आउट किया। दोनों का कैच विकेटकीपर प्रियंका बाला ने लपका। आरसीबी की पेरी ने पावरप्ले में टीम का स्कोर 2 विकेट पर 39 रन पहुंचाया। अगले ओवर में शबनम ने सोफी डिवाइन को चलता किया। पेरी और ऋचा घोष ने सभल कर बल्लेबाजी की। आखिरी गेंद पर पेरी ने चौका लगाकर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

मुंबई इंडियंस: 113 पर आल आउट, हेली मैथ्यूज 26 (23 गेंद), संजीवन सजना 30 (21 गेंद), प्रियंका बाला 19* (18 गेंद)। **विकेट:** एलिस पेरी 6

आरसीबी: 115/3, स्मृति मंधाना 11 (13 गेंद), एलिस पेरी 40* (38 गेंद), ऋचा घोष 36* (28 गेंद)। **विकेट:** शबनम 1, हेली मैथ्यूज 1, नेट साइवर-ब्रंट 1

बॉलीवुड हलचल

सिद्धार्थ की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा का गाना तिरंगा रिलीज हो गया है। यह देशभक्ति गाना अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के राष्ट्र के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण को दर्शाता है। गाने को बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे कंपोज तनिष्क बागची ने किया है। वहीं, इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। फिल्म योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

काजमी की सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली फिल्म बैंडिट शकुंतला



मुंबई, एजेंसी। फिल्मकार हैदर काजमी की फिल्म बैंडिट शकुंतला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर डायमेंशन म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इसके निर्माता लियाकत गोला, उपेन्द्र कुमार, पिंटू कुमार, शरवन प्रसाद, हैदर काजमी हैं। यह फिल्म बिहार की शकुंतला देवी के जीवन पर आधारित है। दिलचस्प बात यह है कि शकुंतला देवी खुद मुख्य किरदार में है। इस फिल्म की शूटिंग बिहार के जहानाबाद जिला स्थित काको पाली गांव में हुई है। हैदर काजमी ने कहा कि फिल्म की झलक जनता ट्रेलर के माध्यम से देख सकती है। उन्होंने कहा कि बैंडिट शकुंतला सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह अदम्य का प्रमाण है ऐसे व्यक्तियों की भावना जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने और प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अपना रास्ता खोजने का साहस करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय आलोचकों ने फिल्म को पसंद किया है।

सेल्वराज की फिल्म में होंगे ध्रुव और अनुपमा

मुंबई, एजेंसी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और मारी सेल्वराज निर्देशित अन्टाइटल्ड प्रोजेक्ट में ध्रुव विक्रम और अनुपमा परमेश्वरन की मुख्य भूमिका होगी। अपनी पहली तमिल फिल्म पोर थोज़िल की सफलता के बाद, अप्लॉज एंटरटेनमेंट फिल्म निर्माता पा रंजीत और अदिति आनंद के साथ मल्टी फिल्म पार्टनरशिप की घोषणा कर रोमांचित हैं। इसके अंतर्गत सबसे पहला प्रोजेक्ट एक स्पोर्ट ड्रामा होगा, जिसका निर्देशन मारी सेल्वराज कर रहे हैं। इस ड्रामा में एक युवा व्यक्ति के जीवन के साहस, धैर्य और महिमा की कहानी को दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में सुपरस्टार अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम ने मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अनुपमा परमेश्वरन नजर आएंगी। समीर नायर, प्रबंध निदेशक, अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने कहा, नीलम स्टूडियोज के साथ हमारा कलेबॉरेशन अप्लॉज एंटरटेनमेंट के लिए एक रोमांचक अध्याय का प्रतीक है। एक एक्सट्राऑर्डिनारी स्पोर्ट्स ड्रामा के साथ शुरू होने वाली यह साझेदारी, प्रभावशाली कथाओं को बुनने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पा रंजीत और मारी सेल्वराज जैसी प्रतिभा को एक साथ लाना, एक प्रतिभाशाली समूह द्वारा समर्थित, हमारे लिए साउथ इंडियन सिनेमा की जीवंत दुनिया में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने की नींव रखती है। नीलम स्टूडियोज के पा रंजीत और अदिति आनंद का मानना है कि पेरीयेरम पेरुमल की सफलता के बाद नीलम स्टूडियोज इस परियोजना पर मारी सेल्वराज के साथ साझेदारी करने के लिए बहुत उत्साहित है। हम सार्थक सिनेमा और प्रामाणिक कहानियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करके बेहद खुश हैं। निर्देशक मारी सेल्वराज ने कहा, पा रंजीत अन्ना के साथ मेरी पहली फिल्म पेरीयेरुम पेरुमल थी। यही एक प्रमुख कारण था कि फिल्म इतनी मजबूत ऊंचाइयों तक पहुंची। यह मेरी अगली फिल्मों के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। मैं अपनी 5वीं फिल्म के लिए एक और मजबूत साथी - अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

भोजपुरी फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल का गाना मरून कलर सड़िया का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि किस तरह से एक किसान अपनी बीवी की खूबसूरती की तारीफ कर रहा है। इस गाने में पति-पत्नी बने निरहुआ और आम्रपाली ने सबका दिल जीत लिया है। किसान बने निरहुआ प्यार भरी नजरों से आम्रपाली को निहार रहे हैं। उन्हें ऐसी नजर से ताकते हुए देखकर आम्रपाली कह रही हैं कि देखतानी मीठी मीठी मुस्की तू मारा तारा, टुक टुक काहे निहारा तारा, काथी तोरा मन मे साँवरिया हो तब दिनेश लाल यादव निरहुआ कहते हैं कि हटे हटावले ना हटे नजरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मन कर कस लिहिं भरि अकवरिया हो, जन मारे जान हमर मारून कलर सड़िया हो मरून कलर सड़िया गाने को कल्पना पटवारी और नीलकमल सिंह ने गाया है। गीत प्यारेलाल यादव कवि ने लिखा है और संगीत ओझा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखे हैं। फिल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं, जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है। आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज ने गाने गाए हैं। फिल्म फसल के सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है, वहीं मारधाड़ का पक्ष हीरा यादव ने देखा है।

ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करेंगे सलमान खान

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान दक्षिण भारतीय फिल्मों के निर्देशक ए आर मुरुगदोस की फिल्म में नजर आ सकते हैं। ए आर मुरुगदोस ने आमिर खान को लेकर सुपरहिट फिल्म गजनी बनाई थी। अब सलमान खान, ए आर मुरुगदोस की फिल्म में काम करने जा रहे हैं। सलमान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, ए आर मुरुगदोस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला को अगले एक्साइटिंग प्रोजेक्ट में ज्वाइन करके बेहद खुश हूं। ये कोलाब्रेशन बहुत ही स्पेशल है, इस सफर में आपका प्यार और ढेर सारा आशीर्वाद चाहिए। ईद 2025 में रिलीज हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

भारतवंशी बनवा सकेंगे ओसीआई कार्ड : मुर्मू

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान की घोषणा

पोर्ट लुइस, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि भारत ने मॉरीशस में रह रहे भारतवंशियों की सातवीं पीढ़ी को भारत की विदेशी नागरिकता (ओसीआई) कार्ड देने के लिए विशेष प्रविधान को मंजूरी दी है। यह कदम यहां के युवाओं उनके पूर्वजों की भूमि से फिर से जोड़ने का एक प्रयास है।

इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि भारत सरकार पवित्र गंगा तालाब परिसर का धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक केंद्र के रूप में पुनर्विकास करने में मॉरीशस सरकार की मदद करेगी। वह तीन दिवसीय मारीशस की राजकीय यात्रा पर हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को मारीशस के 56वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल

ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

हुईं। इस दौरान उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि वह समारोह में भाग लेकर बेहद खुश हैं और प्रार्थना करती हैं कि दोनों देशों के संबंध मजबूत बने रहें। इधर, मॉरीशस विश्वविद्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रपति मुर्मु को डाक्टर आफ सिविल ला की मानद उपाधि से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 'एक्स' पर लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया और मॉरीशस में सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने वाले महात्मा गांधी संस्थान में बापू को श्रद्धांजलि दी। समारोह में राष्ट्रपति ने मॉरीशस में अपनी सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने और उसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद दिया। आज मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस है। राष्ट्रपति मुर्मू इसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंची हैं। उन्होंने मॉरीशस में महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन तक एक छोटी मेट्रो यात्रा भी की। विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में कहा, महात्मा गांधी के दांडी मार्च की शुरुआत के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने मेट्रो में थोड़ी देर यात्रा की और मॉरीशस के महात्मा गांधी मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।

लोस चुनाव में 8.1% नए मतदाताओं की बढ़ोतरी

इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में 96.8 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करेंगे। ये लोग ही भारत को दुनिया में वोट डालने वाले सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में से एक बनाते हैं। यह संख्या 2019 के चुनावों से पहले रजिस्टर्ड 89.6 करोड़ लोगों से 8.1% अधिक है। इस बार कुल मतदाताओं में 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता (2019 से 6.9% अधिक) और 47.1 करोड़ महिलाएं (9.3% अधिक) शामिल हैं। यह देश की आबादी का 66.8% है। देश में इस बार 21.6 करोड़ 18-29 वर्ष की आयु के मतदाता है। इनकी संख्या कुल वोटरों के 22% से अधिक हैं।

2 करोड़ युवा पहली बार करेंगे मतदान

लेटेस्ट वोटर लिस्ट में 18-19 आयु वर्ग के लगभग 1.85 करोड़ पहली बार मतदाताओं को जोड़ा गया है। यह 2019 में जोड़े गए 18-19 वर्ष के बच्चों से 22.7% अधिक है। साथ ही, 17 साल से अधिक उम्र के युवाओं से नामांकन के लिए 10.6 लाख अग्रिम आवेदन प्राप्त हुए हैं। 2024 की अंतिम सूची के अनुसार, 20-29 आयु वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 19.7 करोड़ से अधिक है। 1 जनवरी, 2024 तक थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 48,044 है। यह 2019 में 39,683 से अधिक है, जबकि पीडब्ल्यूडी (विकलांग व्यक्ति) मतदाता 45.6 लाख से 88.4 लाख हो गए हैं। यह संख्या लगभग दोगुनी बढ़ी है। नवीनतम सूची में 1.86 करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इनमें 2.38 लाख 100 साल या इससे अधिक उम्र के व्यक्ति हैं।

12 राज्यों में महिला वोटर अधिक

मतदाताओं के लिंग अनुपात (प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर महिलाओं की संख्या) में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ये 2019 में 928 से बढ़कर इस बार 948 हो गया है। पिछले पांच वर्षों में 3.2 करोड़ पुरुषों की तुलना में 4 करोड़ से अधिक महिला मतदाता जुड़ी हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों में 43.1 करोड़ के बाद से, इस वर्ष महिला मतदाताओं में 9.3% की वृद्धि हुई है। जबकि पुरुष मतदाताओं में 46.4 करोड़ से 6.9% की वृद्धि हुई है। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित एक दर्जन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक है।

यूपी में मतदाताओं की संख्या बढ़ी

उत्तर प्रदेश में इस बार करीब 26 लाख मतदाता बढ़े हैं। कुल वोटर्स की संख्या 15.30 करोड़ हो गई है। इस बार 57 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए हैं। जबकि 31 लाख लोगों के नाम सूची से कटे हैं। 1 जनवरी 2024 तक जोड़े गए युवा मतदाताओं (18 साल की आयु) की संख्या 15 लाख है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अनुसार इस बार प्रदेश में महिला, पुरुष मतदाताओं का अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। चुनाव आयोग का इस पर खास फोकस रहा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्षों में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाता सूची में एक हजार पुरुषों की तुलना में 867 महिलाएं थीं, इस वर्ष यह अनुपात और सुधरने की उम्मीद है। बता दें, नए मतदाता बनने के लिए फॉर्म-छह भरना होगा। मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म-सात व मतदाता सूची में दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम सुधारने या फिर पता बदलने के लिए फॉर्म-आठ भरना होगा।

एक नजर

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैर कानूनी गुट करार देते हुए प्रतिबंध लगा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर नेशनल फ्रंट को गैरकानूनी एसोसिएशन घोषित कर दिया। उन्होंने कहा- संगठन जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और आतंकवाद का समर्थन करने, राष्ट्र की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को चुनौती देने के लिए अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। शाह बोले, लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवादी ताकतों को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हिजबुल्लाह ने इजराइल पर दागे 100 रॉकेट: इजराइली रक्षा बल

यरूशलम। इजराइल की ओर से लेबनान पर किए गए हवाई हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने मंगलवार सुबह उत्तरी इजराइल की ओर करीब 100 रॉकेट दागे। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) के अनुसार लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादियों ने अपर गैलिली क्षेत्र और इजराइल के आधिपत्य वाले गोलान हाइट्स पर रॉकेट दागे हैं। देश की हवाई रक्षा प्रणालियों ने कुछ रॉकेटों को हवा में ही मार गिराया। हमलों में किसी के हताहत होने के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। आईडीएफ ने एक बयान में पुष्टि की कि हिजबुल्लाह के रॉकेट हमलों के जवाब में उसके लड़ाकू विमानों ने सुबह रॉकेट दागने के लिए इस्तेमाल किये गए तीन लॉन्चरों पर हमला किया।

मध्य पाकिस्तान में इमारत ढही नौ लोगों की मौत, कई घायल

मुल्तान। पाकिस्तान के मुल्तान शहर में मंगलवार तड़के एक तीन मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी रिजवान कादिर ने कहा कि इमारत का मलबा आसपास के घरों पर भी गिरा, जिससे कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक ही परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। पाकिस्तान में इमारतों का ढहना आम बात है, लागत में कटौती के लिए सुरक्षा दिशानिर्देशों की अनदेखी की जाती है। जून 2020 में देश के सबसे बड़े शहर कराची में एक इमारत गिरने से 22 लोगों की मौत हो गई थी।

हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने किए हवाई हमले

लंदन। लाल सागर में जहाजों पर हूती हमलों के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर करीब 15 हवाई हमले किए हैं। अल-मसीरा प्रसारक ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के विमानों ने उत्तरी यमन के सादाह प्रांत पर पांच हमले किए। इसके अलावा, उन्होंने होदेइदाह प्रांत सहित पश्चिमी यमन में लगभग 15 हमले किए। यमन के बड़े हिस्से को नियंत्रित करने वाले हूती आंदोलन ने नवंबर 2023 में इजराइल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की कसम खाई थी जब तक कि वह गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता।

आतंकवाद से निपटने की प्रतिबद्धता में दोहरे दृष्टिकोण की गंध: रूचिरा

यूएन में भारत के निशाने पर चीन, वीटो शक्तियों के उपयोग पर की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में वैश्विक आतंकवादियों को काली सूची में डालने से रोकने के लिए अपनी

वीटो शक्तियों का उपयोग करने वाले देशों की कड़ी निंदा की है। कहा कि यह अभ्यास अनावश्यक है और आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता के प्रति दोहरे दृष्टिकोण की गंध आती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वीकृत आतंकवादियों के लिए वास्तविक साक्ष्य-आधारित सूची प्रस्तावों को बिना किसी उचित औचित्य के रोकना अनावश्यक है और जब आतंकवाद की चुनौती से निपटने में परिषद की प्रतिबद्धता की बात आती है तो दोहरेपन की बू आती है उन्होंने कहा कि पिछले साल, भारत और अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसपर चीन ने तकनीकी रोक लगा दी थी।

अरुणाचल को लेकर चीन की आपत्ति को भारत ने किया खारिज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन की टिप्पणी को लेकर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम प्रधानमंत्री की अरुणाचल प्रदेश यात्रा के संबंध में चीनी पक्ष की टिप्पणियों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश राज्य भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल दौरे को लेकर चीन ने भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया था। चीन ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और भारत के इस कदम से सीमा विवाद के केवल (और) जटिल होने की बात कही। साथ ही चीन ने इस क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया।

तनाव से ना भारत को कुछ हासिल हुआ, न ही चीन को : जयशंकर

नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार वर्षों से चल रहे सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि इस अवधि में तनाव से हममें से किसी को भी फायदा नहीं हुआ। साथ ही कहा कि भारत उचित हल खोजने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह ऐसा होना चाहिए जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को मान्यता देता हो। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा बातचीत के केंद्र में उचित और स्पष्ट रूप से होना चाहिए। हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा से लौटे जयशंकर ने एक कार्यक्रम में सीमा मुद्दे को हल करने के लिए अतीत में चीन की ओर से गई पेशकश पर उनके विचारों के बारे में कहा, सीमा विवाद पर बातचीत में शामिल किसी भी देश को यह विश्वास करना होगा कि इसका समाधान होना चाहिए।

पाकिस्तानः नवाज के करीबी इशाक डार बने विदेश मंत्री

इस्लामाबाद। अर्थशास्त्री इशाक डार ने मंगलवार को नए विदेश मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। आर्थिक संकट में घिरे पाकिस्तान की नई सरकार भारत और अन्य पड़ोसियों के साथ अपने संबंधों को सुधारने के प्रयास कर रही है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मंत्रिमंडल में 19 सदस्यों को शामिल कर किया है। वह पार्टी प्रमुख और तीन बार के नवाज के भी खास हैं। इससे पहले वह चार बार पाकिस्तान के वित्त मंत्री की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

स्व-निर्वासन के बाद पूर्व पीएम नवाज के बेटे लौटे पाकिस्तान

लाहौर, एजेंसी



- पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद 2018 में छोड़ा था देश

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के दोनों बेटे छह साल बाद ब्रिटेन से वापस अपने देश लौटे हैं। दरअसल, पनामा पेपर्स घोटाले में जवाबदेही अदालत द्वारा उनके गिरफ्तारी वारंट को निलंबित करने के बाद छह साल के आत्म-निर्वासन के बाद वह पाकिस्तान वापस आए हैं।

2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था। एक जवाबदेही अदालत ने उन्हें 2018 में एवेनफील्ड मामले में अपराधी घोषित किया था और उनके खिलाफ गैर-जमानती स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला शरीफ परिवार के लंदन में लग्जरी अपार्टमेंट के स्वामित्व और अधिग्रहण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी ने एक बयान में कहा, "नवाज के बेटे मंगलवार को लंदन से यहां पहुंचे और उन्हें कड़ी सुरक्षा में उनके जाति उमरा लाहौर स्थित घर ले जाया गया। मालूम हो कि नवाज शरीफ पीएमएल-एन सुप्रीमो हैं।

फेक न्यूज पर लगेगी लगाम, गूगल ने ईसी से मिलाया हाथ

नई दिल्ली। अल्फाबेट इंक के स्वामित्व वाली गूगल ने आगामी आम चुनावों के दौरान गलत सूचना के प्रसार रोकने, फेक न्यूज को बढ़ावा देने और एआई से तैयार किए गए डाटा को रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) के साथ हाथ मिलाया है।

गूगल इंडिया ने इसकी जानकारी अपने एक ब्लॉग में दी है। गूगल ने कहा है कि भारत में आगामी लोकसभा चुनाव के लेकर खास तैयारी की गई है। गूगल ने कहा है कि हम चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि लोगों को चुनाव और वोटिंग से संबंधित जानकारी अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सटीक तौर पर मिल सके। गूगल ने कहा है कि हम एआई से तैयार किए गए कंटेंट को पहचान करने के तरीके भी लोगों को बताएंगे। इस तरह के मौके पर विज्ञापनदाता एआई का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हम भी यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम लोगों को अधिक पारदर्शिता के साथ जानकारी मिले। हमारी विज्ञापन नीतियां पहले से ही लोगों को गुमराह करने के लिए हेरफेर किए गए मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाती हैं, जैसे डीपफेक या छेड़छाड़ की गई सामग्री।

जल बिन सब सून...

बेंगलुरु : गत वर्ष कम बारिश और अब पारा बढ़ने के साथ कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी का संकट गहरा गया है। लोग पानी की बूंद-बूंद को परेशान हैं। शहर की सड़कों पर पानी के टैंकर दौड़ते नजर आ रहे हैं। पानी की समस्या के कारण सामान्य दिनों में 700 से 800 रुपये में मिलने वाले पानी टैंकरों की कीमत 1500 से 1800 तक पहुंच गई है। जल संकट को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए हैं, हाथों में मटकी लेकर महिलाओं ने देश की आईटी राजधानी कहे जाने वाले शहर में विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

गुजरात में 6 पाकिस्तानी गिरफ्तार 480 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद

गुजरात, एजेंसी

- एटीएस-एनसीबी की कार्रवाई संयुक्त टीम ने अब तक जब्त की तीन हजार करोड़ की ड्रग्स

गुजरात एटीएस ने इंडियन कोस्ट गार्ड और एनसीबी के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया। इस ऑपरेशन में छह पाकिस्तानियों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया। इस ऑपरेशन में 480 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है। सभी आरोपियों को पोरबंदर लाया जाएगा। कोस्ट गार्ड, एटीएस और एनसीबी ने मिलकर अब तक 3,135 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है।

एनसीबी ने इस ऑपरेशन को लेकर कहा कि 11 और 12 मार्च को रात भर के संयुक्त अभियान में, भारतीय तटरक्षक बल ने एक पाकिस्तानी नाव को 6 चालक दल के साथ और लगभग 480 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 80 किलोग्राम ड्रग्स के साथ पकड़ा। नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में आईसीजी जहाजों और डोर्नियर विमान के समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में पकड़ा गया। ऑपरेशन में आईसीजी, एनसीबी और एटीएस गुजरात के बीच अच्छे समन्वित प्रयासों का प्रदर्शन हुआ। पिछले तीन वर्षों में एटीएस गुजरात और एनसीबी के साथ संयुक्त रूप से आईसीजी द्वारा की गई यह दसवीं गिरफ्तारी है, जिसमें 3,135 करोड़ रुपये मूल्य की 517 किलोग्राम नशीले पदार्थ की मात्रा है।

हिंदू-अमेरिकी संगठन ने भारत में सीएए लागू होने पर जताई खुशी

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतवंशी समुदाय ने भारत में सीएए लागू किए जाने पर खुशी जताई है। अमेरिकी हिंदू समूहों का मानना है कि भारत में सीएए अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू लाडेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है।

मीडिया के मुताबिक, हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत में लंबे समय से लंबित सीएए कुछ अत्यंत असहाय शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वह मानवाधिकार प्रदान करता है, जिनसे उन्हें वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।

बिना एनआरसी के आवेदन पर किसी को भी नागरिकता मिली तो दे दूंगा इस्तीफा: सीएम हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सीएए को लेकर मंगलवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर एनआरसी के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति को नागरिकता मिल गई तो मैं अपने पद से इस्तीफा देने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

दरअसल, चार साल बाद केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को सीएए के लिए एक अधिसूचना जारी की। विपक्षी राजनेताओं के विरोध के बीच दिसंबर 2019 में संसद द्वारा सीएए को पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। सरमा की टिप्पणी सोमवार को सीएए को लागू करने के लिए केंद्र में भाजपा सरकार की आलोचना करने वाले विपक्षी दलों के साथ पूरे असम में विरोध प्रदर्शन के बाद आई है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि सीएए लागू होने के बाद लाखों लोग राज्य में प्रवेश करेंगे। सरमा ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो मैं विरोध करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा। उन्होंने कहा कि सीएए के बारे में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि यह पहले लागू किया गया था, 'अब पोर्टल पर आवेदन करने का समय आ गया है।

विज्ञान विकिरण का बड़ा जोखिम है अंतरिक्ष पर्यटन, वैज्ञानिकों की चेतावनी-संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी

स्पेस टूरिज्म विश्व में तेजी से पसार रहा पैर, निजी कंपनियां आगे

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष की सैर कराने वाला रोमांचक पर्यटन है। मगर इस पर्यटन में खतरे भी कम नही हैं। हाल में हुए शोध में चेतावनी दी है कि ब्रह्मांड से आने वाला विकिरण अंतरिक्ष यात्रियों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है।

लिहाजा संचालकों को सावधानी बरतनी बेहद जरूरी है। स्पेस टूरिज्म का सपना शायद सदियों पुराना रहा हो , लेकिन इसने वर्ष 2020 से जोर पकड़ा है। बेहद जोखिमभरा पर्यटन होने के बावजूद वर्तमान में दुनिया के हजारों लोग इस पर्यटन का आनंद लेना चाहते हैं। मगर इस पर्यटन में अंतरिक्ष मौसम विकिरण बड़ा जोखिम हो सकता है। इससे

स्पेस एक्स का अंतरिक्ष यान।

निपटने के लिए सुरक्षा उपाय पुख्ता किए जाने की सख्त जरूरत है।

दरअसल सौर विकिरण अंतरिक्ष में आए दिन पहुचते रहता है। जिससे स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है। जिसमें कैंसर सबसे बड़ा खतरा है। साथ ही डीएनए को भी खतरा हो सकता है। इस पर अमेरिकी सरे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शोध किया है। सभी जानते हैं कि हमारा वायुमंडल सूर्य से आने वाले विद्युत आवेशित कणों से बचाता है और सूर्य से आने वाले विकिरण को चुम्बकीय क्षेत्र में समाहित कर लेता है। जिस कारण प्राकृतिक रूप से हमारे स्वास्थ्य की रक्षा होती है। मगर अंतरीक्ष में यह रक्षा सम्भव नही है। अंतरिक्ष मौसम विशेषज्ञों ने स्पेस टूरिज्म के तेजी से बढ़ते प्रचलन ने नए नियम बनाने की सख्त पैरवी की है। जिससे विकिरण संबंधित खतरे से यह पर्यटन मुक्त हो। सरे स्पेस सेंटर में शोधकर्ता क्रिस रीस के अनुसार अंतरिक्ष पर्यटन विशिष्ट है और तेजी से उद्योग के रूप में विकसित हो रहा है। मगर अंतरिक्ष उड़ानों के दौरान अधिक लोग ब्रह्मांडीय विकिरण के संपर्क से प्रभावित हो सकते हैं।

शून्य ग्रेविटी का एहसास कराता है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म आसमान में उतनी ऊंचाई तक ले जाता है, जहां शून्य ग्रेविटी का एहसास होता है। यह ऊंचाई 100 किमी तक होती है और लगभग आठ मिनट में यात्री इस ऊंचाई तक पहुँच जाते हैं। इस सफर में पृथ्वी को निहारना सुखद एहसास दिलाता है। यह यात्रा करीब डेढ़ घंटे की होती है। मगर इसका परीक्षण कई चरणों मे कई महीने चलता है।

टूरिज्म में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा

अंतरिक्ष पर्यटन में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ने लगी है। जिसमें निजी स्तर पर कुछ देशों की कंपनियां शामिल हैं। इस दौड़ में स्पेस एक्स, वर्जिन गैलेक्टिक व ब्लू ओरिजन सबसे आगे हैं। इन कंपनियों के जरिए अभी तक कई दर्जन यात्री अंतरिक्ष की सैर कर चुके हैं। बड़ी बात यह है कि यह कंपनियां अब चंद्रमा व मंगल ग्रह की सैर कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिसमें स्पेस एक्स का दावा है कि वह सबसे पहले मंगल पर अपने यात्रियों को पहुचाएगा। अंतरिक्ष पर्यटन की बढ़ती मांग को लेकर अमेरिका की निजी कंपनी स्पेस-एक्स सबसे आगे हैं, जो आने वाले कुछ सालों में मंगल की सतह पर कदम रखेगी।

रूस का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, बाल बाल बचे 15 लोग

मॉस्को। रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। इस घटना में रूस ने जानकारी देते हुए कहा कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया।

छह माह बाद आईएसएस से धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्री

केप कैनावेरल, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। अंतरिक्ष यात्रियों का कैप्सूल मंगलवार को अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया।

दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव भी शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोहबेली पर परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है। इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद।